राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 290
लखनऊ, सोमवार 22 जून, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



डीएम का आदेश बेअसर, पीड़िता का तीन दिन तक नहीं कराया गया मेडिकल परीक्षण 10

सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : केशव प्रसाद मौर्य 03

**-: सर्राफा बाजार :-**

गोल्ड 24 कैरेट = 1,46,230/10 ग्राम
22 कैरेट = 1,34,050/10 ग्राम
18 कैरेट = 1,09,710/10 ग्राम
चांदी = 2,50,000/किग्रा



# राष्ट्रपति व प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश भर में योग का उत्सव

- रक्षा मंत्री व सेनाओं ने भी बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

एजेंसी, नई दिल्ली।

देश भर में रविवार को 12वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस बेहद उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। बढ़ती उम्र में योग से रहें निरोग की विशेष थीम के साथ आयोजित इस वैश्विक उत्सव का नेतृत्व देश के शीर्ष नेतृत्व राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अलग-अलग राज्यों में मुख्य समारोहों का नेतृत्व करके किया। इसके साथ ही भारतीय सेनाओं के जवानों, रक्षा मंत्री और देश के विभिन्न राज्यों के नागरिकों ने भी बढ़-चढ़कर योगाभ्यास किया।

मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित गैरीसन मैदान में मुख्य समारोह आयोजित हुआ, जहाँ राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सफेद परिधान में नीले रंग की चटाई पर विभिन्न योग मुद्राएं कर समारोह का नेतृत्व किया।

दूसरी ओर, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में रेड रोड पर हजारों लोगों की मौजूदगी में योग दिवस समारोह को संबोधित किया और योग किया। उन्होंने भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए संतुलित जीवनशैली के महत्व को रेखांकित किया और कहा कि योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि वैश्विक शांति का मार्ग भी प्रशस्त करता है।

पीएम मोदी ने कोलकाता के लोगों को स्वच्छता से स्वागत अभियान के लिए बधाई दी और जोर देकर कहा कि उम्र बढ़ने के साथ हमारी क्षमताएं कम नहीं होनी चाहिए, बल्कि हमें और अधिक लचीला व ऊर्जावान बनना चाहिए। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने अपर शिलांग में भारतीय वायु सेना के एडवांस्ड लैंडिंग ग्राउंड पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया। उन्होंने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील करते हुए कहा कि पीएम मोदी के प्रयासों से भारत की यह प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर आज एक वैश्विक जन-आंदोलन बन चुकी है।

इस बीच, देश की सुरक्षा में तैनात सशस्त्र बलों (थल सेना, नौसेना और वायु सेना) के जवानों ने भी ऊंचाई वाले पर्वतीय इलाकों से लेकर मैदानी क्षेत्रों और समुद्र तटों तक योग सत्रों में हिस्सा लिया।

दिल्ली छावनी के करियप्पा परेड ग्राउंड में करीब 3,500 सैन्यकर्मियों, एनसीसी कैडेटों और स्कूली बच्चों ने एक साथ योग किया। वायु सेना ने उत्तर में लेह की पहाड़ियों से लेकर दक्षिण में कार निकोबार के समुद्र तटों और पूर्व में तवांग से लेकर पश्चिम में द्वारका तक योग सत्र आयोजित किए। कुल मिलाकर, इस वर्ष का योग दिवस यह संदेश देने में सफल रहा कि योग किसी एक दिन या आयु वर्ग तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मानवीय चेतना की अभिव्यक्ति और एक सशक्त राष्ट्र के निर्माण का आधार है।



## प्रधानमंत्री ने स्वदेश निर्मित तीन युद्धपोतों को नौसेना में किया शामिल



कोलकाता प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने यहां श्यामा प्रसाद मुखर्जी बंदरगाह पर स्वदेश निर्मित तीन पोतों को रविवार को नौसेना में शामिल किया। स्वदेश निर्मित प्रथम पंक्ति के इन तीन पोतों– स्टील्थ फ्रिगेट दूनागिरि, बड़े सर्वेक्षण पोत संशोधक और पनडुब्बी रोधी युद्धपोत अग्रय– से समुद्री युद्ध, जल सर्वेक्षण और पनडुब्बी रोधी युद्ध से जुड़ी नौसेना की अभियानगत क्षमताएं बढ़ेंगी। पश्चिम बंगाल के राज्यपाल आर. एन. रवि, मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी और नौसेना प्रमुख एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन समेत कई गणमान्य व्यक्ति पोतों को नौसेना में शामिल किए जाने के समारोह में शामिल हुए। इन पोतों का डिजाइन भारतीय नौसेना के वॉरशिप डिजाइन ब्यूरो ने तैयार किया है और इनका निर्माण कोलकाता स्थित सार्वजनिक क्षेत्र की रक्षा कंपनी गार्डन रीच शिपबिल्डर्स एंड इंजीनियर्स लिमिटेड ने किया है। एक अधिकारी ने बताया कि इन पोतों में 75 प्रतिशत से अधिक स्वदेशी सामग्री का इस्तेमाल किया गया है और इनके निर्माण में 200 से अधिक सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) समेत भारतीय उद्योग ने व्यापक भागीदारी की है।

## योग वैश्विक शांति का मार्ग प्रशस्त कर सकता है, हर आयु वर्ग को इसे अपनाना चाहिए : पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को कहा कि योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है बल्कि वैश्विक शांति का मार्ग प्रशस्त करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है और इसे हर आयु वर्ग के लोगों को अपनाना चाहिए। मोदी ने मध्य कोलकाता के रेड रोड पर हजारों लोगों की मौजूदगी में आयोजित 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस समारोह को संबोधित करते हुए योग से मिलने वाली संतुलित जीवनशैली के महत्व को रेखांकित किया। उन्होंने हर आयु वर्ग के लोगों से योग को अपनाने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने भगवद्गीता का उल्लेख करते हुए कहा कि काम, खानपान और नींद में संतुलन दुखों को दूर करने की कुंजी है तथा योग लोगों को यह संतुलन हासिल करने का मार्ग दिखा सकता है। मोदी ने कहा, यही संतुलन जीवन की तरह योग का भी मूल आधार है। उन्होंने कहा, आधुनिक जीवनशैली में अधिकतर लोग इस संतुलन को बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। योग हमें संतुलित ढंग से जीने की कला सिखाता है। यह हमें बताता है कि क्या करना चाहिए और क्या नहीं। जब हम अपने शरीर का सही तरीके से संचालन करना सीख जाते हैं तो स्वस्थ रहना हमारी आदत बन जाता है। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि योग केवल शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित नहीं करता बल्कि मानसिक स्वास्थ्य के जरिये शारीरिक रूप से स्वस्थ रहने का मार्ग भी दिखाता है। उन्होंने कहा, क्या करना चाहिए और क्या नहीं, इसकी चेतना न केवल मन को शांति देती है बल्कि वैश्विक शांति का मार्ग भी प्रशस्त करती है।

## संक्षिप्त समाचार

### केदारनाथ में एक दिन में 7,484 श्रद्धालुओं ने किए दर्शन, अब तक 12.94 लाख कर चुके दर्शन

**रुद्रप्रयाग।** उत्तराखंड के चार धामों में प्रमुख स्थल केदारनाथ धाम में लगातार बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है। जिला प्रशासन के अनुसार केदारनाथ में अब तक कुल 12,94,763 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। जिले के यात्रा कंट्रोल रूम के अनुसार 20 जून सायं 5 बजे से 21 जून सायं 5 बजे तक 7,484 श्रद्धालुओं ने बाबा केदार के दर्शन किए। दैनिक दर्शनार्थियों में 4,179 पुरुष, 3,213 महिलाएं और 92 बच्चे शामिल रहे। इस अवधि में कोई भी विदेशी श्रद्धालु दर्शन के लिए दर्ज नहीं किया गया। कंट्रोल रूम के अनुसार इस वर्ष अब तक केदारनाथ में अब तक कुल 12,94,763 श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। यात्रा सीजन के दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की संभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने व्यापक व्यवस्थाएं की है। श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए भी प्रबंध किए हैं।

### गंगा घाट पर नहाते समय डूबने से तीन बच्चों की मौत

**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के शाहपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत दियारा इलाके के हेतनपुर गंगा घाट पर रविवार को तीन बच्चों की गंगा नदी में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतकों की पहचान हेतनपुर निवासी धर्मवीर राय के 10 वर्षीय पुत्र पीयूष कुमार, सत्येंद्र राय के 11 वर्षीय पुत्र तेज कुमार तथा अमिताभ बच्चन के सात वर्षीय पुत्र प्रिंस कुमार के रूप में की गई है। तीनों बच्चे आपस में मित्र थे और छुट्टी के दिन स्नान करने के लिए घाट पहुंचे थे।

### अररिया के चंदन भदानी ने फतह किया दुर्गम श्रीखंड कैलाश



**अररिया।** बिहार के अररिया जिले के फारबिसगंज निवासी चंदन भदानी ने देश के सबसे कठिन और दुर्गम पर्वतीय ट्रेकों में शामिल श्रीखंड कैलाश की सफल चढ़ाई कर एक उल्लेखनीय उपलब्धि अपने नाम की है। समुद्र तल से लगभग 18,572 फीट की ऊंचाई पर स्थित इस पवित्र शिखर तक पहुंचकर उन्होंने न केवल अपनी साहसिक क्षमता का परिचय दिया, बल्कि पूरे अररिया जिले का नाम भी गौरवान्वित किया है। कन्हैयालाल भदानी और सरस्वती भदानी के पुत्र चंदन भादानी ने पांच रात और छह दिन की कठिन यात्रा पूरी कर हिमाचल प्रदेश स्थित श्रीखंड कैलाश शिखर तक पहुंचने का लक्ष्य हासिल किया। इस दौरान उन्होंने बर्फीले ग्लेशियरों, दुर्गम पहाड़ी रास्तों, खड़ी चट्टानों और कम ऑक्सीजन जैसी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना किया।

# बुंदेलखंड में बन रही तोप से थर्रा रहे दुश्मन : योगी

महोबा, समृद्धि न्यूज।



- मुख्यमंत्री ने 697 करोड़ की 88 परियोजनाओं की दी सौगात
- गोरखगिर को एडवेंचर टूरिज्म के रूप में किया जाए विकसित बुंदेलखंड में ऊर्जा की अपार संभावनाएं

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आल्हा ऊदल की नगरी वीर भूमि पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाथ संप्रदाय के योगी गुरु गोरखनाथ की तपोस्थली पहुंचकर नमन किया। शिवतांडव में योगी ने पूजा अर्चना करते हुए कहा कि गुरु गोरखनाथ की तपोस्थलीय को पर्यटन का नया केंद्र बनाया जा रहा है। वीर भूमि की लोक विधाओं का संरक्षण किया जा रहा है। पूर्व की सरकारों पर जमकर निशाना साधते हुए कहा कि पहले उत्सव के पूर्व माफिया उपद्रव मचाते थे मगर अब महिलाएं और बेटियां सुरक्षित है। बुंदेलखंड से तोप का निर्माण हो रहा है जिसकी गर्जना से दुश्मन कांप रहे है। बुंदेलखंड में ऊर्जा का अपार भंडार है। सरकार ने बुंदेलखंड के विकास को गति देकर नई पहचान दिलाने का काम किया है।

रविवार को मुख्यमंत्री झांसी के बाद अपने निर्धारित समय से लगभग 15 मिनट देरी से पहुंचे। सीएम ने पुलिस लाइन पहुंचनें के बाद शिव तांडप पहुंचे जहां पर पूजा अर्चना की बाद में गोरखगिरि में चल रहे निर्माण कार्यो की जानकारी हासिल की। सरकार के द्वारा गोरखगिरि में 13 करोड़ की लागत से सुंदरीकरण का काम कराया जा रहा है। गोरखगिरि के बाद सीएम मोदी ग्राउंड में आयोजित सभा स्थल में पहुंचें और जनता का अभिभावन किया। मुख्यमंत्री ने 697 करोड़ की 88 परियोजनाओं का शिलान्यांस और लोकार्पण बटन दबाकर किया। कहा कि इन परियोजनाओं से वीर भूमि को विकास की रफ्तार मिलेगी। सीएम ने कहा कि लगभग 12 साल बाद गुरु गोरखगिरि की तपोस्थली में जाकर भगवान शिव की आराधना और गुरु गोरखनाथ की गुफा के दर्शन करने का मौका मिला जो सौभाग्य की बात है। गोरखगिरि के बारे में कार्ययोजना तैयार कराने के लिए सदर विधायक पंडित राकेश गोस्वामी और पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल के प्रयासों को सराहा। कहा कि गोरखगिरि को एडवेंचर टूरिज्म केंद्र के रूप में विकसित करने का काम किया जाएगा।

बुंदेलखंड की वीर भूमि ने वीरों के साथ वीरांगनाओं को दिया। सीएम बनने के बाद वह सबसे पहले बुंदेलखंड झांसी आए थे।वीर भूमि वीरता के लिए प्रसिद्ध रहा है। वीर आल्हा ऊदल की इस नगरी में देशावरी पान पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। सरकार ने देशावरी पान को जीआई टैग देने का काम किया है। महोबा का देशावरी पान पूरे विश्व में नहीं है। इस मौके पर जिले के प्रभारी मंत्री मनोहर लाल उर्फ मन्नू कोरी, जिला प्रभारी संजीव श्रंगऋषि, जिलाध्यक्ष मोहन लाल कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष जेपी अनुरागी, सदर विधायक पंडित राकेश गोस्वामी, एमएलसी जितेंद्र सिंह सेंगर, कुलपहाड़ चेयरमैन वैभव अरजरिया, पूर्व सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल, पूर्व सांसद गंगाचरण राजपूत, खरेला नगर पंचायत चेयरमैन संतोष सिंह, हमीरपुर जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन चक्रपाणि त्रिपाठी, डीएम गजल भारद्वाज, पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह सहित अन्य अधिकारी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व की सरकारों में बुंदेलखंड की महिलाएं पानी के लिए सिर में घड़ा लेकर परेशान रहती थी। इन बहनों और माताओं का जीवन घड़ा उठाने में ही निकल गया मगर सरकार ने हर घर जल योजना के जरिए पानी की समस्या का निस्तारण किया है।

घर-घर शुद्ध पानी पहुंच रहा है। इस व्यवस्था को लंबे समय तक जारी रखना सभी का दायित्व है। सदर विधायक पंडित राकेश गोस्वामी ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार के लिए एम्स की मांग उठाई। नीति आयोग में बुंदेलखंड में एम्स का समर्थन करने पर सीएम का आभार जताते हुए कहा कि वीर भूमि बुंदेलखंड के मध्य में स्थित होने के कारण बुंदेलखंड का हृदय है ऐसे में महोबा में एम्स हो तो यहां के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ मिल सके। बुंदेलखंड के विकास के लिए कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए एक्सप्रेस वे और युवाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए औद्योगिक गलियारा की पहल की सराहना करते हुए बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे में खरेला के पास कट की मांग उठाई। कहा कि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे से चरखारी क्षेत्र के लोगों को यात्रा करने का मौका मिल सकेगा।

### अखाड़ा में तैयार किए जाएं पहलवान

वीर भूमि को पर्यटन का हब बनाने के लिए गोरखगिरि के विकास पर जोर देते हुए कहा कि यहां होटल आदि का निर्माण कराया जाएं जिससे देश विदेश से आने वाले पर्यटक यहां के वैभवशाली इतिहास की झलक देख सकें। अखाड़ा का निर्माण हो जिसमें युवाओं को कुश्ती के लिए तैयार किया जाएं। सीएम ने पूर्व की सरकारों को बुंदेलखंड के विकास में बाधा बताते हुए कहा कि केन बेतवा लिंक परियोजना, अर्जुन सहायक परियोजनाओं से बुंदेलखंड का किसान खुशहाल हो रहा है। अर्जुन सहायक परियोजना वर्षो पहले तैयार कराई गई थी मगर पूर्व की सरकारों ने इस परियोजना को सफल नहीं होने दिया। भाजपा सरकार ने इस परियोजना को गति देने का काम किया। परियोजनाओं में भूमि अधिग्रहण के बाद मुआवजा के लिए परेशान किसानों के मुआवजा दिलाने का काम किया गया। अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए कि अगर अन्नदाता परेशान हुआ तो खैर नहीं है। इस मौके पर सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को डेमो चेक वितरित किए।

### बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मेडिकल कॉलेज जरुरी

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वीर भूमि में बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मेडिकल कॉलेज को जरुरी बताते हुए कहा कि लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मेडिकल कॉलेज होना चाहिए। कहा कि योजनाओं की सफलता के लिए सुरक्षा पहली प्राथमिकता है। भाजपा की डबल इंजन की सरकार विकास को लेकर गंभीर है। पूर्व की सरकारों में लोगों ने नकारात्मक सोच के साथ कार्य किए जिससे बुंदेलखंड का बदनाम किया गया। बीमार मानसिकता से किए गए कार्यो ने प्रदेश को डुबोने का काम किया। मगर भाजपा सरकार बुंदेलखंड में सबसे बड़ा औद्योगिक शहर बीडा बनाने जा रही है। गरीबों को राशन, आवास, रोजगार सहित अन्य योजनाओं की सौगात दी जा रही है। सरकार ने बुंदेलखंड एक्सप्रेस की सौगात दी। प्रदेश की बनी ब्रम्होस मिसाइल से ऑपरेशन सिंदूर में पाकिस्तान धर्रा गया और मदद की भीख मांगने लगा।

# भारत के आंतरिक मामलों में पाकिस्तान को बोलने का अधिकार नहीं : विदेश मंत्रालय

एजेंसी, नई दिल्ली।



विदेश मंत्रालय ने पाकिस्तान के राष्ट्रपति की टिप्पणी को भारत के आंतरिक मामलों में अनावश्यक हस्तक्षेप करार देते हुए कहा है कि जिस देश का खुद का मानव अधिकार का रिकॉर्ड खराब है उसे दूसरों को उपदेश नहीं देना चाहिए।

विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भारत में मुस्लिम धार्मिक स्थलों को लेकर की गयी पाकिस्तान के राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी की टिप्पणी पर शनिवार देर रात सख्त प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उसे सिरे से खारिज कर दिया।

श्री जायसवाल ने कहा कि भारत पाकिस्तान के राष्ट्रपति द्वारा की गयी अनावश्यक टिप्पणियों को स्पष्ट रूप से अस्वीकार करता है। किसी भी स्थिति में भारत के आंतरिक मामलों पर टिप्पणी करने का उन्हें कोई अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा कि ये टिप्पणियाँ विशेष रूप से हास्यास्पद हैं, क्योंकि मानवाधिकारों के मामले में पाकिस्तान का अपना रिकॉर्ड अत्यंत खराब रहा है, जो वैश्विक स्तर पर चर्चा का विषय है। विभिन्न धर्मों के अल्पसंख्यकों को व्यवस्थित रूप से निशाना बनाने और उनका उत्पीड़न करने का पाकिस्तान का लंबा इतिहास है। उन्होंने कहा कि इस वास्तविकता को देखते हुए पाकिस्तान के राष्ट्रपति की टिप्पणियों को केवल एक सुनियोजित राजनीतिक हमले के रूप में ही देखा जा सकता है, जो पाकिस्तान की कट्टरता और घृणा पर आधारित राष्ट्रीय नीतियों से प्रेरित है।

### सीजेपी का जंतर मंतर पर प्रदर्शन दूसरे दिन भी जारी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सोशल मीडिया अभियान कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) का दूसरे दिन भी दिल्ली के जंतर मंतर पर प्रदर्शन जारी रहा। सीजेपी का कहना है कि वह रविवार रात को भी अपना प्रदर्शन जारी रखेगी। अभियान के प्रमुख अभिजीत दिपके लगातार लोगों से उनके अभियान से जुड़ने की अपील कर रहे हैं। उनकी मांग है कि शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को इस्तीफा देना चाहिए। रविवार को दिपके ने दिल्ली से सटे राज्यों के लोगों से जंतर-मंतर पर किए जा रहे प्रदर्शन में शामिल होने का आह्वान किया है। कॉकरोच जनता पार्टी के प्रमुख अभिजीत दिपके ने एक्स पर जारी वीडियो में कहा कि नाव ऑर नेवर (अब नहीं तो कभी नहीं)। अगर आज आप लोग घरों से बाहर नहीं निकले, तो सिस्टम को बदलने और जवाबदेही लाने की जो उम्मीद इस देश में जगी है, वह हमेशा के लिए मर जाएगी। इस उम्मीद को बचाए रखना केवल हमारी नहीं, बल्कि वीडियो देख रहे हर नागरिक की जिम्मेदारी है। सीजेपी प्रमुख ने कहा कि पुलिस किसी को रोक नहीं रही है, सभी को अंदर आने दिया जा रहा है।

# नीट यूजी री-एग्जाम 2026 कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश के 59 जिलों में राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी री-एग्जाम 2026) कड़ी सुरक्षा के बीच सम्पन्न हुई। अभी तक कही से भी कोई शिकायत नहीं मिली है। वहीं परीक्षा देकर निकले अभ्यर्थियों का कहना था कि वह दोबारा परीक्षा दे रहे हैं इस बार उन्हें सफलता मिलेगी। पिछली बार परीक्षा लीक हो गया था, जिससे उन्हें काफी मायूस होना पड़ा था और मनोबल टूट गया था।

प्रदेश की राजधानी लखनऊ में 72 केंद्रों पर नीट यूजी का री–एग्जाम हुआ है। परीक्षा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के कड़ें बंदोबस्त रहे। एक–एक अभर्थियों की सघन चेकिंग के बाद परीक्षा केंद्र पर प्रवेश दिया गया। जिलाधिकारी विशाख जी और ज्वाइंट



सीपी बबलू कुमार ने कई परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।

गोमतीनगर स्थित केंद्रीय विद्यालय में गलत परीक्षा केंद्र पर पहुंची छात्रा को पुलिस कर्मियों ने उसके सेंटर बालिका इंटर गवर्नमेंट कॉलेज में पहुंचाया गया। देवरिया जिले के 14 परीक्षा केंद्रों पर कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच परीक्षा शुरू हुई। परीक्षा में 5702 अभ्यर्थी शामिल हो रहे हैं। सभी केंद्रों पर करीब 300 पुलिसकर्मी तैनात किए गए हैं। एसओजी और एसटीएफ की टीमें भी लगातार निगरानी में जुटी हैं। वहीं प्रत्येक केंद्र पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट की तैनाती कर परीक्षा व्यवस्था पर पैनी नजर रखी जा रही है। जौनपुर जिले में बनाए गए 17 केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो रही है। परीक्षा में कुल 8905 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बरेली जिले में नीट परीक्षा के लिए 24 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। मेरठ के कुल 15 परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा आयोजित की जा रही है। मुरादाबाद जिले में 22 परीक्षा केंद्रों पर लगभग 10,600 अभ्यर्थी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि देश की सबसे बड़ी नीट-यूजी 2026 परीक्षा को पूरी तरह पारदर्शी, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त निर्देश दिए थे। इसके बाद राज्य की पुलिस ने कमर कस ली है और पूरे प्रदेश के परीक्षा केंद्रों पर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी।

# भाषण के दौरान नारेबाजी पर भड़के मल्लिकार्जुन खरगे कांग्रेस कार्यकर्ताओं को बता दिया यूजलेस फेलोज

एजेंसी, बेंगलुरु।

कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के नवनियुक्त अध्यक्ष बीके हरिप्रसाद के पदभार ग्रहण समारोह के दौरान कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कार्यकर्ताओं की नारेबाजी पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कार्यक्रम के दौरान लगातार नारेबाजी से असंतुष्ट खरगे ने कुछ कार्यकर्ताओं को फटकार लगाते हुए उन्हें यूज़लेस फेलोज तक कह दिया।

बेंगलुरु के पैलेस ग्राउंड पर आयोजित समारोह में खरगे मंच से संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान कुछ कार्यकर्ता और मुख्यमंत्री डीके शिवकुमार के समर्थक लगातार डीकेशी, डीकेशी के नारे लगा रहे थे।



बताया जाता है कि स्वयं डीके शिवकुमार ने भी कार्यकर्ताओं से शांत रहने की अपील की, लेकिन नारेबाजी जारी रही। अपने संबोधन में लगातार बाधा पड़ने से खरगे ने नाराजगी जताई। खरगे ने कहा कि यहां इस तरह चिल्लाने से देश आपके हाथ में नहीं आ जाएगा। यूज़लेस फेलोज। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह किसी एक व्यक्ति का कार्यक्रम नहीं, बल्कि कांग्रेस पार्टी का कार्यक्रम है। खरगे ने कहा कि यह पार्टी को एकजुट करने का कार्यक्रम है। केवल एक नेता के नाम के नारे लगाने से क्या बाकी नेता यहां कूड़ा उठाने आए हैं? उन्होंने कार्यकर्ताओं को अनुशासन बनाए रखने की नसीहत देते हुए कहा कि कांग्रेस में व्यक्ति पूजा के लिए कोई स्थान नहीं है और पार्टी किसी भी व्यक्ति से बड़ी है। उन्होंने कहा कि चाहे कोई नेता कितना भी बड़ा क्यों न हो, संगठन सर्वोपरि है। कांग्रेस पार्टी ने ही नेताओं को पहचान और ताकत दी है, इसलिए संगठन और अनुशासन को बनाए रखना सभी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है। खरगे ने चेतावनी देते हुए कहा कि कार्यक्रम के दौरान अनुशासनहीनता करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।

# सीफूड फैक्ट्री में अमोनिया गैस लीक, सात महिलाओं समेत 10 मजदूरों की मौत

एजेंसी, चेन्नई।

- तमिलनाडु सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा



पेरियापालयम के पास स्थित एक फैक्टरी में अमोनिया गैस रिसाव होने से सात महिलाओं समेत 10 मजदूरों की मौत हो गई है। महिलाओं की मौत पहले ही हो गई, लेकिन चेन्नई के स्टेनली अस्पताल में तीन और मजदूरों की मौत होने से अब इस हादसे में मरने वालों की संख्या 10 हो गई है। तमिलनाडु सरकार की ओर से मृतकों के परिजनों को 2 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की गई है। साथ ही अस्पतालों में भर्ती कर्मचारियों के इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया है।

तिरुवल्लूर जिले के पेरियापालयम के पास एक झींगा प्रसंस्करण (श्रिम्प प्रोसेसिंग) फैक्ट्री संचालित हो रही है। इसमें बड़ी संख्या में श्रमिक कार्यरत हैं। इसी दौरान 21 जून की सुबह जब श्रमिक काम कर रहे थे, तभी अचानक अमोनिया गैस का रिसाव हो गया। इसके कारण कई श्रमिकों को सांस लेने में तकलीफ होने लगी। अमोनिया गैस रिसाव से प्रभावित होकर 7 महिलाओं की मौत हो गई। इसके बाद अमोनिया गैस रिसाव के कारण 45 से अधिक श्रमिक बेहोश हो गए। उन्हें तत्काल बचाकर मंजंगरनै क्षेत्र के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया।

जिला कलेक्टर एस. कविता ने बताया कि 46 मरीजों को वेल्स हॉस्पिटल और 21 मरीजों को वेंकटेश्वरा हॉस्पिटल में एडमिट करवाया गया है। इनमें से नौ गंभीर मरीजों को बेहतर उपचार के लिए एम्बुलेंस के जरिए चेन्नई के सरकारी स्टेनली मेडिकल कॉलेज अस्पताल भेजा गया है।

बेहोश हुए कुछ लोगों के मुंह और नाक से खून भी बह रहा था। अस्पताल में उपचार के दौरान 2 श्रमिकों सहित कुल 3 लोगों की मौत हो गई। वर्तमान में कुछ लोग चेन्नई के स्टेनली अस्पताल में भी उपचार प्राप्त कर रहे हैं।

तमिलनाडु के राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि इस दुखद घटना में अपने प्रियजनों को खोने वाले परिवारों के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। इस कठिन समय में उन्हें आवश्यक मानसिक शक्ति और साहस प्राप्त हो, इसके लिए मैं प्रार्थना करता हूं। साथ ही उपचाराधीन सभी घायलों के शीघ्र स्वस्थ होकर पूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करने की भी मैं कामना करता हूं।

इस आपात स्थिति की सूचना तत्काल अरक्कोनम स्थित राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) के मुख्यालय को दी गई। चेन्नई से 30 सदस्यीय राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया दल, व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण, गैस का पता लगाने वाले यंत्र तथा विशेष बचाव उपकरणों के साथ घटनास्थल पर पहुंचा और बचाव एवं रोकथाम संबंधी कार्य शुरू किए। वहां राहत एवं बचाव कार्य लगातार जारी है। इस घटना से पूरे क्षेत्र में भारी सनसनी फैल गई है। इस बीच, अमोनिया गैस रिसाव से प्रभावित होकर वेल्स अस्पताल में उपचार प्राप्त कर रहे लोगों से मंत्री कुमार ने मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी।

# 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर योगमय हुई राजधानी

- योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनायें : पंकज चौधरी
- भाजपा ने प्रदेशभर में मंडल स्तर पर किया योग कार्यक्रमों का आयोजन



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय जनता पार्टी ने विश्व योग दिवस पर प्रदेश भर में योग कार्यक्रमों का आयोजन कर योग से निरोग का संदेश दिया। विश्व योग दिवस पर रविवार को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष पंकज चौधरी ने महाराजगंज में पार्टी के पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं तथा स्थानीय नागरिकों के साथ योग किया। पार्टी के राष्ट्रीय महामंत्री अरूण सिंह ने हापुड़, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने प्रयागराज, ब्रजेश पाठक ने लखनऊ तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के राजाजीपुरम् में विश्व योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर योग किया और जनमानस को योग से जुड़कर स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के साथ विकसित भारत के लक्ष्य में सहभागी बनने का आह्वान किया। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने महराजगंज में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि शरीर, मन और आत्मा को एक सूत्र में पिरोने का विज्ञान है। योग केवल शारीरिक स्वास्थ का माध्यम नहीं बल्कि मानसिक संतुलन, आत्मिक शांति एवं सकारात्मक जीवनशैली का आधार भी है। हम सभी आज के दिन संकल्प लें कि योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनायेंगे और एक स्वस्थ, ऊर्जावान एवं सकारात्मक राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान देंगे। उन्होंने कहा कि सर्वे सन्तु निरामयाः का लोककल्याणकारी विचार भारतीय संस्कृति का विश्व को उपहार है और योग दर्शन उस विचार के मूल में है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने अपने प्रयासों से लोककल्याणकारी योग को लोकव्यापी बनाने का काम किया और उन्हीं प्रयासों के फलस्वरूप भारत का योग विश्व का योग बन गया है।

### योग भारतीय जीवन दर्शन का अमूल्य उपहार : धर्मपाल सिंह

प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के राजाजीपुरम में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्र के सम्मानित नागरिकों के साथ योग किया। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति, आध्यात्मिकता और जीवन दर्शन का अमूल्य उपहार है, जो शरीर, मन और आत्मा के मध्य संतुलन स्थापित करने का कार्य करता है। आज विश्व के करोड़ों लोग योग को अपनी जीवनशैली का हिस्सा बनाकर स्वस्थ एवं सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर हैं। उन्होंने कहा कि योग न केवल व्यक्तिगत स्वास्थ का आधार है बल्कि एक सशक्त, स्वस्थ और आत्मनिर्भर राष्ट्र के निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। हम सभी नियमित योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाकर स्वस्थ भारत और सशक्त भारत के निर्माण में योगदान दें। योग से निरोग, योग से समृद्धि और योग से विकसित भारत का संकल्प साकार करने में अपना योगदान दें। प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि विश्व योग दिवस पर केन्द्र सरकार में मंत्री एस.पी. सिंह बघेल ने आगरा, जयंत चौधरी ने मेरठ, हरदीप पुरी ने सोनभद्र तथा बीएल वर्मा ने लखनऊ में योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रमों में सम्मिलित होकर योग किया। मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि पार्टी ने विश्व योग दिवस पर मंडल स्तर पर योग शिविरों का आयोजन किया। योग शिविरों में प्रदेश सरकार के मंत्री, पार्टी के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्ति केंद्र तथा बूथ के पदाधिकारी, सांसद, विधायक, नगर निगम के महापौर व सदस्य, नगर पालिका, नगर पंचायत अध्यक्ष व सदस्य, आयोग, बोर्ड, निगम के अध्यक्ष व पार्टी के नेता तथा कार्यकर्ता स्थानीय नागरिकों के साथ विश्व योग दिवस के कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए।

# पानी की एक भी बूंद व्यर्थ न जाए, जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाएं : योगी

- सीएम ने की मॉनसून, पेयजल एवं भूजल संरक्षण की समीक्षा



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने का आह्वान करते हुए कहा है कि मौसम की अनिश्चितता और मानसून की संभावित अनियमितता को देखते हुए प्रत्येक प्रदेशवासी को जल संचयन एवं जल संरक्षण के प्रयासों से जुड़ना होगा। उन्होंने कहा कि पानी की एक भी बूंद व्यर्थ नहीं जानी चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर संचालित 'कैच द रेन' अभियान को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित किया जाए तथा वर्षाजल संचयन को व्यापक जनभागीदारी से जोड़ा जाए।

रविवार को मौसम की स्थिति, मानसून की प्रगति, पेयजल आपूर्ति तथा भूजल संरक्षण से संबंधित कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रदेश के किसी भी क्षेत्र में पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। जलापूर्ति व्यवस्था निर्बाध एवं सुचारु बनी रहे तथा नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि संभावित कम वर्षा की परिस्थितियों को देखते हुए सभी विभाग अग्रिम तैयारियां सुनिश्चित करें।

बैठक में मौसम विशेषज्ञों ने बताया कि भारत मौसम विज्ञान विभाग के दीर्घावधि पूर्वानुमान के अनुसार वर्ष 2026 के दक्षिण-पश्चिम मानसून के दौरान उत्तर प्रदेश में सामान्य से कम वर्षा होने की संभावना है। पूर्वी एवं पश्चिमी उत्तर प्रदेश दोनों क्षेत्रों में जून से सितंबर तक वर्षा सामान्य से कम रहने के संकेत प्राप्त हुए हैं। जून माह में भी प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में सामान्य से कम वर्षा तथा अधिकतम एवं न्यूनतम तापमान सामान्य से अधिक रहने का अनुमान व्यक्त किया गया है। मुख्यमंत्री ने सिंचाई, पंचायती राज, भूगर्भ जल विभाग, नमामि गंगे, राजस्व तथा कृषि विभाग को मिलकर एक समेकित कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जल संरक्षण के प्रयास केवल विभागीय कार्यक्रमों तक सीमित न रहें, बल्कि उन्हें जनसहभागिता से जोड़ा जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि तालाबों और पोखरों में गांवों का गंदा पानी न जाने पाए। मुख्यमंत्री ने पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्रों में ऐसी व्यवस्था विकसित की जाए जिससे पानी की एक भी बूंद व्यर्थ न जाए। उन्होंने अमृत सरोवरों के संरक्षण, स्वच्छता तथा नियमित रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। मुख्यमंत्री ने वर्षाजल संचयन को मिशन मोड में आगे बढ़ाने पर बल देते हुए कहा कि सरकारी भवनों को जल संरक्षण का आदर्श मॉडल बनाया जाए। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि आगामी वर्षों की कार्ययोजना को जल संरक्षण, हरित ऊर्जा तथा आधुनिक सिंचाई तकनीकों से जोड़ा जाए। उन्होंने मौसम विभाग से मानसून की साप्ताहिक रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध कराने की अपेक्षा भी व्यक्त की। बैठक में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा तथा पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर भी उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### श्रीराम मंदिर चंदा चोरी के खिलाफ आप का प्रदर्शन चंपत राय के खिलाफ एफआईआर की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी ने अयोध्या के श्रीराम मंदिर चंदा चोरी मामले को लेकर आज लखनऊ में विरोध प्रदर्शन किया। कैसरबाग स्थित स्वास्थ्य भवन चौराहे पर आप कार्यकर्ता जुटे। चंदा चोरों, गद्दी छोड़ों का बैनर लेकर कलेक्ट्रेट की तरफसे नारेबाजी करते हुए हजरतगंज की तरफबढ़े। पुलिस ने उन्हें रोक लिया। पार्टी के जिला सचिव ज्ञान सिंह ने कहा कि योगी सरकार राम मंदिर चंदा चोरी को स्वीकार नहीं कर रही है। हमारे नेता राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने कई बार प्रमाण के साथ दिखाया किस तरह से चोरी हुई है। करोड़ों की जमीन का घपला हुआ है। पेटियों से कितना रुपया गायब हुआ है, इसका कोई ठीक से हिसाब नहीं है। सीसीटीवी कैमरा से फोटो वीडियो डिलीट करके साक्ष्य को मिटाने की कोशिश की गई है। ज्ञान सिंह ने कहा पूरा ट्रस्ट घपलेबाज और भ्रष्ट है। सभी लोगों के ऊपर कार्रवाई होनी चाहिए। किसी एक व्यक्ति पर कार्रवाई न करके तत्काल पूरे ट्रस्ट को बदल देना चाहिए। कम से कम 14000 करोड़ रुपए की चोरी हुई है। देश-विदेश से राम भक्त अपनी गाढ़ी कमाई भेजते हैं। न जाने कितना गुप्त दान आया, जिसका कोई पता नहीं। इस ट्रस्ट को तत्काल भंग करके नए ट्रस्ट का गठन हो और जितने आरोपी हैं उनके खिलाफमुकदमा दर्ज हो। एफआईआर इसलिए नहीं हो रही है कि क्योंकि उन के लोग आरोपी है। आम आदमी पार्टी के नेता प्रतिपाल सिंह ने कहा कि राम मंदिर चोरी के खिलाफहम लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। हमारी पार्टी सभी जनपदों से 420 रुपए का चंदा जमा करके चंपत राय को भेजेगी। करोड़ों लोगों की आस्था मंदिर में है। चोरी की घटना बेहद शर्मनाक है। हम 420 जमा करके चंपत राय को भेज रहे हैं। उनको बताना चाहते हैं कि वह चोरी ना करें। चंदा करने के बाद हम लोग 420 रुपए का डीडी बनवाकर चंपत राय के नाम पर भेजेंगे। उन्होंने कहा कि इस एसआईटी पर भरोसा नहीं है। सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज से जांच कराई जाए।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के तालाब में उतराता मिला अज्ञात बुजुर्ग का शव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** मलिहाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर स्थित बड़े तालाब में रविवार को एक अज्ञात बुजुर्ग का शव मिला। इस घटना से क्षेत्र में लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रत्यक्षदर्शियों ने तालाब में एक शव उतराता देखा, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचना दी। मृतक की आयु लगभग 80 वर्ष बताई जा रही है। उन्होंने सफेद कुर्ता और धोती पहन रखी थी। पुलिस ने शव को तालाब से बाहर निकाला और उसकी पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन खबर लिखे जाने तक शिनाख्त नहीं हो पाई थी। पुलिस का प्रारंभिक अनुमान है कि बुजुर्ग की मौत तालाब में डूबने से हुई है। हालांकि, मौत के सही कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही होगा। पुलिस मृतक की पहचान के लिए आसपास के गांवों और थानों में गुमशुदा व्यक्तियों के बारे में जानकारी एकत्र कर रही है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच जारी है। पुलिस ने आम जनता से अपील की है कि यदि किसी को मृतक के संबंध में कोई जानकारी हो, तो वे तत्काल पुलिस को सूचित करें ताकि उसकी पहचान कर परिजनों तक सूचना पहुंचाई जा सके।

### जानलेवा हमला करने वाले फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी ने गुडम्बा थानान्तर्गत ग्राम पैकरामऊ में भूमि विवाद को लेकर हुयी जानलेवा मारपीट के मामले में फरार आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। श्री त्रिवेदी ने इस मामले में बीते दिनों खेतिहर भूमि को जोतते समय हिन्दू मालिक पर पत्थरबाजी और जानलेवा मारपीट का मामला सामने आया था। जिसमें दर्ज मामले में मुख्य आरोपी फुरकान को जेल भेज दिया गया, जबकि अन्य फरार आरोपियों की तलाश की जा रही है। वही पत्थरबाजी की वायरल वीडियो में मो. फहद पुत्र मुजीब बेहटा, मो. अहद पुत्र मुजीब निवासी बेहटा, करीब पुत्र राजू निवासी बेहटा, मो. नदीम पुत्र उस्मान बेहटा, बिलाल हमजा पुत्र हबीव, मो. अरमान पुत्र उस्मान बेहटा की पहचान वीडियो से हुई है। श्री त्रिवेदी ने कहा कि फरार अन्य आरोपियों को जल्द गिरफ्तारी न हुई तो वह लोग किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकते है, ऐसे में पुलिस प्रशासन जल्द से जल्द फरार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजे अन्यथा अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा गिरफ्तारी की मांग को लेकर सड़कों पर उतरने के लिए बाध्य होगी। मालूम हो कि गुडम्बा थानान्तर्गत पैकरामऊ के खेतिहर भूमि खसरा संख्या 487 पर दुल्लीचन्द अपने पुत्र आदि के साथ बीते 14 जून को जुतायी करने गये थे, कि तभी मुख्य आरोपी फुरकान के इशारे पर उनके परिवार की महिलाओं ने पत्थरबाजी की और 19 जून को दोपहर लगभग दो बजे जुतायी के दौरान फुरकान अली, फरहान अली, शान मोहम्मद, दीपक लोधी, आमिर हमजा, धर्मेन्द्र सहित 10-15 लोगों के साथ मिलकर लाठी-डण्डों व ईटों से मारपीट की जिससे पीड़ित का बेटा विपिन गुप्ता व उसका मित्र अरूण वर्मा बुरी तरह घायल हो गये थे।

# सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध : केशव प्रसाद मौर्य

- खिलाड़ियों के लिए डबल इंजन सरकार का खजाना खुला है : डिप्टी सीएम
- अखिलेश व उनका परिवार राम द्रोही : केशव प्रसाद मौर्य



**प्रयागराज, समृद्धि न्यूज।**

अपने दो दिवसीय प्रवास के अंतिम दिन रविवार को लखनऊ रवाना होने से पूर्व जनपद के एक होटल में खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों एवं खेल से संबंधित पदाधिकारियों से संवाद कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने खिलाड़ियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि ओलम्पिक में पदक जीतने वाला प्रयागराज से निकले, ऐसी कामना है। सरकार खेलों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के खेलों की सूची में प्रयागराज का नाम होना चाहिए। सरकार खिलाड़ियों के सहयोग के लिए तैयार है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश व प्रयागराज का नाम हो, इसका प्रयास होना चाहिए। क्रिकेट से लेकर बैडमिंटन, जिम्नास्टिक, शतरंज तैराकी जैसे कई खेलों में प्रयागराज की प्रतिभाओं ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है।

बेटियों ने भी इतिहास रचने का काम किया है खेल के क्षेत्र में। खुशबू निषाद इसका उदाहरण है। बच्चों के अंदर अभूतपूर्व प्रतिभा होती है। अभिभावकों को चाहिए कि वे उनकी प्रतिभाओं को निखरने का अवसर दें। छोटे-छोटे देश खेल के क्षेत्र में अच्छा कर रहे हैं तो हम क्यों नहीं कर सकते। खेल के प्रति जुनून होना चाहिए।

संवाद के दौरान विभिन्न खिलाड़ियों ने डिप्टी सीएम के सामने शहर में खिलाड़ियों के रहने की उचित व्यवस्था की मांग रखी। इस पर उन्होंने कहा कि एक मांग पत्र दीजिए सरकार अवश्य इस पर गंभीर प्रयास करेगी। अंतरराष्ट्रीय बास्केटबाल खिलाड़ी आर एस बेदी ने कहा कि सरकार ने बहुत सारी स्कीम चालू की हैं जिसका खिलाड़ियों को लाभ मिल रहा है, लेकिन वहां तक पहुंचने के लिए जमीनी स्तर पर सरकार सुविधा मुहैया कराए। खिलाड़ियों के चोटिल होने पर आर्थिक मदद व अच्छा इलाज हो ऐसा सुझाव है। जिस पर डिप्टी सीएम ने कहा कि इस पर अवश्य अमल किया जाएगा।

# पिता की हत्या में फरार आरोपित बेटा गिरफ्तार



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के महिगवां गांव में शुक्रवार की रात को जमीन के बंटवारे को लेकर हुए विवाद में पिता की हत्या के बाद आरोपित बेटा फरार हो गया था। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए शनिवार की बीती रात आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।

महिगवां थानाध्यक्ष राधेश्याम मौर्या ने रविवार को बताया कि मालती देवी ने थाना में तहरीर दी कि पिता रामकुमार का अपने बेटे यानि कि मेरे भाई महेंद्र से विवाद चल रहा था।

बीती रात पिता रामकुमार खेत में खड़ी करवी (झाड़ियों) को ट्रैक्टर से जुतवा रहे थे। तभी भाई खेत में पहुंचकर पिता से लड़ने लगा । मामला इतना बढ़ गया कि महेंद्र यादव ने फावड़े से पिता रामकुमार यादव के सिर पर वार कर दिया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। केजीएमयू में इलाज के दौरान पिता रामकुमार यादव की मौत हो गई थी।

सूचना प्राप्त होने पर पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को कब्जे में लेकर पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम की कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला की तहरीर पर पुलिस मुकदमा दर्ज कर वांछित अभियुक्त विनोद कुमार उर्फ महेन्द्र की तलाश में जुटी थी। इस बीच सूचना प्राप्त हुई कि अभियुक्त विनोद कुमार उर्फ महेन्द्र को बीकेटी-पहाड़पुर रोड पर देवरी रुखारा जाने वाली नहर की पुलिया के पास मौजूद है तथा कहीं भागने की फिराक में है। सूचना पर विश्वास कर पुलिस टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर अभियुक्त को पकड़ लिया। अभियुक्त की निशानदेही पर आलाकत्ल फावड़ा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान अभियुक्त ने बताया कि खेत के बंटवारे में हिस्सा कम मिलने एवं खेत की मेड़ को बनाने व बिगाड़ने को लेकर विवाद के दौरान उसने गुस्से में आकर फावड़े से अपने पिता के सिर पर प्रहार कर दिया था, जिससे उन्हें गंभीर चोट आयी थी। घटना के बाद वह मौके से भाग गया था। बाद में उसे अपने पिता की मृत्यु होने की जानकारी मिली, जिसके कारण वह पुलिस से बचने के लिए इधर-उधर छिपता फिर रहा। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी।

# योग सिर्फ कसरत नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है : सतीश शर्मा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उत्तर प्रदेश के जनपद बाराबंकी में महादेवा स्थित ऑडिटोरियम में समाजसेवी केपी तिवारी के तत्वावधान में योग शिविर का आगाज हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार और शंखनाद के बीच शुरू हुए शिविर में बड़ी संख्या में योग साधकों व स्थानीय लोगों ने भाग लेकर योग व आध्यात्मिक चिंतन का लाभ उठाया।

मुख्य अतिथि खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति राज्यमंत्री सतीश शर्मा ने कहा कि योग सिर्फ कसरत नहीं, बल्कि जीवन जीने की कला है। यह शरीर, मन और आत्मा को जोड़कर संतुलन बनाता है। भारत की योग परंपरा आज



विश्व को स्वस्थ जीवन का रास्ता दिखा रही है। यह हमारी सांस्कृतिक विरासत की वैश्विक पहचान बन गई है।

भाजपा अवध क्षेत्र के उपाध्यक्ष राजीव मिश्रा ने कहा कि बढ़ते तनाव और भौतिकवाद के दौर में योग एक वैज्ञानिक जीवन पद्धति है। इससे मानसिक शांति, आत्मबल और सकारात्मक सोच विकसित होती है।

योगाचार्य रवि, अखिलेश पांडेय और गजानन शुक्ला ने प्राणायाम व आसनों का अभ्यास कराया। शिविर में भाजपा प्रवक्ता शेखर पांडेय, ब्लॉक प्रमुख संजय तिवारी, एसडीएम आनंद तिवारी, मंडल अध्यक्ष अमित सिंह, बीईओ रमेश चंद्रा, प्रिंसिपल कमलेश सिंह, पूर्व चेयरमैन बद्री प्रसाद त्रिपाठी, रामबाबू द्विवेदी, अखिलेश चतुर्वेदी, बालमुकुंद गुप्ता, शिव प्रकाश अवस्थी, भुल्लन अवस्थी व रविकांत पांडेय मौजूद रहे।

### रामनगर पीजी कॉलेज परिसर में हुआ आयोजन

इसी प्रकार रामनगर पीजी कॉलेज परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं, शिक्षकों एवं गणमान्य लोगों ने भाग लेकर योग के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। कार्यक्रम में पूर्व विधायक शरद अवस्थी, प्राचार्य डा. कौशलेंद्र विक्रम मिश्रा, एस डी एम आनंद तिवारी,रानी मृणालिनी सिंह, पूर्व चेयरमैन बद्री विशाल त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष विनय मिश्रा, पूर्व जिला मंत्री बाल मुकुंद गुप्ता, संजय रावत, विमलेश तथा लवकेश सहित सैकड़ों कार्यकर्ताओं एवं छात्राओं ने सहभागिता की। योग प्रशिक्षकों आराधना शुक्ला, महक, तान्या, पूर्णिमा के निर्देशन में उपस्थित लोगों ने प्राणायाम, ताड़ासन, भुजंगासन, वज्रासन तथा अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया। वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है और नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ तथा मन प्रसन्न रहता है। उन्होंने सभी से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या में शामिल करने का आह्वान किया।

# डीजीपी ने पुलिसकर्मियों के साथ पुलिस मुख्यालय में किया योग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

बारहवें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को उत्तर प्रदेश पुलिस मुख्यालय के प्रांगण में योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अलावा पूरे प्रदेश में पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने योग कर स्वस्थ जीवनशैली का संदेश दिया।

इस अवसर पर पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) राजीव कृष्ण समेत अन्य पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

योगाभ्यास के दौरान सर्वश्रेष्ठ योगा एवं प्राणायाम प्रदर्शन करने वाले पुलिस महानिदेशक ईओडबल्यू



जयनारायण सिंह, पुलिस उपमहानिरीक्षक प्रताप गोपेन्द्र, अपर पुलिस अधीक्षक लाजिस्टिक विशाल यादव, अपर पुलिस अधीक्षक कानून व्यवस्था कृपा शंकर और कमल सिंह एसआईएम रूल्स एण्ड मैनुअल्स को पुलिस महानिदेशक ने विशिष्ट प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया।

इस अवसर पर उपस्थित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के शारीरिक, मानसिक एवं भावनात्मक लाभों के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उन्हें अवगत कराया गया कि नियमित योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ एवं सुदृढ़ बनाने के साथ-साथ तनाव प्रबंधन, मानसिक एकाग्रता, आत्मानुशासन तथा कार्यक्षमता में वृद्धि करने का प्रभावी माध्यम है।

### एनबीएफजीआर में मनाया गया योग दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राष्ट्रीय मत्स्य आनुवंशिक संसाधन ब्यूरो में आज संस्थान परिसर में 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस बेहद उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सामूहिक योग सत्र का आयोजन सुबह 5.45 बजे से 7 बजे तक किया गया, जिसमें संस्थान के समस्त कर्मियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस विशेष अवसर पर सेवानिवृत्त कर्नल देवेश्वर प्रसाद सिन्हा और किरण सिन्हा बतौर योग प्रशिक्षक उपस्थित रहे, जिन्होंने आसनों और प्राणायाम का अभ्यास कराते हुए उनके शारीरिक व मानसिक लाभों से सभी को अवगत कराया। निदेशक डॉ.पीके प्रधान ने अतिथियों को सम्मानित किया। उन्होंने अतिथियों के बहुमूल्य मार्गदर्शन के लिए आभार व्यक्त किया।

**योग दिवस** — 1.42 करोड़ बच्चों ने किया योगाभ्यास

# परिषदीय विद्यालयों में गूंजा स्वस्थ जीवन का मंत्र

- 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों और 746 केजीबीवी में मनाया गया योगा-डे

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने 12वें अंतराष्ट्रीय योग दिवस पर जनभागीदारी का नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए योग को जनआंदोलन बनाने के अपने संकल्प को और मजबूत किया।

प्रदेश के 1.32 लाख परिषदीय विद्यालयों के लगभग 1.42 करोड़ छात्र-छात्राओं तथा 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत 78 हजार से अधिक छात्राओं ने सामूहिक योगाभ्यास में भाग लेकर स्वस्थ, सशक्त और जागरूक उत्तर प्रदेश का संदेश दिया। गांव से लेकर शहर तक विद्यालय परिसर योगमय वातावरण से सराबोर नजर आए, जहां विद्यार्थियों, शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों, अधिकारियों और अभिभावकों ने एक साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लिया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में पिछले वर्षों में योग को विद्यालयी जीवन, जनस्वास्थ्य और सामाजिक जागरूकता से जोड़ने की दिशा में लगातार प्रयास किए गए हैं। इसी का परिणाम है कि अंतराष्ट्रीय योग दिवस अब केवल औपचारिक




न रहकर जनसहभागिता का अभियान बन चुका है। परिषदीय विद्यालयों, ब्लॉक संसाधन केंद्रों, जिला मुख्यालयों और शैक्षिक संस्थानों में योग दिवस उत्साह और अनुशासन के साथ मनाया गया एससीईआरटी के नवीन परिसर में निदेशक गणेश कुमार के नेतृत्व में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। एससीईआरटी निदेशक गणेश कुमार ने कहा कियोग भारत की प्राचीन ज्ञान परंपरा की अमूल्य धरोहर है। यह केवल शारीरिक स्वास्थ्य का माध्यम नहीं, बल्कि मानसिक एकाग्रता, आत्मानुशासन और सकारात्मक जीवन दृष्टि विकसित करने का सशक्त साधन भी है।

लखनऊ, गौतमबुद्ध नगर, कानपुर नगर, अयोध्या, वाराणसी, मथुरा, बस्ती, मेरठ, कुशीनगर, अलीगढ़ और आजमगढ़ सहित अनेक जनपदों में विद्यालयों, बीआरसी और जिला मुख्यालयों पर विशेष योग सत्र आयोजित किए गए। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को योग की उपयोगिता बताते हुए इसे दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया।

# स्वस्थ आयु के लिए योग विषय पर इलाहाबाद उच्च न्यायालय लखनऊ में भव्य योग शिविर आयोजित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

इस वर्ष, बारहवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस स्वस्थ आयु के लिए योग के सारगर्भित विषय के साथ विश्वभर में अपार उत्साह और उमंग से मनाया जा रहा है।

इस पावन अवसर की गरिमा को बढ़ाते हुए, उच्च न्यायालय, लखनऊ ने अपने परिसर में एक विशेष योग शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में माननीय वरिष्ठ न्यायाधीश, न्यायमूर्ति राजन रॉय, अन्य माननीय न्यायाधीशगण, माननीय न्यायालय के वरिष्ठ निबंधक, समस्त अधिकारीगण, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण, और अन्य गणमान्य सदस्यों ने सक्रिय रूप से अपनी सहभागिता दर्ज कराई।

इस पुनीत कार्यक्रम का शुभारंभ



प्रसिद्ध योगाचार्य, डॉ. त्रिभुवन यादव के कुशल मार्गदर्शन में हुआ। उन्होंने उपस्थित सभी प्रतिभागियों को विभिन्न योगासनों का अभ्यास कराया और उनके असंख्य लाभों से अवगत कराया। डॉ. यादव ने इस बात पर विशेष बल दिया कि योग को केवल एक दिन तक सीमित न रखा जाए, बल्कि इसे अपने दैनिक जीवन का एक अविभाज्य अंग बनाया जाए, जिससे आरोग्य और कल्याण की प्राप्ति हो सके।

# पीएम की पहल पर 184 से अधिक देशों में मनाया जाता है अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

## ▸ आर्य महिला में हुआ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आर्य महिला पी. जी. कॉलेज में शासन से प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन प्राचार्य प्रो. सुरचना त्रिवेदी की अध्यक्षता में प्रातः आठ बजे किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि योग प्रशिक्षक गीता पांडेय, अर्चना दीक्षित, एवं विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश आर्य प्रतिनिधि सभा की उप प्रधान गायत्री दीक्षित जी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ योग साधकों, अतिथियों एवं प्राचार्य द्वारा मां सरस्वती जी के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण करके किया गया। ऊँ सह नाववतु। सह नौ भुनक्तु। सह वीर्यं करवावहै। तेजस्वि नावधीतमस्तु मा विद्विषावहै॥ ऊँ शांतिः शांतिः शांतिः॥ इस उद्बोधन के साथ , हम अपने मुख्य योगाभ्यास की ओर बढ़ते हैं। आइए, एक नए संकल्प के साथ Yoga for Healthy Aging इस साल की आधिकारिक थीम पर प्रकाश डालते हुए प्राचार्य प्रो. सुरचना त्रिवेदी ने अपने विचारों से सभी को प्रेरित करते हुए कहा यह समस्त भारतीयों के लिए गौरव का विषय है कि हमारे प्रधानमंत्री की पहल पर 184 से अधिक देशों में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है योग के द्वारा हम अपने अंतर्मन को सकारात्मक ऊर्जा से जोड़ते हुए अपनी कार्य संस्कृति के प्रति ईमानदार रहे आपसी सामंजस्य और सकारात्मक ऊर्जा के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें यही योग दिवस को मनाने की सार्थकता को व्यक्त करता है। योग गुरु राजेश दीक्षित ने छात्राओं, शिक्षकों और कर्मचारी गण को योग दिवस 2026 के मुख्य कार्यक्रम में कॉमन योग प्रोटोकॉल के बिषय में बताया जो लगभग 45 मिनट का होता है। यह प्रोटोकॉल प्रार्थना से शुरू होकर शारीरिक और मानसिक संतुलन, लचीलेपन और शांति के लिए विभिन्न आसनों व प्राणायामों का एक वैज्ञानिक क्रम है। योग के विभिन्न आसनों भुजंगासन, वृक्षासन, उत्कटासन, ताड़ासन, पद्मासन, मकरासन, वज्रासन एवम प्राणायाम कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी, शीतली और अंत में ध्यान व संकल्प, आदि का अभ्यास कराया।उन्होंने बताया कि स्वस्थ जीवन के लिए योग की विभिन्न मुद्राएं और आसन उपयोगी हैं।इनसे न केवल शरीर स्वस्थ रहता है बल्कि मानसिक शांति भी मिलती है। अपने वक्तव्य में योग गुरु गीता पांडेय ने कहा कि योग आसनों का अभ्यास करने से ताकत और लचीलापन विकसित होता है, साथ ही आपकी नसों को आराम मिलता है और आपका मन शांत होता है। आसन मांसपेशियों, जोड़ों और त्वचा पूरे शरीर - ग्रंथियों, नसों, आंतरिक अंगों, हड्डियों, श्वसन और मस्तिष्क को प्रभावित करते हैं। कमलेश मिश्रा ने कहा कि योग शारीरिक स्तर पर शक्ति, सहनशक्ति, धीरज और उच्च ऊर्जा के विकास में मदद करता है। यह मानसिक स्तर पर बढ़ी हुई एकाग्रता, शांति और संतोष के साथ खुद को सशक्त बनाता है जिससे आंतरिक और बाहरी सामंजस्य स्थापित होता है। अपने विचारों को प्रेषित करते हुए योग गुरु कमलेश मिश्र ने कहा कि योग का मुख्य उद्देश्य आत्म-साक्षात्कार है, जो सभी दुखों से मुक्ति और स्वतंत्रता की ओर ले जाता है। योग का अभ्यास शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करने में मदद करता है, जिससे समग्र कल्याण प्राप्त होता है। इसी श्रृंखला में अपने वक्तव्य में ऋतु शर्मा ने बताया कि योग के आठ अंग कहे जाने वाले आठ नियम हैं। इनका अभ्यास करने से मन शांत होता है। कार्यक्रम का संचालन डा रानू दुबे द्वारा किया। अंत में प्राचार्य प्रो सुरचना त्रिवेदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। इस अवसर पर प्रो रूपांशुमाला, डॉ श्वेता सक्सेना, डॉ एम.पी.एस. चौहान, डॉ विजय गुप्ता, डॉ आशीष गोयल, रितु मिश्रा, डॉ उपासना श्रीवास्तव, डॉ ज्योति गुप्ता, डॉ मनोरमा शुक्ला, डॉ अरुण कांत पांडेय, डॉ उमेश भारती, डॉ मृदुल शुक्ला, डॉ निदा शाहिद, डॉ गुलशन रस्तोगी, राजेश कुमार, भावेश मिश्रा, शैली पाठक, शालिनी, शेशाकी सोलंकी, संध्या भारती, सुनीता शर्मा, रंजीता अवस्थी, अरविंद अवस्थी, राधारमण मिश्रा, अनिल सिंह, नरेंद्र पाल सक्सेना, धर्मपाल वर्मा, हिमांशु सोनवानी, राकेश वर्मा, सुधीर कुमार एवं बड़ी संख्या में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं आर्या रेंजर्स की स्वयंसेविकाओं, छात्राओं के साथ महविद्यालय के सभी सदस्यों ने प्रतिभागिता की।

## मलिन बस्ती में कराया योगाभ्यास, दिया स्वस्थ जीवन का संदेश



**शाहजहांपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मानवता वेलफेयर सोसायटी द्वारा कैंट क्षेत्र स्थित मलिन बस्ती में संचालित मानवता की पाठशाला के बच्चों के साथ योग दिवस मनाया गया। इस दौरान बच्चों को ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, बालासन एवं धनुरासन का अभ्यास कराया गया तथा उनके शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। बच्चों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने एवं नियमित रूप से योग करने के लिए प्रेरित किया गया। संस्था के संस्थापक अमित श्रीवास्तव ने कहा कि मानवता की पाठशाला में बच्चों को समय-समय पर योग, खेल एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया जाता है क्योंकि योग भारत की अमूल्य धरोहर है और समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर वंचित बच्चों तक इसका लाभ पहुंचना आवश्यक है। संस्था द्वारा विभिन्न राष्ट्रीय पर्व, त्योहार एवं विशेष दिवस मलिन बस्तियों के बच्चों के साथ मनाए जाते हैं, जिससे उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के साथ-साथ उनमें आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास हो सके। इस अवसर पर मानवता वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों द्वारा पितृ दिवस के उपलक्ष्य में एक पेड़ पिता के नाम से कैंट क्षेत्र में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया गया। कार्यक्रम में संस्था की सदस्य दिव्यांशी मिश्रा एवं मोहम्मद शादान का विशेष सहयोग रहा।

## राम चरन लाल धर्मशाला में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन

**योग केवल व्यायाम नहीं, व्यक्तित्व विकास का माध्यम हैः सुशील मिश्रा**



**शाहजहांपुर।** 21 जून को इस वर्ष के विशेष संकल्प योगा फॉर हेल्दी एजिंग की थीम के साथ आज जनपद शाहजहांपुर के रामचरन लाल धर्मशाला खिरनी बाग में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जन शिक्षण संस्थान शाहजहांपुर तथा आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान ने संयुक्त रूप से किया। जन शिक्षण संस्थान की तरफ से निदेशक सुशील मिश्रा एवं आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव श्री नीरज वाजपेई के नेतृत्व , मार्गदर्शन एवं व्यवस्थापन से कार्यक्रम दिव्य एवं भव्य रूप से संपादित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ जन शिक्षण संस्थान के निदेशक सुशील मिश्रा ने अपने इस वर्ष की थीम पर जोर देते हुए कहा कि योगा फॉर हेल्दी एजिंग आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि योग परंपरा को जितना ज़्यादा आगे बढ़ाया जाए, जितना विस्तार दिया जाए, उतना ही हमारे देश के लिए, हमारे प्रदेश के लिए ये लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, ये एक व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए आज के समय में बहुत आवश्यक है। निरोगी रहने के लिए बहुत आवश्यक है। हमें अपने आप को संतुलित रखने के लिए, अपने कार्य को ठीक प्रकार से अंजाम देने के लिए, इसको हम लोगों को आत्मसात ज़रूर करना चाहिए। आदर्श दिव्यांग कल्याण संस्थान के प्रदेश सचिव नीरज वाजपेयी ने कहा प्रारंभ में योग किसी न किसी शिक्षक के माध्यम से अगर हम प्रारंभ करें और उसी प्रकार से अपनी दिनचर्या को भी व्यवस्थित करें, तो इसका पूरा-पूरा लाभ हम लोगों को मिल सकता है। योग केवल देखने और सुनने से नहीं आता। योग क्या है और इसको किस प्रकार से किया जाए, ये करने से ही होता है। और उसका पूरा-पूरा लाभ हमको तभी मिलेगा जब हम इसको स्वयं प्रैक्टिकल करेंगे। उन्होंने कहा कि निरोगी रहने के लिए, अपने मन, मस्तिष्क, आत्मा और शरीर को बैलेंस रखने के लिए, अपने कार्य प्रकार को ठीक प्रकार से अंजाम देने के लिए और उसको उपलब्धि के साथ समाप्त करने के लिए ये बहुत आवश्यक है कि हम योग करें। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में सैकड़ो लोग उपस्थित रहे तथा उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता की।

## तेरा में 12वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया



**शाहजहांपुर।** सिंधौली क्षेत्र के अंग्रजी माध्यम प्राइमरी स्कूल तेरा में 12वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। छात्रों के साथ शिक्षकों ने योग किया। रविवार को सुबह आठ बजे छात्र कतारों में बैठ गए। सहायक अध्यापक दीपा पूनिया ने छात्रों को सूक्ष्म आसन करवाए। प्रधानाध्यापक ने हास्य योग करवाया तो बच्चों के ठहाकों से विद्यालय गूंज उठा। ग्राम प्रधान सरदार अली ने कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने के लिए योग जरूरी है। प्रधानाध्यापक सरताज अली ने कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है। योग को जीवन का आवश्यक हिस्सा बना लें और इसे प्रतिदिन करें। उन्होंने कहा कि योग जोड़ने का नाम है। आज पूरा विश्व भारत की इस गुणकारी खोज को अपना चुका है। इस मौके पर राम नरायन, रामकली, गीता देवी, आलोक, अजनीफ, प्रांशू, शगुन, आरके गौतम, आशीष, आनंद राठौर, विशाल, अहम, रैंस, उजैफ, रुनझुन, अलीशा, अलीना, तौहीद, सुनैना, तौसीफ रजा, विकास, प्रिंस दिवाकर आदि मौजूद रहे।

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर जिम सदस्यों ने किया योग



बंडा, शाहजहांपुर। नगर पंचायत बंडा में पूरनपुर रोड स्थित सार्थ फिटनेस क्लब में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर एक भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिम के सदस्यों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शिविर के दौरान अनुभवी योग प्रशिक्षक राम प्रकाश द्वारा लोगों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम और विभिन्न आसनों का अभ्यास कराया गया। साथ ही, आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में मानसिक तनाव को दूर करने के लिए ध्यान के महत्व को समझाया गया। जिम संचालक शिखर गुप्ता ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने की एक कला है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करें। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को शेकर (बोतल) उपहार स्वरूप प्रदान किए गए तथा भविष्य में भी नियमित रूप से योग और फिटनेस से जुड़े रहने का संकल्प दिलाया गया। शिविर में आए सभी लोगों में योग को लेकर भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में डॉ अभिनव गौतम, शीर्ष गुप्ता, सहमनदीप, आशीष, अरुण शुक्ला, अरुण कुमार, अमितेश शुक्ला, मंजीत सिंह, अनुराग, शुभम,राज गुप्ता, ट्रेनर सचिन नागर, कुशल, शिवम व आदि लोगों की उपस्थिति रही।

## खबरें एक नजर में

### कराया गया नियमित योगाभ्यास

**शाहजहांपुर।** दलेलगंज स्थित हर कुमार पाठक कन्या इंटर कालेज में कराया गया नियमित योगाभ्यास। स्वास्थ्य युक्त तन अनुशासन युक्त मन एवं सकारात्मक जीवन शैली को लेकर कॉलेज परिसर में शिक्षिकाओ छात्रओं एवं स्थानीय जनमानस के मध्य कॉलेज में योग शिविर का भव्य आयोजन किया गया। कॉलेज प्रधानाचार्य ब्यूटी द्वारा विभिन्न आसनों के माध्यम से योग लाभ की जानकारी प्रदान की गई। योग शिविर मे सिद्धार्थ , रजनी मीना आकाश प्रियांशु आदि का योगदान रहा।

### बस स्टैंड पर मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस

**शाहजहांपुर।** शाहजहांपुर बस स्टैंड परिसर में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक, वरिष्ठ केन्द्र प्रभारी एवं कार्यालय सहायक द्वारा परिवहन निगम परिवार के साथ योग दिवस हर्षोल्लास के साथ योग दिवस मनाया गया। सहायक क्षेत्रीय प्रबन्धक ने बताया कि योग हमारे जीवन की दिनचर्या का हिस्सा है, योग करके व्यक्ति बीमारियों से दूर रहता है। स्वस्थ रहकर मानसिक तनाव से भी छुटकारा मिलता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन में योग करना चाहिए।

### योग शरीर, मन और आत्मा को जोड़ताः ललिता

**शाहजहांपुर।** इंटरनेशनल लायन क्लब शक्ति शाहजहांपुर की अध्यक्ष शिक्षिका लायन ललिता यादव ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लखनऊ के जनभवन में उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल के यहां आयोजित अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस समारोह में शामिल हुई हुई। ललिता यादव ने कहा है योग शरीर मन और आत्मा को जोड़ता है। राज्यपाल के साथ योगाभ्यास करके बहुत ही अच्छा महसूस किया है। उन्होंने कहा कि आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में लोग मानसिक तनाव के शिकार हो रहे है, समय से पहले ही बीमारियों का शिकार हो रहे हैं। हर व्यक्ति को योग को अपने जीवन का हिस्सा बना लेना चाहिए। अपनी भागमभाग जिंदगी में से कुछ समय योग के लिए देना चाहिए।

### बैंक ऑफ बड़ौदा के अधिकारियों, कर्मचारियों, शिक्षकों एवं ग्रामीणों ने किया योगाभ्यास

**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के योग शिक्षक एवं कोऑर्डिनेटर तथा राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक कुमार के निमंत्रण पर शाहजहांपुर की सिटी पार्क कॉलोनी में आयोजित योग कार्यक्रम में योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर श्री शर्मा ने बैंक ऑफ बड़ौदा की शाहजहांपुर क्षेत्र की विभिन्न शाखाओं के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को योग के महत्व, उसके शारीरिक एवं मानसिक लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के निर्धारित प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास कराया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने बड़े उत्साह एवं सक्रियता के साथ योगाभ्यास में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रबंधक दीपक कुमार ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया तथा योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया। इसके उपरांत धर्मेंद्र कुमार शर्मा ने ददरौल ब्लॉक के ग्राम संजना में भी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों को योग के महत्व से अवगत कराया तथा सामूहिक योगाभ्यास कराया। उन्होंने कहा कि योग स्वस्थ, संतुलित एवं सकारात्मक जीवन का आधार है और इसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए।

### बिजली संकट से नाराज चेयरमैन ने अधिशासी अभियंता को सौंपा ज्ञापन



**मीरानपुर कटरा, शाहजहांपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र में लगातार बिजली कटौती और जर्जर विद्युत व्यवस्था से लोगों की परेशानी बढ़ती जा रही है। इस समस्या को लेकर नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. पूजा कसाना के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने तिलहर विद्युत उपखंड कार्यालय पहुंचकर अधिशासी अभियंता को ज्ञापन सौंपा और बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि बंगशान, रामनगर कॉलोनी समेत नगर के कई मोहल्लों में आए दिन बिजली आपूर्ति बाधित रहती है। जर्जर तारों और बार-बार होने वाले फॉल्ट के कारण उपभोक्ताओं को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। भीषण गर्मी में लोगों का जीवन प्रभावित हो रहा है। साथ ही क्षेत्र में जिम्मेदार अधिकारियों की तैनाती की मांग भी की गई। डॉ. पूजा कसाना ने कहा कि नगरवासियों ने उन पर भरोसा जताकर अपना प्रतिनिधि चुना है, इसलिए उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारी है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि जल्द बिजली व्यवस्था में सुधार नहीं किया गया तो जनता के साथ मिलकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान दानिश जीशान खान, आरिफ जीशान खान, पुनीत गुप्ता, सद्दाम अंसारी गुड्डू सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। लगातार बढ़ रहे बिजली संकट को लेकर लोगों में नाराजगी है और विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं।

# पालिका अध्यक्ष द्वारा कराया जाएगा दैनिक योग कार्यशाला

▸ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनप्रतिनिधियों ने स्वस्थ समाज बनाने का लिया संकल्प

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अमृत योग सप्ताह के सप्तम दिवस पुवायां इंटर कॉलेज के राजा अजय वर्मा मेमोरियल हॉल में जनपद के कई जनप्रतिनिधियों ने योग कार्यशाला में शामिल होकर योग महोत्सव को सफल बनाया।

योग दिवस पर पुवायां इंटर कॉलेज के हॉल में नगर पालिका ,दि जेंटलमैन बाइसिकल क्लब और पतंजलि योगपीठ के संयुक्त तत्वावधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। जिसका का शुभारंभ मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया , शाहजहांपुर और पीलीभीत से विधान परिषद सदस्य डॉ सुधीर गुप्ता और भाजपा जिला अध्यक्ष केसी मिश्रा एवं नपा अध्यक्ष संजय गुप्ता ने ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर, राज्यसभा सांसद मिथिलेश मिथिलेश कुमार कठेरिया ने योग प्रशिक्षक कमल प्रकाश द्विवेदी की मांग पर कृषि उत्पादन मण्डी के सरकारी भवन में दैनिक योग कार्यशाला की शुरुआत करने के लिए संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए। उधर नगर पालिका की ओर से नपा अध्यक्ष संजय गुप्ता ने आर्य समाज विद्यालय के भवन और सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के सामने संघ कार्यकाल ने निकट पड़े एक एकड़ भूखण्ड पर दैनिक योग कार्यशाला का तीन माह में शुभारंभ का आश्वासन दिया। प्रमोद गुप्ता और दिनेश कुमार ने योगासनों का प्रदर्शन किया। योगाभ्यास के बाद लोगों ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कोलकाता से लाइव सम्बोधन को भी सुना। लगातार 3 - 4 दिन योग सप्ताह में प्रतिभाग करने वाले प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। व्यापारी नेता कपिल गुप्ता बीटू, सुबोध कनौजिया एडवोकेट, शिक्षक वीरपाल, डॉ मेधा शर्मा, राजीव शर्मा, प्रमोद चंद्रगुप्त, दिनेश कुमार ,राकेश चंद्र गुप्ता, मीना गुप्ता, आभा गुप्ता, राजेश गुप्ता, डॉ वीके गुप्ता,सुनील सिंघानिया, प्रदीप शर्मा, अरुण शर्मा, रामसेवक राठौर, श्याम कुमार त्रिवेदी,मदनपाल,मधु सिंह सरनाम सिंह, राजीव मित्रा,कमल प्रकाश द्विवेदी ने सभी को विधिवत् योगिक क्रियाएँ करवाईं। कार्यक्रम का संचालन संजय मिश्रा ने किया। राजीव शर्मा ने सभी योग अभ्यासियों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर एमएलसी डॉ. सुधीर गुप्ता, विधायक चेतराम, चेयरमैन संजय गुप्ता, पूर्व विधायक शकुंतला देवी, भाजपा ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष सिद्धार्थ कश्यप, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष दिनेश अवस्थी, विहिप जिलाध्यक्ष केके गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख पति सुरजन लाल,अधिशासी अधिकारी कल्पना शर्मा, जय प्रकाश पांडेय, महेश शर्मा, सूरेश बटुआ, ओम प्रकाश त्रिवेदी, सोम प्रकाश त्रिवेदी, जगदीश शर्मा, जेपी शास्त्री सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# योग प्रशिक्षक मुईद अहमद ने कराया योग




**सिंधौली, शाहजहांपुर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष्य में रविवार सुबह विकासखंड सिंधौली परिसर में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों ने उपस्थित लोगों को योग के महत्व और इसके स्वास्थ्य लाभों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को कपालभाति, वज्रासन, भुजंगासन, अनुलोम-विलोम, वृक्षासन तथा सूर्य नमस्कार सहित कई महत्वपूर्ण योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। योग प्रशिक्षक मुईद अहमद ने बताया कि नियमित योग करने से शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है, तनाव कम होता है तथा व्यक्ति ऊर्जावान बना रहता है। इस अवसर बीडियो ब्लाक प्रमुख एडीओ आईएसबी मुईद अहमद ने बताया कि योग प्रशिक्षण कार्यक्रम केवल विकासखंड मुख्यालय तक सीमित नहीं रहा, बल्कि ब्लॉक क्षेत्र की विभिन्न ग्राम पंचायतों और स्कूलों में भी योग शिविर आयोजित किए गए। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को योग से जोड़कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। कार्यक्रम में अनूप कुमार, जगपाल, रघुनंदन, दिनेश कुमार, सत्य कुमार, मीरा, यासीन, धर्मेंद्र, राजेश, मंजू तथा सरोजिनी सहित अनेक लोग उपस्थित रहे। सभी ने नियमित योग करने का संकल्प लिया।

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सिधौली कोतवाली में योग कार्यक्रम आयोजित

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर शनिवार सुबह सिधौली कोतवाली परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व कोतवाल रविंद्र सिंह ने किया। इस दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। योग प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया। प्रशिक्षकों ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नियमित योग करने से शरीर स्वस्थ, मन शांत तथा कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। पुलिस कर्मियों ने कपालभाति, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी सहित अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास किया। कोतवाल रविंद्र सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है। वर्तमान भागदौड़ भरे जीवन में योग शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों से प्रतिदिन योग करने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने नियमित रूप से योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। उन्होंने कहा कि योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाकर स्वस्थ और सकारात्मक जीवन जिया जा सकता है। इस अवसर पर कोतवाली के समस्त पुलिस कर्मचारी एवं अधिकारी मौजूद रहे।

# मां भागीरथी तट पर गंगा भक्तों ने किया भागीरथ आसन

▸ नमामि गंगे अंतर्गत माँ गंगा तट पर उत्साहपूर्वक मनाया गया 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

▸ योगाभ्यास के साथ स्वच्छता एवं श्रमदान कर दिया गंगा संरक्षण का संदेश

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत जिला गंगा समिति एवं वन विभाग द्वारा माँ गंगा के पावन तट ढाई घाट पर 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रियांशु रघुवंशी एवं विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी डॉ. विनय शर्मा द्वारा माँ गंगा के चित्र पर माल्यार्पण एवं ओम् ध्वनि के साथ किया गया।भारतीय योग संस्थान के प्रशिक्षक अरविन्द मिश्रा ने आयुष मंत्रालय द्वारा निर्धारित योग प्रोटोकॉल के अनुसार उपस्थित गंगा भक्तों एवं ग्रामीणों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया तथा उनके स्वास्थ्य लाभों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर भागीरथ आसन, मकरासन, वृक्षासन, शीतली प्राणायाम, कपालभाति एवं अन्य योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया। गंगा तट पर सामूहिक योगाभ्यास का दृश्य अत्यंत प्रेरणादायक एवं आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान करने वाला रहा मुख्य अतिथि प्रियांशु रघुवंशी ने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। नियमित योग से व्यक्ति शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनता है। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी भाजपा डॉ. विनय शर्मा ने सभी को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आह्वान किया।

# विभिन्न स्थानों पर मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस



**तिलहर - शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं द्वारा क्षेत्र में योग शिविर आयोजित कर योगाभ्यास कराया गया। रविवार को 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नगर पालिका मैदान, तहसील परिसर, नवीन गल्ला मंडी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यालय पर योग शिक्षकों के सानिध्य में उपस्थित लोगों को योगासन कराया गया। इसदौरान कपालभाति, अनुलोम विलोम, सूर्य नमस्कार आदि योग किए गए । योग शिक्षकों ने आसानी से योग करने के तरीके बताने के साथ ही उनके लाभ भी प्रशिक्षुओं को बताए। नगर पालिका में ईओ सुनील कुमार, आरआई सुशांत कुमार, जेई पीयूष मिश्रा, राजीव कुमार, नितिन गुप्ता, अय्यूब हुसैन, कमलदीप श्रीवास्तव, इस्लाम अली, जुबैर अहमद अंसारी, सीमा गुप्ता, सभासद सत्येंद्र सिंह सुशील, सभासद अभिषेक सिंह, पालिका स्वच्छता ब्रांड एम्बेसडर सौरभ गुप्ता रवि, हितेश गुप्ता, सविता पटेल समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

# योग केवल व्यायाम नहीं, व्यक्तित्व विकास का माध्यम है: सुरेश खन्ना

- 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन, 4 हजार लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास
- योगा फॉर हेल्दी एजिंग थीम के साथ मनाया गया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस, मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने किया शुभारंभ





**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

रविवार 21 जून को इस वर्ष के विशेष संकल्प योगा फॉर हेल्दी एजिंग (स्वस्थ वृद्धावस्था/दीर्घायु के लिए योग) की थीम के साथ जनपद के छावनी परिषद स्थित जी.एफ. कॉलेज मैदान में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उत्तर प्रदेश सरकार के संसदीय कार्य एवं वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना उपस्थित रहे। शासन द्वारा नामित नोडल अधिकारी मनीष चौहान (प्रमुख सचिव, सचिवालय प्रशासन, उत्तर प्रदेश पुनर्गठन, भाषा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन) ने भी कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में सहभागिता की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि वित्तमंत्री सुरेश कुमार खन्ना एवं नोडल अधिकारी मनीष चौहान द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। योग विज्ञान संस्थान, शाहजहांपुर के डॉ. अवधेश मणि त्रिपाठी एवं कवि इंदु अजनबी द्वारा मंच का कुशल संचालन किया गया।

योग प्रशिक्षक मृदुल कुमार गुप्ता, अभिनव शुक्ला एवं ज्योति गुप्ता द्वारा उपस्थित जनसमुदाय को कॉमन योग प्रोटोकॉल के अनुसार अभ्यास कराया गया। इस वर्ष की थीम को ध्यान में रखते हुए ऐसे आसनों और प्राणायाम पर विशेष बल दिया गया जो बढ़ती उम्र में भी शरीर को लचीला, जोड़ों को मजबूत और मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखते हैं। मैदान में मौजूद लगभग 4 हजार प्रतिभागियों ने पूरी ऊर्जा के साथ इस सत्र का लाभ उठाया। योगाभ्यास के पश्चात कार्यक्रम स्थल पर लगी बड़ी एलईडी स्क्रीन के माध्यम से देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर दिया गया विशेष जन-अभिभाषण ऑनलाइन प्रसारित किया गया, जिसे सभी प्रतिभागियों ने अत्यंत ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के विशेष सत्र में मुख्य अतिथि सुरेश कुमार खन्ना द्वारा जनपद की योग आइकन गौरी कश्यप को स्मृति चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। वित्त मंत्री ने अपने संबोधन में कहा इस वर्ष की थीम पर जोर देते हुए कहा कि ÷योगा फॉर हेल्दी एजिंग÷ आज के समय की सबसे बड़ी जरूरत है। उन्होंने कहा कि योग परंपरा को जितना ज़्यादा आगे बढ़ाया जाए, जितना विस्तार दिया जाए, उतना ही हमारे देश के लिए, हमारे प्रदेश के लिए ये लाभदायक होगा। उन्होंने कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, ये एक व्यक्ति के व्यक्तित्व के विकास के लिए आज के समय में बहुत आवश्यक है। निरोगी रहने के लिए बहुत आवश्यक है। हमें अपने आप को संतुलित रखने के लिए, अपने कार्य को ठीक प्रकार से अंजाम देने के लिए, इसको हम लोगों को आत्मसात ज़रूर करना चाहिए। प्रारंभ में योग किसी न किसी शिक्षक के माध्यम से अगर हम प्रारंभ करें और उसी प्रकार से अपनी दिनचर्या को भी व्यवस्थित करें, तो इसका पूरा-पूरा लाभ हम लोगों को मिल सकता है। योग केवल देखने और सुनने से नहीं आता। योग क्या है और इसको किस प्रकार से किया जाए, ये करने से ही होता है। और उसका पूरा-पूरा लाभ हमको तभी मिलेगा जब हम इसको स्वयं प्रैक्टिकल करेंगे। उन्होंने कहा कि निरोगी रहने के लिए, अपने मन, मस्तिष्क, आत्मा और शरीर को बैलेंस रखने के लिए, अपने कार्य प्रकार को ठीक प्रकार से अंजाम देने के लिए और उसको उपलब्धि के साथ समाप्त करने के लिए ये बहुत आवश्यक है कि हम योग करें। साथ ही वित्त मंत्री ने कहा कि हम अपने प्रधानमंत्री को विशेष रूप से बधाई देते हैं कि उनके प्रयासों से 11 दिसंबर 2014 को यूएनओ के माध्यम से उन्होंने योग को पूरी दुनिया का कार्यक्रम बनाया। 175 देशों ने इसको सहमति देकर अंगीकार किया था। आज 21 जून 2015 से इस योग को हम एक कार्यक्रम के रूप में पूरे देश और दुनिया में मना रहे हैं, इसलिए प्रधानमंत्री जी को मैं बार-बार प्रणाम भी करता हूँ, उनको बधाई भी देता हूँ। और साथ-साथ मुख्यमंत्री को भी विशेष रूप से बधाई देता हूँ कि उनके नेतृत्व में आज पूरे प्रदेश में इस प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं और हर प्रकार से ये कोशिश की जा रही है कि योग का विस्तार ज़्यादा से ज़्यादा लोगों तक पहुँचे। योग करने के लिए मैं समझता हूँ कि सभी नागरिकों को इस बात के लिए अपने मन में, अपने जीवन का एक हिस्सा बनाना चाहिए, तभी उसका फ़ायदा पूरे देश, पूरे प्रदेश को मिलेगा। कार्यक्रम के अंत में क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी द्वारा सभी अतिथियों, अधिकारियों और नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया। इस सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों जनपद प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जिनमें मुख्य रूप से कार्यक्रम में महापौर अर्चना वर्मा, जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष डीपीएस राठौर, महानगर अध्यक्ष शिल्पी गुप्ता, विनीत मिश्रा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी, मुख्य विकास अधिकारी उत्कर्ष द्विवेदी, अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) रजनीश कुमार मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अरविंद कुमार, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा, क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. सिराज अहमद अंसारी, जिला होम्योपैथिक चिकित्साधिकारी डॉ. शबीना नाज़ अंसारी तथा जिला कार्यक्रम प्रबंधक (आयुष) अविरल आनंद सिंह ने सहभागिता की। इसके अतिरिक्त आयुष विभाग के वरिष्ठ चिकित्सक इमरान अली, डॉ. संदीप सिंह, डॉ. मनु प्रताप सहित समस्त आयुष चिकित्साधिकारी, जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे तथा उत्साहपूर्वक योगाभ्यास में सहभागिता की।

## मां की तबियत खराब का बहाना बना फुफेरी बहन को ले उड़े दो भाई

**नामजद रिपोर्ट दर्ज, तलाश शुरु**

**तिलहर – शाहजहांपुर।** मां की तबियत खराब का बहाना बना कर फुफेरी वहन को ले जाने के मामले में पीड़ित पिता ने दो सगे भाइयों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताई है। कोतवाली क्षेत्र से एक ग्रामीण ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 16 जून की दोपहर वह अपने खेत पर काम कर रहा था। उसी समय सिंधौली क्षेत्र के गांव गौरा रायपुर निवासी निलेश एवं अनूप पुत्र काली चरण उसके घर आए और उसकी पत्नी से अपनी मां की तबियत खराब होने की बात कहकर उसकी 21 वर्षीय बेटी को ले गए । खेत से घर पहुंचने पर पत्नी ने उसे पूरी बात बताई। पीड़ित का कहना है कि जब उसने नीलेश को फोन किया तो उसने फोन रिसीव नहीं किया। फिर उसने कालीचरण से बात की तो उन्होंने बताया कि निलेश व लड़की उनके घर नहीं आई है और न ही उनकी पत्नी की तबियत खराब है। पीड़ित पिता का आरोप है कि बेटी घर से पांच हजार रुपए, सोने के कुंडल व चांदी की पायल ले गई है । पीड़ित ने बेटी के साथ अनहोनी की आशंका जताते हुए बरामद करने की गुहार लगाई है।

## खबरें एक नजर में

### ब्रह्मचारी घाट स्थित हर्बल गार्डन में मनाया गया योग दिवस

**वन विभाग, जिला गंगा समिति और आयुर्वेदिक कॉलेज के अधिकारियों-कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास**



**पीलीभीत।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नमामि गंगे योजना के शासनादेश के अनुरूप ब्राह्मचारी घाट के निकट स्थित ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के हर्बल गार्डन में जिला गंगा समिति, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग एवं पीलीभीत टाइगर रिजर्व के संयुक्त तत्वावधान में योग दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं योग प्रेमियों ने सहभागिता कर योग के माध्यम से स्वस्थ जीवन का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक योगाभ्यास से हुई, जिसमें प्रशिक्षकों के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया। इस दौरान योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों पर भी प्रकाश डाला गया। वक्ताओं ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरा विश्व अपना रहा है। नियमित योगाभ्यास से न केवल शरीर स्वस्थ रहता है, बल्कि मानसिक तनाव भी दूर होता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। कार्यक्रम में पीलीभीत टाइगर रिजर्व के प्रभागीय वनाधिकारी (डीएफओ) मनीष सिंह, सामाजिक वानिकी वन प्रभाग के प्रभागीय निदेशक भरत कुमार डी, ललित हरि राजकीय आयुर्वेदिक कॉलेज के डॉ. एच.एस. मिश्रा, उप प्रभागीय वनाधिकारी (एसडीओ) रामेश चौहान, रेंजर रोहित जोशी, जिला परियोजना अधिकारी (डीपीओ) सौरभ सिंह, जूनियर रिसर्च फेलो (जेआरएफ) डॉ. आदर्श कुमार सहित विभिन्न विभागों के सैकड़ों अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वस्थ समाज और स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में योग की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित योग करने तथा दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

### खेत से इंजन चोरी, दी तहरीर

**बंडा, शाहजहांपुर।** गांव मझिगई निवासी शिवशंकर शर्मा ने पुलिस को तहरीर देकर खेत से इंजन पम्प सेट चोरी होने की शिकायत की है। पीड़ित ने बताया कि उसका इंजन पम्प सेट गांव पिपरा जप्ती स्थित खेत में लगा हुआ था, जिसे उसने गांव पिपरा जप्ती निवासी बलवीर सिंह को पटके पर दिया था। शिवशंकर के बताया कि जब वह सुबह खेत पर पहुंचा तो इंजन पम्प सेट वहां से गायब मिला। काफी तलाश करने के बावजूद उसका कोई पता नहीं लगा। शिवशंकर ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

### बाईक सवार बदमाशों ने महिला के कान से नोचा झाला



**निगोही, शाहजहांपुर।** गिरगिचा गांव के पास बाइक सवार दो बदमाशो ने महिला के एक कान से सोने का झाला नोंच लिया। झाला छीनने के बाद बदमाश राघवपुर– सिकन्दरपुर की ओर भाग गये। पुलिस ने ढकिया तिवारी के पास दोनो को पकड लिया। पीलीभीत जनपद के थाना दिउरिया के गजाड़ा गांव निवासी प्रियंका अपने पति कुंअरपाल के साथ मायके गई थी। आज पूर्वाहन 11बजे जब वह अपने मायके महम्दापुर से घर वापिस आ रही थी। तो गिरगिचा गांव के पास सडक किनारे प्रियंका का पति लघुशंका करने लगा। इस बीच बाइक सवार दो बदमाश पीछे से आ धमके और महिला से पता पूछने के बहाने से रुके महिला के कान का झाला नोंच फरार हो गये। महिला और उसके पति की चीख–पुंकार सुन चीता पुलिस के जवान बदमाशो के पीछे लग गये। ढकिया तिवारी के पास पुलिस ने दोनो को पकड लिया। पुलिस युवको से पूछताछ कर रही है।

### कच्छियानी हनुमान मंदिर पर हुआ छठे रविवार को शर्बत वितरण

**तिलहर – शाहजहांपुर।** हाइवे पर कच्छियानी स्थित श्री हनुमान मंदिर पर सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ के चलते छठे रविवार को शर्बत वितरण किया गया। श्री हनुमान चालीसा के 1 सितंबर 2026 को सामूहिक सुंदर कांड पाठ के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक अभिषेक शर्मा , भाजपा नेता उपेंद्र पाल सिंह ने देते हुए बताया कि एक सितंबर को पड़ने वाले मंगलवार को सामूहिक सुंदर कांड पाठ के उपरांत विशाल भंडारा किया जाएगा। शर्बत वितरण में राजीव शर्मा , सुखदेव यादव, विवेक शर्मा, अशोक तोमर, रोहित पाल, अजय प्रकाश, प्रगति सिंह आदि का विशेष सहयोग रहा।

### भरत तिवारी एनकाउंटर के विरोध में पानी की टंकी पर चढ़ा युवक

**शाहजहांपुर।** शहर की कोतवाली क्षेत्र स्थित काशीराम कॉलोनी में शनिवार की देर रात उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक पानी की टंकी पर चढ़ गया। युवक की पहचान शिवम मिश्रा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि वह बिहार में भरत तिवारी एनकाउंटर मामले में जांच की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहा था। युवक के टंकी पर चढ़ने की सूचना मिलते ही मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक को समझाने का प्रयास शुरू किया। करीब तीन घंटे तक चले घटनाक्रम के दौरान पुलिस और स्थानीय लोगों ने युवक को शांत कराने की कोशिश की। कड़ी मशक्कत के बाद पुलिस युवक को सकुशल नीचे उतारने में सफल रही। घटना के दौरान क्षेत्र में अफरा–तफरी का माहौल बना रहा।

### झुग्गी बस्तियों में पहुंचे तनवीर, बोले आपकी समस्या को लेकर डीएम से मिलेंगे



**शाहजहांपुर।** महानगर के मोहल्ला मेहमानशाह, अब्दुल्लागंज, बंगश, जियाखेल, गर्रा फाटक, मानूजई, यूनुसखेल रेलवे लाइन के समीप लगभग 25 वर्षों से दो दशकों से अधिक समय से निवास कर रहे जुग्गी–झोपड़ी वाले लोगों को पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा अंतिम सूचना के रूप में नोटिस भेजे गए। सूचना पर सपा जिलाध्यक्ष तनवीर खां ने पहुंचकर झुग्गी–झोपड़ी में निवास कर रहे लोगों से मुलाकात कर समाजवादी पार्टी की ओर से हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि 22 जून को डीएम के माध्यम से महाप्रबंधक पूर्वोत्तर रेलवे गोरखपुर तथा मण्डल रेल प्रबन्धक पूर्वोत्तर रेलवे इज्जतनगर बरेली को ज्ञापन भेजने का फैसला लिया है। साथ में नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, मो. फैज़ान खान, सचिन वर्मा, अभिषेक सिंह, ललित कुमार, मो. फरमान, श्लोक मौर्या, पप्पू, जामिन अंसारी आदि लोग मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का सीएमओ ने किया निरीक्षण, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता सुधारने के दिए निर्देश

**शाहजहांपुर।** आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित मुख्यमंत्री जन आरोग्य मेले का मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विवेक कुमार मिश्रा ने निरीक्षण किया। उन्होंने भावलखेड़ा ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बरतारा में संचालित मेले का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया ।निरीक्षण के दौरान सीएमओ ने चिकित्सकीय सेवाओं, दवाओं की उपलब्धता, एचपीवी टीकाकरण, परिवार नियोजन तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। इस दौरान फार्मासिस्ट, एलटी अशोक कुमार श्रीवास्तव एवं राहुल कुमार उपस्थित मिले, जबकि स्टाफ नर्स पुष्पा रानी और ममता रानी बिना सूचना के अनुपस्थित पाई गईं। इस पर संबंधित कर्मचारियों से स्पष्टीकरण प्राप्त कर रिपोर्ट सीएमओ कार्यालय भेजने के निर्देश दिए गए ।मेले में ओपीडी में 45 तथा आयुर्वेद ओपीडी में 28 मरीजों का उपचार किया गया। खांसी, बुखार और त्वचा रोगों से संबंधित मरीजों की जांच की गई। एलटी द्वारा 12 मरीजों की विभिन्न जांचें की गईं, जिनमें कोई भी पॉजिटिव केस नहीं मिला। सीएमओ ने स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देश दिए कि मेले का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए तथा मरीजों को समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाया जाए।



## शाहजहांपुर में 18.74 करोड़ की लागत से मार्ग का शिलान्यास

- वित्तमंत्री सुरेश खन्ना और सांसद अरुण सागर ने किया भूमि पूजन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सांसद अरुण सागर ने वित्तमंत्री सुरेश खन्ना के साथ एक महत्वपूर्ण मार्ग का शिलान्यास किया। यह मार्ग 107.08 मीटर लंबा होगा और नगर विधानसभा के ग्राम हथौड़िया के पश्चिमी कोने से पीपल घाट की ओर जाने वाले मार्ग पर खन्नौत नदी सेतु के निर्माण को ध्यान में रखकर बनाया जाएगा। इस परियोजना में पहुँच मार्ग, अतिरिक्त पहुँच मार्ग और सुरक्षात्मक कार्य भी शामिल हैं। 18 करोड़ 74 लाख 81 हजार रुपये की अनुमानित लागत से बनने वाला यह सेतु क्षेत्र के हजारों नागरिकों के आवागमन को सुगम बनाएगा। सांसद अरुण सागर ने इस अवसर पर कहा कि शाहजहांपुर में विकास कार्यों के नए कीर्तिमान स्थापित किए जा रहे हैं, जो जल्द ही जिले की तस्वीर बदल देंगे। उन्होंने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश और प्रदेश में हो रहे विकास की सराहना की।सांसद ने बताया कि जहां कुछ साल पहले सड़कें गड्ढों से भरी होती थीं, वहीं अब उन जगहों पर पक्की सड़कें बन गई हैं, जिन पर वाहन आसानी से चल सकते हैं। उन्होंने शाहजहांपुर में हो रहे विकास कार्यों का श्रेय वित्तमंत्री सुरेश खन्ना को दिया। उन्होंने आगे कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नई सड़कें बनाई गई हैं और शहरी सड़कों को बेहतर किया गया है। सरकार विकास कार्यों के लिए बजट में कोई कमी नहीं कर रही है और लगातार सड़कों की मरम्मत तथा नए सड़कों के निर्माण के लिए बजट जारी किए जा रहे हैं। सांसद ने जोर दिया कि सरकार हमेशा देश की जनता की सहूलियत के बारे में सोचकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि इस सरकार में जनकल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर लाकर गरीबों को उनका लाभ दिया जा रहा है और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं। सांसद ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को सेवा का अवसर देने के लिए देश की जनता का आभार व्यक्त किया।

## महापौर ने इंदिरा नगर में विशेष स्वच्छता अभियान का निरीक्षण किया

**शाहजहांपुर।** महानगर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने के उद्देश्य से महापौर अर्चना वर्मा द्वारा इंदिरा नगर वार्ड में विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। महापौर ने क्षेत्र में सफाई व्यवस्था का स्थलीय निरीक्षण किया तथा स्वयं सफाई कार्य में सहभागिता कर स्वच्छता के प्रति जनजागरूकता का संदेश दिया।



महापौर ने सड़कों, नालियों, पार्कों एवं सार्वजनिक स्थलों की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को नियमित सफाई, कूड़ा निस्तारण तथा स्वच्छता मानकों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का भी नैतिक कर्तव्य है। महापौर ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वार्ड में कहीं भी गंदगी, जलभराव अथवा कूड़े के ढेर की स्थिति न बनने पाए तथा सफाई कार्यों की नियमित निगरानी की जाए।

## नीट एग्जाम: 7 केंद्रों पर 3069 परीक्षार्थियों ने दी परीक्षा



**शाहजहांपुर।** जनपद में नेशनल एलिजिबिलिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट) परीक्षा रविवार को शांतिपूर्ण ढंग से सात केंद्रों पर संपन्न हुई। उक्त परीक्षा में कुल 3262 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 3069 परीक्षार्थी शामिल हुए और 193 अनुपस्थित रहे। जिला प्रशासन व पुलिस ने शुचितपूर्ण ढंग से परीक्षा संपन्न होने पर राहत की सांस लिया। बता दें कि परीक्षा की निगरानी के लिए सात मजिस्ट्रेट, लगभग 400 पुलिसकर्मियों को भी तैनात किया गया था। डीएम, एसपी समेत अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की परीक्षा पर पूरी तरह निगरानी बनाई रखी गई। परीक्षा केंद्रों के बाहर सुबह 10 बजे तक ही परीक्षार्थियों व अभिभावकों की भीड़ आने शुरू हो गई थी। 11 बजे से 1:30 बजे तक ही परीक्षार्थियों की एन्ट्री केंद्रों में दी गई। परीक्षा दोपहर दो बजे से शाम 5:15 बजे तक चली।

एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा ने बताया कि जनपद में बनाए गए सभी केंद्रों पर नीट एग्जाम शांतिपूर्ण व सकुशल संपन्न करा लिया गया है। किसी तरह की कोई दिक्कत किसी भी केन्द्र से नहीं रही। परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थियों को अग्रिम शुभकामनाएं।

## खुदागंज–बीसलपुर रोड पर भीषण सड़क हादसा, दादा–नाती की दर्दनाक मौत

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**

नगर के खुदागंज-बीसलपुर रोड स्थित नई बाजार के सामने शनिवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में दादा और उनके नाती की मौके पर ही मौत हो गई। इस हृदयविदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे की सूचना मिलते ही घटनास्थल पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोग एकत्र हो गए और अफरा-तफरी का माहौल बन गया। शनिवार शाम करीब 8–30 बजे एक मोटरसाइकिल पर सवार दतेली गांव निवासी बुधपाल गंगवार उम्र लगभग 45 वर्ष अपने नाती उम्र लगभग5 वर्ष के साथ किसी कार्य से खुदागंज आये थे। और खुदागंज अपने गांव दतेली जा रहे थे तभी जैसे ही मोटरसाइकिल नई बाजार के सामने पहुंची, तभी सामने से आ रही एक स्वराज ट्रैक्टर-ट्रॉली से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और दोनों सवार गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दुर्घटना इतनी भयावह थी कि दोनों घायलों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख-पुकार मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद थाना खुदागंज पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थिति को संभाला। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे की खबर मिलते ही मृतकों के परिजन और ग्रामीण बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और गांव में मातम पसरा हुआ है। थाना पुलिस द्वारा दुर्घटना के कारणों की गहन जांच की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार ट्रैक्टर-ट्रॉली और मोटरसाइकिल की आमने-सामने की टक्कर हादसे का कारण बताई जा रही है, हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। इस दुखद हादसे ने एक बार फिर क्षेत्र में सड़क सुरक्षा और यातायात नियमों के पालन की आवश्यकता को उजागर कर दिया है। दादा और नाती की एक साथ हुई असमय मौत से न केवल परिजन बल्कि पूरा क्षेत्र स्तब्ध है। स्थानीय लोगों एवं जनप्रतिनिधियों ने मृतकों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार को इस दुःख की घड़ी में धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।



## राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नगर निगम के नवीन जोनल कार्यालय भवन का लोकार्पण

**शाहजहाँपुर, समृद्धि न्यूज।**

राज्य स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नगर निगम के नवीन जोनल कार्यालय भवन का लोकार्पण उत्तर प्रदेश सरकार के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना तथा महापौर अर्चना वर्मा के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर राज्यसभा सांसद मिथिलेश कुमार कठेरिया, लोकसभा सांसद अरुण कुमार सागर, पार्षद अहमदपुर नियाजपुर विजयलक्ष्मी , नगर आयुक्त सौम्या गुरुरानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। परियोजना की जानकारी देते हुए बताया कि जोनल कार्यालय भवन आधुनिक सुविधाओं से युक्त चार मंजिला भवन है। भवन में बेसमेंट की व्यवस्था की गई है, जिसमें दोपहिया एवं चारपहिया वाहनों की पार्किंग की सुविधा उपलब्ध रहेगी। नागरिकों की सुविधा के लिए कैफेटेरिया की व्यवस्था भी की गई है, जहां कर जमा करने अथवा अन्य कार्यों से आने वाले नागरिक प्रतीक्षा के दौरान बैठ सकेंगे। भवन में जोनल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए कार्यालय कक्ष, शिकायतों के निस्तारण हेतु व्यवस्थाएं, रिकॉर्ड रूम तथा अन्य प्रशासनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। उन्होंने बताया कि परियोजना की कुल लागत लगभग 7.31 करोड़ रुपये है। महापौर अर्चना वर्मा ने अपने संबोधन में वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री सुरेश कुमार खन्ना के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर निगम शाहजहाँपुर की स्थापना तथा जनपद को स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। उन्होंने कहा कि उनके सतत प्रयासों से शहर में अनेक विकास परियोजनाएं साकार हुई हैं और यह नवीन जोनल कार्यालय भवन भी उसी विकास यात्रा का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। अपने संबोधन में वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा कि नगर निगम का जोनल कार्यालय एक प्रकार का जनसेवा केंद्र है, जहां नागरिकों को विभिन्न नगर निगम सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इस भवन के लोकार्पण के साथ ही विकास का एक नया मार्ग प्रशस्त हुआ है और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में यह एक महत्वपूर्ण कदम है।उन्होंने कहा कि नगर निगम बनने के बाद शाहजहाँपुर के विकास को नई गति मिली है। स्मार्ट सिटी योजना के अंतर्गत नगर निगम क्षेत्र में आधारभूत सुविधाओं के विकास हेतु निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। विभिन्न विकास परियोजनाओं के माध्यम से सड़क, सर्विस लेन, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, सीवर लाइन तथा अन्य नागरिक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है, जिससे शहर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें। मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में शहरी विकास को प्राथमिकता दी जा रही है। उन्होंने पार्षदों से आह्वान किया कि वे अपने-अपने वार्डों में जनसमस्याओं के समाधान, स्वच्छता एवं नागरिक सुविधाओं के प्रति सक्रिय भूमिका निभाएं तथा अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा से निर्वहन करें। वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत व्यापक कार्य किए गए हैं। करोड़ों परिवारों को शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई गई है तथा खुले में शौच की समस्या को समाप्त करने की दिशा में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त हुई है। उन्होंने कहा कि जिन पात्र परिवारों के पास शौचालय की सुविधा नहीं है, उन्हें योजनाओं के माध्यम से इसका लाभ उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम में नागर आयुक्त सौम्या गुरुरानी सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, अधिकारीगण एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।



## भारत पर हमला, तो मदद

भारत के प्रधानमंत्री मोदी और अमरीकी राष्ट्रपति ट्रंप करीब 16 माह के लंबे अरसे के बाद मिले। बेशक हाथ मिलाए गए, लेकिन गर्मजोशी से गले नहीं मिले। न जाने क्यों? इस महामुलाकात के दौरान कई गांठें खुली होंगी, भ्रम टूटे होंगे, धारणाएं बदली होंगी, कई तरह की बर्फ भी पिघली होगी, नतीजतन राष्ट्रपति ट्रंप ने ओमान खाड़ी में तीन भारतीय नाविकों की हत्या पर शोक जताया और भविष्य में सभी नाविकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने का आश्वासन भी दिया। यह द्विपक्षीय मुलाकात फ्रांस में जी-7 सम्मेलन के एक तरफ की गई। राष्ट्रपति ट्रंप ने पहली बार ऐसा बयान देकर दुनिया को चौंका दिया कि यदि किसी ने इस शख्स (प्रधानमंत्री मोदी की ओर इशारा कर) पर हमला किया, तो हम भारत की मदद करेंगे। जब तक भारत में प्रधानमंत्री मोदी हैं, तब तक प्रत्येक हमले में अमरीका भारत के साथ खड़ा रहेगा। राष्ट्रपति ट्रंप ने यह भी स्पष्ट किया कि यदि भारत में कोई नया नेता होगा, तो फिर उन्हें (ट्रंप को) सोचना पड़ेगा। अमरीकी राष्ट्रपति का यह अभिमत तब सामने आया, जब उनसे भारत के साथ रक्षा-सहयोग का सवाल पूछा गया। बेशक भारत और अमरीका रणनीतिक साझेदार देश हैं। दोनों के बीच रक्षा, सुरक्षा, संरक्षा के करार मौजूद हैं। ये करार भावनात्मक भी हैं और मसविदों पर अंकित भी हैं। सबसे अहम उदाहरण 'क्वाड' का है, जिसमें भारत और अमरीका के अलावा, जापान और ऑस्ट्रेलिया भी शामिल हैं। इन देशों के लिए हिंद महासागर और प्रशांत महासागर के क्षेत्र अत्यंत महत्वपूर्ण और संवेदनशील हैं। करीब 35 फीसदी व्यापार हिंद महासागर के जरिए होता है। वहां चीन भी मौजूद है और कभी-कभार हेकड़ी भी दिखाता है, लिहाजा अमरीका के इस क्षेत्र में अस्तित्व और सक्रियता के लिए तथा चीन की आक्रामकता का जवाब देने के लिए अमरीका को भारत की जरूरत है। और कोई विकल्प ही नहीं है। संभवतः राष्ट्रपति ट्रंप का बयान इसी परिदृश्य और संवेदनशीलता के मद्देनजर आया हो! इसके अलावा, मई 2025 में 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान चीन और तुर्किये ने पाकिस्तान की सैन्य मदद की थी, उसके बावजूद भारत की वायुसेना ने पाकिस्तान के एयरबेस और विमानों को मिट्टी-मलबे में तबदील कर दिया था। बहरहाल अब राष्ट्रपति ट्रंप ने सार्वजनिक बयान दिया है कि भारत पर किसी भी हमले की सूरत में अमरीका मदद करेगा। यह कूटनीतिक समीकरणों में ऐतिहासिक बदलाव का स्पष्ट संकेत है, क्योंकि भारत पहले सोवियत संघ समर्थक था और अब भी रूस का घनिष्ठ मित्र है, लेकिन अमरीका का घोषित रणनीतिक साझेदार भी है। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति ट्रंप को साफ कहा है कि साझेदारी समान और सम्मानजनक होनी चाहिए। कोई भी रिश्ता, संबंध 'भरोसे' के बूते ही कामयाब होता है। भारत-अमरीका के रिश्तों में बीते 16 माह के दौरान उतार-चढ़ाव आते रहे हैं, अमरीकी राष्ट्रपति ने भारत को 'डेड इकोनॉमी' करार दिया है। भारत की तुलना नरक से की है और भारत पर 50 फीसदी टैरिफ भी थोपा है। वे बयान मानसिकता के किसी झोंके में कहे गए होंगे, लेकिन हकीकत यह है कि दोनों देश आपस में पूरक हैं। जहां तक रक्षा-सहयोग का संदर्भ है, तो भारत आज रूस से 40 फीसदी हथियार खरीदता है, फ्रांस से करीब 29 फीसदी और इजरायल से 15-16 फीसदी खरीदता है। इस सूची में अमरीका लगभग गायब है, जबकि वह दुनिया में हथियारों का सबसे बड़ा, करीब 42 फीसदी, सप्लायर है। संभवतः यह यथार्थ राष्ट्रपति ट्रंप को परेशान करता होगा! शायद इसीलिए भी ट्रंप ने रूस से कच्चा तेल खरीदने की इजाजत भारत को दी है। अमरीकी बंदिश बुधवार को समाप्त हो चुकी थी। बहरहाल राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत के साथ 'व्यापार समझौते' की उम्मीद जताई और प्रधानमंत्री मोदी के साथ बातचीत को 'सार्थक' करार दिया। उन्होंने भारत के साथ 19 ट्रिलियन डॉलर से अधिक के कारोबार की उम्मीद जताई है। भारत करीब 30 फीसदी इलेक्ट्रॉनिक मशीनरी, उपकरण, करीब 10 फीसदी दवाएं और 8 फीसदी से ज्यादा परमाणु रिएक्टर आदि अमरीका को निर्यात करता है। बहरहाल यह शीर्ष मुलाकात तब हुई है, जब शुक्रवार को अमरीका-ईरान में शांति-समझौते पर हस्ताक्षर प्रस्तावित हैं। राष्ट्रपति ट्रंप मानते हैं कि विश्व-व्यवस्था में भारत का योगदान अप्रतिम है। वह बार-बार प्रधानमंत्री मोदी को 'पक्का दोस्त' कहते रहे और जल्द ही भारत आने की बात भी उन्होंने कही है।

# योग : आनंद का सागर



हृदयनारायण दीक्षित

योग अस्तित्व से शक्ति अर्जित करने का विज्ञान है। इसके बीज सूत्र ऋग्वेद में है। उपनिषदों में है। गीता में विस्तृत हैं। बुद्ध पंथ में तमाम यौगिक क्रियाओं का उल्लेख है। मार्शल ने हड़प्पा सभ्यता पर 'मोहनजोदड़ो एंड दि इंडस सिविलाइजेशन' पुस्तक लिखी थी। इस ग्रंथ में शिव को आर्य देवताओं से भिन्न देवता बताया है। किताब में योग के बारे में लिखा है, शैव मत के समान योग का उद्भव भी आर्यों से पहले की आबादी में हुआ था। काव्यों के युग के पहले उसकी कोई महत्वपूर्ण भूमिका आर्यों के धर्म में नहीं थी। मार्शल का विवेचन सही नहीं है। वे सिंधु सभ्यता को वैदिक सभ्यता से प्राचीन मानते थे। उनकी मानें तो योग सिंधु सभ्यता के समय विकसित हुआ। वैदिक पूर्वजों ने इसे बहुत बाद में जाना। यह तथ्य संगत नहीं है। वैदिक पूर्वज योग से परिचित थे।

योग चित्त चंचलता की समाप्ति का विज्ञान है। योग के द्वारा बुद्धि का जागरण वैदिक काल में भी था। यह जागरण सामान्य नहीं है। ऋग्वेद (5.44.14) में कहते हैं, जो जागे हुए हैं। ऋचाएं उनकी कामना करती हैं। मन की चंचलता मनुष्य का स्वभाव है। स्थिरप्रज्ञता योग की उपलब्धि है। ऋग्वेद में इन्द्र से कहते हैं, आपका मन हमारी ओर हो। (8.45.6) वैदिक देव इन्द्र योग के विज्ञ थे। इन्द्र की प्रशंसा में कहते हैं, आपने जन्म लेते ही अपना मन स्थिर किया। सृजन का आनंद भी योग से मिलता है। ऋग्वेद (9.68.5) में कहते हैं, आनंद प्रशिक्षित मन से आता है। मार्शल की आधी बात ठीक है कि हड़प्पावासी योग से परिचित थे। मार्शल की यह बात गलत है कि ऋग्वैदिक काल में योग साधना नहीं थी। मार्शल की यह बात भी गलत थी कि आर्य जन योग से अपरिचित थे। ऋग्वेद में हिरण्यगर्भ का उल्लेख है। वे योग के प्रथम प्रवक्ता माने जाते हैं। योग को व्यवस्थित रूप में विज्ञान बनाने का काम ईसा की दूसरी सदी पूर्व पतंजलि ने किया था। माना जाता है कि वे पुष्यमित्र शुंग के परामर्शदाता थे। पतंजलि ने पाणिनि के व्याकरण पर महाभाष्य लिखा था। उन्होंने ही योगसूत्र नामक महान ग्रंथ लिखा है।

भारतीय दर्शन में दुख का मूल कारण अविद्या है। सांसारिक भोग सुख नहीं देते। पतंजलि ने चित्तवृत्तियों को सुख-दुख का कारण माना है। सिग्मंड फायड प्रसिद्ध मनसविद् थे। उन्होंने मन का मजेदार विश्लेषण किया है। उन्होंने तीन तरह के मन बताए हैं। पहला क्षिप्त मन। दूसरा विक्षिप्त मन और तीसरा मूढ़ मन। लेकिन पतंजलि ने मूढ़, क्षिप्त, विक्षिप्त, एकाग्र और निरुद्ध सहित चित्त की पांच अवस्थाएं बताईं। इन चित्त वृत्तियों की समाप्ति को योग का लक्ष्य बताया-योगश्च चित्त वृत्ति निरोधः (योगसूत्र 2) बताया। मनुष्य का चित्त द्रव्य या पदार्थ नहीं है। पदार्थ होता तो विज्ञान की पकड़ में आता। चित्त मनुष्य शरीर का अति सूक्ष्मतम अदृश्य भाग है। मन और शरीर मिले हुए हैं। मन खराब हो तो शरीर कष्ट पाता है।

शरीर में चोट हो तो मन दुखी होता है। अपमान का अनुभव मन पर होता है। ताप शरीर पर होता है। बाईबिल में भी योग के संकेत हैं। बाइबिल (मैथ्यू 5.3) में कहते हैं, वे धन्य हैं जो मन के दीन हैं। स्वर्ग का राज्य उनका है। एकाग्र मन आनंद का स्रोत है।

मन महत्वपूर्ण है। यजुर्वेद के शिव संकल्प सूत्रों में मन को शिवत्व से भरने की स्तुति है। इसमें 6 मंत्र हैं। कहते हैं, हमारा मन नदी पर्वत आकाश तक जाता है। हम उसे वापस बुलाते हैं। सभी 6 मंत्रों के अंत में तन्मे मनः शिव संकल्पम अस्तु जुड़ा हुआ है। चित्तवृत्तियों की समाप्ति से एकाग्रता आती है। एकाग्रता की प्राप्ति योगाभ्यास से होती है। मन के साथ शरीर भी स्वयं में स्थिर होता है। स्वयं में स्थिर होना स्वस्थ होना है। पतंजलि के सूत्र संक्षिप्त हैं। कहीं-कहीं एक ही शब्द का वाक्य है। वे आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से आत्मबोध कराते हैं। आसन और प्राणायाम सरल शब्द हैं। ध्यान और समाधि कठिन है। ध्यान एकाग्रता है। पतंजलि के अनुसार ध्यान का केन्द्र केवल उपकरण है। योगसूत्र में प्रीतिकर विषय पर ध्यान के विकल्प हैं। योगसूत्र (समाधिपाद 39) में कहते हैं, यथाभिमतध्याना द्वा-जिसकी जैसी इच्छा हो उस केन्द्र पर ध्यान करे। फिर कहते हैं अथवा ईश्वर पर प्राण-ध्यान लगाएं-ईश्वर प्रणिधाना द्वा (वही 23) पतंजलि के सूत्रों में ईश्वर पर ध्यान एक विकल्प है। पतंजलि का ईश्वर सामान्य ईश्वर नहीं है। वे ईश्वर की परिभाषा भी बताते हैं, क्लेश, कर्म, कर्मफल और वासना से असम्बद्ध चेतना विशेष ईश्वर है (वही 24)। आगे कहते हैं, समय के पार होने के कारण वह गुरुओं का गुरु है। योग सिद्धि में समय नहीं होता। इस परिभाषा के अनुसार कोई भी योग के माध्यम से ईश्वर जैसा हो सकता है।

योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है। पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है।

योग भारत का प्राचीन विज्ञान है। दर्शन भी है। इसकी स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। इस महापर्व की तैयारियां उल्लासधर्मा हैं। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हो रहे हैं। भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना-जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है। प्रतियोगिता शब्द इसी से बना है। ज्ञान को साधना का उपकरण बनाना ज्ञान योग है। भक्ति मार्ग भक्ति योग है। कर्म प्रधानता कर्म योग है। संसार को माया और ब्रह्म को वास्तविक जान संन्यास योग है। ज्योतिष में गृह स्थितियों की अनुकूलता संयोग है। गणित में अंकों का जोड़ भी योग है। योग जोड़ने का विज्ञान है। आत्मबोध का दर्शन है। यह अंधविश्वास नहीं है।

*(लेखक, उत्तर प्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष हैं।)*



*योग आनंद का सागर है। योग सिद्ध स्वस्थ व्यक्ति हिंसक नहीं हो सकता। उसके चित्त से सृजन फूटते हैं। योग सिद्धि के लगातार अभ्यास जरूरी है। उपलब्धि प्राप्ति के प्रति अनासक्ति से योग के लाभ मिलते हैं। पतंजलि ने स्वयं कहा है कि जिनके प्रयास मृदु या मध्यम होते हैं। उन्हें योग के लाभ उसी मात्रा व समय में मिलते हैं। जिनके प्रयास तीव्र होते हैं उन्हें योग का फल तत्काल मिलता है। पतंजलि ने योग सिद्ध बुद्धि के लिए ऋतम्भरा शब्द का प्रयोग किया है-ऋतम्भरा तत्र प्रज्ञा। ऋतं शब्द पहली बार ऋग्वेद में आया है। इसका अर्थ अस्तित्व का संविधान है। ऋतम्भरा साधारण बुद्धि नहीं है। एक बुद्धि मनुष्य की होती है। एक बुद्धि समूचे ब्रह्माण्ड की होती है। ऋतम्भरा पूरे ब्रह्माण्ड की बुद्धि है। फिर समाधि की चर्चा है। और अंततः कैवल्य की। योग दर्शन सत्य के द्वार खोलता है। योग से तमाम बीमारियों के उपचार भी होते हैं। लेकिन ऐसे उपचार योग के प्राथमिक चरण में ही पूरे हो जाते हैं। असली बात है कैवल्य या निर्बीज समाधि। तब योगी संसार में रहते, चलते, उठते, बैठते सभी अवस्थाओं में निस्पृह और निष्काम रहता है। योग विज्ञान भारतीय दर्शन का प्रतिष्ठित अंग है। योग भारत का प्राचीन विज्ञान है। दर्शन भी है। इसकी स्वीकृति अंतरराष्ट्रीय है। 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस है। इस महापर्व की तैयारियां उल्लासधर्मा हैं। भारत के सभी क्षेत्रों राज्यों में योग दिवस के आयोजन हो रहे हैं। भारतीय राष्ट्र जीवन में योग यत्र तत्र सर्वत्र है। बिना प्रयास किसी का मिलना-जुड़ना संयोग है। अलग हो जाना वियोग है। सहायक बना लेने का ज्ञान उपयोग हैं। आरोपित करना अभियोग है। वस्तुओं का उत्पादन करना उद्योग है। शक्ति का गलत प्रयोग दुरूपयोग है। शक्ति का प्रतिस्पर्धी प्रयोग प्रतियोग है।*

विचार

# साझी विरासत ने देश को दिया अमृत तो कट्टरपंथ दे रहा ज़हर!



राहुल कुमार गुप्ता

कला और संस्कृति की भूमि कहे जाने वाले इस देश की रूह हमेशा से ही उस मिट्टी की तरह रही है, जो हर बीज को पनाह देती रही है, बशर्ते वह बीज नफरत का न हो। जब हम इतिहास और समकालीन समाज के पन्नों को पलटते हैं, तो हमें एक ऐसी साझी विरासत दिखाई देती है जिसने सदियों से इस मुल्क को संवारा है। एक तरफ हमारे पास अमीर खुसरो, उस्ताद बिस्मिल्लाह खान, उस्ताद अमजद अली खान, शकील बदायूंनी और नौशाद जैसे नाम हैं, जिन्होंने अपनी कला और साधना से भारतीय संस्कृति को वो ऊंचाई दी जिसकी मिसाल पूरी दुनिया में दी जाती है। जब मोहम्मद रफी

राम जी की निकली सवारी,
तूने मुझे बुलाया शेरावालिए,
अंबे तू है जगदंबे काली, और

बड़ी देर भई नंदलाला जैसे ईश्वरीय गीत गाते हैं या साहिर लुधियानवी तोरा मन दर्पण कहलाए जैसी अमर पंक्तियां लिखते हैं, तो वहां धर्म की दीवारें पिघलकर पानी हो जाती हैं। जावेद अख्तर का ओ पालनहारे लिखना या राही मासूम रज़ा का महाभारत जैसी कालजयी कृति की पटकथा और संवाद को जीवंत कर पवित्रता के साथ पिरोना, इस देश की असली पहचान है। महाभारत सीरियल में अर्जुन का किरदार निभाने वाले फिरोज खान ने अर्जुन का किरदार ऐसे निभाया कि सच में यह उस काल के ही अर्जुन हैं। इस किरदार में वो ऐसा खोये की उन्होंने अपना नाम अर्जुन ही रखा लिया। यह वह हिंदुस्तान है जहां कला मानवता और प्रगतिशीलता की भाषा बोलती है, जहां सुर और शब्द मिलकर दिलों को जोड़ने का पुल बनाते हैं। लेकिन इस खूबसूरत तस्वीर का एक दूसरा पहलू भी है, जिसे अनदेखा करना ऐतिहासिक और सामाजिक रूप से सच से मुंह मोड़ने जैसा होगा। गंगा-जमुनी तहजीब का जो ताना-बाना हम देखते हैं, उसे समय-समय पर सिर्फ एकतरफा ही नहीं, बल्कि अंदरूनी और बाहरी दोनों तरह की चरमपंथी ताकतों ने नुकसान पहुंचाया है। यदि हम साल 2014 से पहले के कालखंड का निष्पक्ष विश्लेषण करें, तो भारतीय समाज के भीतर एक गहरा अंतर्विरोध भी पनप रहा था, जिसने सामाजिक समरसता को गंभीर चोट पहुंचाई। इस्लाम के भीतर ही एक ऐसा धड़ा सक्रिय रहा, जिसने धार्मिक ग्रंथों की मनमानी और संकीर्ण व्याख्या करके युवाओं के एक वर्ग को गुमराह करने का प्रयास किया। इस गलत विचारधारा के प्रभाव में आकर जब कुछ युवाओं ने अपराध का रास्ता चुना, तो समाज के एक हिस्से में उन अपराधियों और माफियाओं को मसीहा या रहनुमा के रूप में देखने की आत्मघाती प्रवृत्ति भी दिखाई दी। किसी भी सभ्य समाज में जब कानून तोड़ने वाले और सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वाले तत्वों को नायक का दर्जा मिलने लगे, तो वह समाज के नैतिक पतन की शुरुआत होती है। इसके साथ ही, तत्कालीन राजनीतिक परिदृश्य में तुष्टिकरण की नीतियों ने इस कड़वाहट को और हवा दी। जब तत्कालीन प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह का यह बयान सामने आया कि देश के संसाधनों पर पहला हक अल्पसंख्यकों, का है, तो उसने बहुसंख्यक समाज के भीतर एक गहरी असुरक्षा और आक्रोश की भावना को जन्म दिया। तब कई बुद्धिजीवियों ने विरोध भी प्रदर्शित किया और कहा कि संसाधनों का बंटवारा धर्म के आधार पर नहीं बल्कि जरूरत और पिछड़ेपन के आधार पर होना चाहिए, लेकिन राजनीतिक लाभ के लिए की गई इन घोषणाओं ने समुदायों के बीच की दूरी को और बढ़ा दिया। सत्ता संरक्षण और प्रशासनिक ढिलाई के चलते ही देश ने कश्मीरी पंडितों का वीभत्स नरसंहार और उनका ऐतिहासिक पलायन देखा, जिसने मानवता के माथे पर एक कभी न मिटने वाला कलंक लगा दिया। संभल और बरेली जैसे दंगों के उदाहरण इस बात के गवाह हैं कि किस तरह तुष्टिकरण की राजनीति के चलते बहुसंख्यक आबादी को प्रताड़ित होना पड़ा और कानून व्यवस्था मूकदर्शक बनी रही। विदेशी फंडिंग के माध्यम से जनसांख्यिकीय असंतुलन पैदा करने और लव जिहाद जैसी सुनियोजित गतिविधियों के आरोप भी इसी दौर में सतह पर आए, जिसने सामाजिक विश्वास की बुनियाद को हिलाकर रख दिया। साल 2014 के बाद देश की राजनीतिक और प्रशासनिक दिशा में एक बड़ा बदलाव आया। इस बदलाव के बाद सरकारी नीतियों में वोट बैंक आधारित तुष्टिकरण को समाप्त करने का प्रयास किया गया और सबका साथ, सबका विकास के नारे के तहत प्रशासनिक निष्पक्षता को प्राथमिकता दी गई। सत्ता के इस संरक्षण के हटने से निश्चित रूप से उन तत्वों पर लगाम कसी गई जो धार्मिक आड़ में अपराध और अराजकता फैलाते थे। कानून का इकबाल बुलंद होने से अपराधियों में भय का माहौल बना, जिससे आम नागरिक ने राहत की सांस ली। परंतु, इस प्रशासनिक सुधार के साथ ही समाज के एक दूसरे छोर पर एक नई चुनौती ने जन्म ले लिया। तुष्टिकरण के खात्मे की आड़ में कुछ तत्वों ने सोशल मीडिया और सार्वजनिक मंचों से सीधे एक पूरे समुदाय के खिलाफ जहर उगलना शुरू कर दिया। कला और साहित्य के क्षेत्र में भी इसका असर दिखा, जहां रचनात्मकता की जगह नफरत की चाशनी ने ले ली। आदिपुरुष जैसी फिल्मों में हनुमान जी और रावण के मुंह से छिछले और अमर्यादित संवाद बुलवाना इसी विकृत मानसिकता का परिणाम है, जो धर्म की रक्षा के नाम पर खुद संस्कृति का चीरहरण करती है। आज जब भारत अपने भविष्य की ओर देख रहा है, तो हमें यह समझना होगा कि एक स्वस्थ और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए अतीत की गलतियों को सुधारना जितना जरूरी है, उतना ही जरूरी भविष्य को नफरत से बचाना भी है। यदि 2014 से पहले का दौर तुष्टिकरण और बहुसंख्यक समाज की अनदेखी के घावों से भरा था, तो वर्तमान दौर भी सोशल मीडिया के एल्गोरिदम और नफरती बयानों के जरिए पैदा की जा रही कड़वाहट से अछूता नहीं है। सच्ची प्रगति तब तक संभव नहीं है जब तक समाज का हर नागरिक खुद को सुरक्षित और सम्मानित महसूस न करे। अपराध और उग्रवाद चाहे किसी भी मजहब के नाम पर हो, उसे बिना किसी तुष्टिकरण के कड़ाई से कुचला जाना चाहिए, लेकिन इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि निर्दोषों को किसी नफरती एजेंडे का शिकार न होना पड़े। भारतीय वातावरण में फिर से मोहब्बत, प्रगति और चैन की फिज़ा को बहाल करने का एकमात्र रास्ता यह है कि हम अपनी साझी सांस्कृतिक विरासत की ओर लौटें। हमें कबीर की उस खरी बात को अपनाना होगा जो दोनों पक्षों के पाखंड पर प्रहार करती है। हमें रसखान के उस कृष्ण प्रेम को याद करना होगा जो मजहब की हदों को नहीं मानता था। समाधान इस बात में छिपा है कि हम कानून के शासन को बिना किसी भेदभाव के लागू करें, जहां अपराधी सिर्फ अपराधी हो, उसका कोई धर्म न हो। इसके साथ ही, समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आकर सोशल मीडिया पर परोसी जा रही नफरत का बहिष्कार करना होगा। जब हम अपनी प्रार्थनाओं में ईश्वर अनेक होते हुए भी एक ही है इस वास्तविक सच को दोबारा शामिल करेंगे और राजनीति से परे हटकर इंसानियत को तरजीह देंगे, तभी यह मुल्क अपनी उस साझी तहजीब को बचा पाएगा जिसने इसे दुनिया का सबसे अनोखा और खूबसूरत गुलदस्ता बनाया है।

साहित्य

## जब से वह चले गए



बिंदेश कुमार झा

अगर मैं अपने हृदय की वेदना
तुम्हें सुना दूं तो
तुम रो तो ना दोगे प्रिय
अगर यह पीड़ा तुम्हें बता दूं तो
विभिन्न दुख के जंजाल है
इस मधुर जीवन में
कई आशाएं संजोए हैं
इस प्रेमयुक्त मन में
सन्नाटा छाया हुआ है
परंतु हृदय में अत्यंत शोर है
तुम्हारे आने की आशा में
यह हृदय भावविभोर है
इस करुणामई जीवन को
सुखद कर दो अपने आगमन से
यह तुम्हारी परीक्षा में हैं





# राशिफल

**मेषः-** आज सावधानी बरतने की सलाह गणेशजी आपको देते हैं। संभव हो तो सरकार विरोधी कार्य से दूर रहिएगा। दुर्घटना से भी बचकर चलिएगा।

**वृषभः-** आपको रुचिकर मित्रों और स्वजनों के साथ घूमने-फिरने से आनंद-उल्लास प्राप्त होगा। सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर आपको प्राप्त होगा।

**मिथुनः-** सुंदर वस्त्राभूषण और भोजन का अवसर आपको प्राप्त होगा, परंतु मध्याह्न के बाद स्वास्थ्य संभालने की ओर सावधानी बरतने की गणेशजी सलाह देते हैं। खर्च अधिक होगा।

**कर्कः-** गणेशजी कहते हैं कि भविष्य के लिए आर्थिक योजना बनाने के लिए समय अच्छा है। एकाग्रतापूर्वक कार्य करने से कार्य में सफलता अवश्य मिलेगी।

**सिंहः-** आज आप शारीरिक और मानसिक रूप से अस्वस्थ रहेंगे। माता के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी। आर्थिक रूप से हानि हो सकती है। मध्याह्न के बाद आप आर्थिक योजनाओं पर विचार कर सकते हैं।

**कन्याः-** गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा। गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है।

**तुलाः-** गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है।

**वृश्चिकः-** प्रियजनों के साथ मुलाकात होगी। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे। मध्याह्न के बाद स्थिति में बदलाव होगा। गूढ़ रहस्य और आध्यात्मिकता के प्रति आपका अधिक आकर्षण रहेगा।

**धनुः-** गणेशजी के आशीर्वाद से आपको आर्थिक रूप से लाभ होने की संभावना है। नए कार्य का प्रारंभ करने के लिए समय शुभ है। विरोधियों पर आप विजय प्राप्त कर सकेंगे।

**मकरः-** सामाजिक रूप से ख्याति प्राप्त होने से आज व्यावसायिक, आर्थिक तथा सामाजिक रूप से लाभदायी दिन है। वाहन चलाते समय भी सावधानी रखिएगा।

**कुंभः-** आपका मान-सम्मान बढ़ेगा और धनलाभ होने के संकेत गणेशजी आपको देते हैं। प्रत्येक कार्य सरलतापूर्वक संपन्न होगा।

**मीनः-** व्यवसायी और व्यापारीवर्ग के लिए प्रातःकाल का समय अनुकूल नहीं है, ऐसा गणेशजी कहते हैं। प्रतिस्पर्द्धियों के साथ व्यर्थ चर्चा या विवाद न करिएगा।

# मनुष्य के चित्त का भटकाव रोकता है योग

अरुण कुमार दीक्षित

योग का अर्थ जोड़ होता है। योग व्यक्ति के अन्तस का रसायन शास्त्र परिवर्तित कर देता है। योग से व्यक्ति के अंदर प्रेम रस के स्रोत आने लगते हैं। नई चेतना आने लगती है। ऊर्जा से मनुष्य भर जाता है। व्यक्ति अप्रेम से प्रेम की ओर उन्मुख हो जाता है। व्यक्ति द्वैत से अद्वैत की यात्रा में आ जाता है। ऐसा योगी जन कहते आए हैं। हमारे जैसों ने हमने योग किया। अमुक ने योग किया। कुछ घटित नहीं हुआ। फलित नहीं हुआ। हम तत्काल निष्कर्ष पर जाते हैं। हमें वह नहीं हो रहा जो शास्त्रों में बताया गया है।

श्रीकृष्ण कहते हैं कर्म तुम्हें करना है। तुम फल क्या आएगा इस निष्कर्ष में न पड़ो। श्रीकृष्ण कहते हैं कर्मण्येवाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचनः तुम्हारा अधिकार कर्म करने का ही है। परिणाम पर तुम्हारा अधिकार नहीं है। परिणाम में तुमसे संबंध नहीं है। तुम फल से असंबद्ध ही रहो। वे आगे कहते हैं मा कर्मफलहेतुर्भ तुम स्वयं को अपने कर्मों फलों का कारण मत जानो। वह निष्काम कर्म की बात कर रहे हैं। वे कह रहे हैं फल की ओर ध्यान न देकर पूरी शक्ति कर्म पर लगा दो। यहां यह भी लगता है कि जब पूरी शक्ति किसी कर्म में लगेगी तो बहुत सम्भव है परिणाम अच्छा आएगा। गीता में योग के विषय में कहा गया है कि जीव का परमात्मा के साथ जो सम्बंध है वह योग है। वस्तु व्यक्ति क्रिया, पदार्थ, घटनाओं वस्तुओं आदि के सम्बंध भोग है। योग नित्य और भोग अनित्य है।

पतंजलि श्रीकृष्ण के बाद हुए। पतंजलि योगाश्चितवृत्ति निरोध की देशना में है। पतंजलि कहते हैं योग से मनुष्य के चित् की वृत्तियों का निरोध हो जाता है। चित्त का भटकाव रुक जाता है। चित्त का व्यापार रुक सकता है। मगर पतंजलि का यह वक्तव्य बड़ा कठिन मालूम पड़ता है। योग में कैसे उतरा जाए। कोई योग का विद्यार्थी पहली सीढ़ी में क्या करे। यहाँ ध्यान रहे की बात चित्त वृत्ति के निरोध की हो रही है। रोकने की हो रही है। और हम जीवन व्यापार में लगातार उठते बैठते लगे रहते हैं। हम आँख बंद कर योग के लिए बैठते हैं हमको सब दृश्य लाभ-हानि के दिखाई देने लगते हैं। तभी संपत्ति भी दिखाई देने लगती है। यहाँ फिर वही बात है कि माया पीछा करती है। बड़ी कठिनाई है? योग से यह कठिनाई चली जाती है। और योग में उतरने के पहले ही यह कठिनाइयां योग में जाने नहीं देती हैं। जीवन के अनेक नए पुराने दृश्य दिखाई देने लगते हैं। जैसे ही आँख बंद कर बैठे वैसे जगत सामने नृत्य करता है। ज्ञानी जनो ने इसे माया कहा। कबीर ने कहा कि माया महाठगिनी हम जानी।

लोग गुरुओं के पास जाते हैं वह व्यायाम को योग बताने लगते हैं। यह और झंझट है। योग में व्यायाम आ गया। व्यायाम और कसरत योग से भिन्न है। हाँ व्यायाम से शरीर हृष्ट-पुष्ट बलिष्ठ बनता है। व्यायाम और आहार की शुद्धता आलस्य नही आने देते हैं। आहार ठीक नहीं तो शरीर खराब होगा। आहार उत्तेजक है या अधिक है तो शरीर मन दोनों उत्तेजना में रहेंगे। इसलिए शुद्ध आहार से शुद्ध विचार आते हैं। मगर चेतना का स्तर ऊर्ध्व नहीं होता है। योग बिलकुल अलग बात है।

पतंजलि योग की पहली सीढ़ी में कहते हैं। यम। यम के पांच अर्थ बताए गए हैं। पहला है अहिंसा। मन और वचन शब्दों से किसी को कष्ट न होने पाए। कोई आपसे दुखी न होने पाए। दूसरा है सत्य। अब यह और कठिन है। सत्य का व्यवहार करना है। दिन-रात झूठ के व्यवहार हैं। व्यापार भी हैं। राजनीति में दिनभर असत्य बोलने की कार्यवाही है।

ईशावास्योपनिषद की एक ऋचा में कहा गया है, कि परम सत्य का मुँह हिरण्यमय स्वर्ण पात्र से ढंका है। उपनिषदों में सत्य (ब्रह्म) को निराकार अजन्मा कहा गया है। उपनिषद दार्शनिक और खोज पर जोर देते हैं। गीता में ज्ञान के साथ कर्म कर्तव्य पर जोर है। सत्य को ही बोला जाए सत्य को पहले ही जान लिया जाए। यहाँ फिर तब योग की आवश्यकता पर प्रश्न है। तीसरा है अस्तेय। चोरी न करना। किसी वस्तु की चोरी न करना। यहां चोरी न करना सनातन में निंदित रहा है। भारतीय संस्कृति में बुद्ध, महावीर, श्री अरविंद भी चोरी नहीं करने और अहिंसा पर जोर देते हैं। गांधी ने भी अहिंसा पर जोर दिया। यहाँ पतंजलि चोरी न करने की बात को भी योग से जोड़ते हैं। चित्त से जोड़ते हैं। चोरी न करना योग में उतरने में सहायक बता रहे हैं। अहिंसा को सत्य को चित्त की वृत्ति से जोड़कर योग में जाने का मार्ग वे प्रशस्त करते दिखाई देते हैं। फिर कहते हैं ब्रह्मचर्य। अपनी इंद्रियों को संयम में रखना। अपनी ऊर्जा को बचाकर रखना। इसके बाद है अपरिग्रह। अर्थात वस्तुओं को एकत्रित न करना। संग्रह न करना।

यहाँ निर्मल चित्त योग की नदी पार करने की यात्रा में सहायक होगा। गीता में ही कृष्ण कह रहे हैं योग शारीरिक अभ्यास नहीं है। आत्मा और परमात्मा के मिलन के समभाव में रहकर अपना कर्तव्य निर्वाह ही योग है। गीता अध्याय 2 में श्लोक 48 में उन्होंने समत्वं योग उच्चते कहा है। कृष्ण कहते हैं कि सफलता या असफलता की चिंता किए बिना समभाव में रहकर अपना कर्तव्य निर्वाह ही योग है। फिर वह कर्म योग की बात करते हैं। निष्काम कर्म को श्रेष्ठ कह रहें हैं। गीता में योग के तीन प्रमुख मार्ग बताए गए हैं। पहला कर्म योग निष्काम भाव से अपने कर्तव्यों का पालन करना। दूसरा भक्ति योग पूर्ण श्रद्धा और प्रेम के साथ ईश्वर की शरण में जाना। तीसरा है ज्ञान योग। विवेक और ज्ञान योग के माध्यम से सत्य को जानना। योग व्यायाम नहीं है आत्मा का परमात्मा से मिलन और जीवन जीने की उत्कृष्ट कला है योग। गीता में योग कर्मसु कौशलम् अर्थात कर्म में कुशलता। श्रीकृष्ण कहते हैं कर्मों की पूरी कुशलता और संतुलन के साथ करना ही योग है। यहां कुशलता का अर्थ चतुराई नहीं है बल्कि अनासक्त फल की इच्छा के बिना कर्तव्य पालन है।

वहीं, पतंजलि ने दुख के पांच कारण बताए हैं, जिन्हें योग द्वारा समाप्त किया जा सकता है। इनमें पहला है अविद्या या असत्य को सत्य मान लेना। दूसरा है अस्मिता अहंकार या स्वयं को शरीर और मन समझ लेना। तीसरे को पतंजलि ने राग कहा है। सुख के प्रति अत्यधिक मोह राग है। और चौथा है अप्रिय के प्रति और अनुभवों के प्रति गुस्सा किया जाना। सफलता के दो स्तम्भ बताएं हैं। मन को स्थिर करने और योग में सफलता के दो उपाय हैं। इसके लिए अभ्यास प्राथमिक है। मन को शांत रखने के लिए लंबे समय तक नियंत्रण का प्रयास करना। दूसरा है वैराग्य अर्थात बाहरी दुनिया की क्षणिक और भौतिक वस्तुओं के प्रति इच्छा का त्याग करना। योग वह अवस्था है जो मनुष्य को संसार के दुखों के बंधनों से मुक्त कर देती है।

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक:** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# दिल्ली से घर लौटे युवक की ईंट से कूंचकर हत्या, खेत में मिला शव

- प्रेमिका ने फोन कर दी मौत की सूचना
- परिजनों ने युवती के परिवार पर लगाया साजिश रचकर हत्या का आरोप
- प्रेम-प्रसंग और रंजिश के बिंदु पर जांच में जुटी पुलिसः अजय कुमार



**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** सदर कोतवाली क्षेत्र के मानीमऊ चौकी अंतर्गत लीलापुरवा गांव में दिल्ली से घर लौट रहे युवक की निर्मम हत्या कर दी गई। रविवार सुबह गांव से करीब 500 मीटर दूर खेत के किनारे उसका शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। हत्यारों ने युवक के चेहरे और सिर को ईंटों से बुरी तरह कुचल दिया था। सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भीड़ मौके पर जमा हो गई। मृतक की पहचान लीलापुरवा निवासी सचिन दोहरे (20) पुत्र श्रीराम के रूप में हुई। सूचना पर एडिशनल एसपी अजय कुमार, कोतवाली प्रभारी जितेंद्र प्रताप सिंह और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर साक्ष्य जुटाए और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों के अनुसार सचिन करीब एक माह पहले नौकरी के लिए दिल्ली गया था और शनिवार शाम गांव लौट रहा था। वह घर नहीं पहुंचा तो परिवार को चिंता हुई, लेकिन रविवार सुबह उसकी हत्या की सूचना मिली। मृतक की मां रन्नो देवी ने बताया कि गांव की एक युवती से सचिन का प्रेम-प्रसंग चल रहा था। युवती अक्सर उसे फोन कर गांव बुलाती थी। इस बार भी वह उसी के बुलावे पर गांव आया था। मां का आरोप है कि युवती के परिजन इस रिश्ते का विरोध करते थे। जनवरी माह में इसी बात को लेकर दोनों परिवारों के बीच विवाद भी हुआ था, जिसकी शिकायत पुलिस से की गई थी। परिजनों का आरोप है कि युवती के परिवार ने साजिश के तहत सचिन को गांव बुलवाया और रास्ते में उसकी हत्या कर दी। उनका यह भी कहना है कि रविवार सुबह सचिन की मौत की सूचना सबसे पहले उसकी प्रेमिका ने ही दी थी। एडिशनल एसपी अजय कुमार ने बताया कि मामला गंभीर है। परिजनों द्वारा लगाए गए आरोपों, पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर जांच की जा रही है। प्रेम-प्रसंग, पुरानी रंजिश समेत सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच आगे बढ़ाई जा रही है।

# श्रीराम रिसॉर्ट में सामूहिक योग का भव्य आयोजन

- जीवन मधुमय होय, करे जो प्रतिदिन योगा



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** 12 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर श्रीराम रिसॉर्ट में आयोजित सामूहिक योग के भव्य आयोजन में पतंजलि योगपीठ हरिद्वार, भारत स्वाभिमान ट्रस्ट के जिला प्रभारी वरिष्ठ योगाचार्य एवं पूर्व डायट प्रवक्ता सत्यराम यादव ने न केवल योग पर अभ्यास कराया बल्कि जीवन में इसकी उपयोगिता के बारे में भी जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि योग के निरंतर अभ्यास और अच्छी जीवन शैली से बड़ी से बड़ी बीमारियां भी ठीक हो जाती है द्य इस अवसर पर पूर्व सांसद प्रोफेसर रामबक्श सिंह वर्मा ने कहा कि सभी लोगों को थोड़ा समय निकालकर योग अवश्य करना चाहिए। पतंजलि योग पीठ के शिक्षा, साहित्य प्रकोष्ठ के जिला प्रभारी वरिष्ठ कवि एवं पर्यावरण प्रहरी हरिगोविंद शाक्य 'हरि' ने कविताओं के माध्यम से योग और प्राणायाम के लाभों से परिचित कराया। उन्होंने योगाचार्य सत्यराम यादव को शाल, मोमेंटो, सम्मान पत्र एवं कविता संग्रह भेंट कर सम्मानित भी किया। नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अजय कुमार ने कहा कि योग का हमारे जीवन में बहुत महत्व है। हमें इसे नियमित करना चाहिए। इसके महत्व को जानते हुए भी हम इसे नजरअंदाज करते रहते हैं। इस अवसर पर योगाचार्य अनुज, संदीप गुप्ता, प्रदीप गुप्ता, हंसराम यादव, भारत सिंह प्रजापति, परशुराम शाक्य, राजेंद्र सिंह शाक्य, राहुल गुप्ता,जीवा लाल व योगेंद्र यादव एडवोकेट सहित बड़ी संख्या में योग साधक मौजूद रहे।

## उत्साह के साथ मनाया गया बारहवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस

**हमीरपुर।** भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार बारहवाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस रविवार को जनपद में व्यापक जनभागीदारी के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।

इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम 'स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग निर्धारित की गई है। राजकीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में आयोजित जनपद स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सोहन लाल श्रीमाली ने महर्षि पतंजलि की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया।योगाभ्यास का संचालन आयुष विभाग एवं पतंजलि योग समिति के प्रशिक्षकों ने सामूहिक योगाभ्यास कराया गया।

# स्लोगन प्रतियोगिता के विजेता छात्र सहित शिक्षक सम्मानित



समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर श्यामलाल खंडेलवाल इंटर कॉलेज विशुनगढ़ में स्लोगन एवं चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले कक्षा 10 के छात्र अर्पित को जनपद स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त करने पर उनके शिक्षक अनुज कुमार द्विवेदी को सम्मानित किया गया। 21 जून को पुलिस लाइन कन्नौज में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में समाज कल्याण राज्य मंत्री अरुण असीम, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री तथा पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने दोनों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। शिक्षक अनुज कुमार द्विवेदी ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। छात्रों के बीच योग को बढ़ावा देने का यह प्रयास अत्यंत सराहनीय है। जिला विद्यालय निरीक्षक पप्पू सरोज ने बच्चों को बधाई दी। विद्यालय परिवार इस उपलब्धि पर गर्व का अनुभव कर रहा है।

# स्वस्थ जीवन का आधार है योग



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** नगर के आरबी पब्लिक स्कूल इंदिरा नगर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित योग शिविर में हरिद्वार स्थित पतंजलि योगपीठ से पधारे आचार्य हरमेश सिंह ने योग के महत्व की जानकारी देते हुए कहा योग स्वस्थ जीवन का आधार है। उन्होंने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास कराया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार के प्रबंधक राजीव शुक्ला, संजीव शुक्ला एवंअखिलेश शुक्ला ने अतिथि का माल्यार्पण कर अभिनंदन किया जबकि प्रधानाचार्या माधवी सिंह ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त किया तथा आचार्य हरमेश सिंह को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

योग शिविर में शिवमंगल सिंह, रवीश त्रिपाठी, अभिशान्त, रुद्र निशांत शुक्ला, रजनेश शुक्ला, बृजेश, विजय, रूपाली, सुदेशना, सपना, निवेदिता, गुंजन, सायमा खान सहित दर्जनों लोगों ने भाग लिया और योगाभ्यास किया।

# विभिन्न आसनों का अभ्यास कर तनाव मुक्ति का दिया संदेश

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।



अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर कैरदा रोड स्थित फायर स्टेशन के पास योगाचार्य सर्वेश कुमार शाक्य के नेतृत्व में बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास किया। सुबह के समय आयोजित इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों ने विभिन्न आसनों का अभ्यास कर स्वास्थ्य व तनाव मुक्ति का संदेश दिया। इस अवसर पर योगाचार्य सर्वेश कुमार शाक्य ने कहा योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि मन, शरीर और आत्मा के सामंजस्य का विज्ञान है। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के माध्यम से हम सभी को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने और तनावमुक्त रहने के लिए प्रेरित करना है। नियमित योगाभ्यास से कई बीमारियों से बचा जा सकता है। सतीश शर्मा ने कहा आज का यह कार्यक्रम हमारे लिए प्रेरणादायक है। योग हमें शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ मानसिक शांति भी प्रदान करता है। सभी को रोजाना योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करना चाहिए। इस अवसर पर कुंदन यादव, गजराज सिंह, सुरेश चंद्र बाबूजी, करन सिंह यादव, रामनिवास यादव, अभिलाख सिंह, रवि यादव, अनिल राठौर, नरेश चंद्र ज्वेलर्स, बृज किशोर दीक्षित, अरविंद सिंह, मोहन सिंह यादव एवं सर्वेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## खबरें एक नजर में

### आंधी ने आधा दर्जन गांवो में किया अंधेरा, जल संकट गहराया

**कुरारा।** गुरुवार को आई आंधी से कुरारा क्षेत्र के जल्ला फीडर के तहत आने वाले करीब आधा दर्जन से अधिक ग्रामो में अंधेरा पसरा हुआ है। वही बिजली न आने के चलते लोगो को पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है।आंधी से जल्ला फीडर क्षेत्र के रिठारी, चकोठी, जल्ला, पारा, कंडोर, शंकरपुर, जखेला, मलहरा आदि ग्रामो में अंधेरा पसरा हुआ है। पानी के लिए ग्रामो में हाहाकार मचा हुआ है। जखेला ग्राम प्रधान रामादेबी ने बताया कि जेई बीपी सिंह को दर्जनों बार फोन किया गया परंतु कोई जबाब नही मिल रहा अन्य लाइनमैनो से संपर्क करने पर पता चला की कुछ पोल टूट गए है। तीन दिन बीत जाने के उपरांत विभाग उन पोलो को नही बदल पाया है। बिजली न आने के चलते भीसड गर्मी में ग्रामीणों के सामने पानी का बहुत बड़ा संकट खड़ा हो गया है। कंडोर निवासी बरदानी प्रजापति ने बताया कि ग्रामों के ज्यादातर हैंडपम्प खराब है बिजली न आने से गांव में पानी की समस्या विकराल हो गई है। चकोठी गांव निवासी संजय व वीर प्रताप कुशवाहा ने बताया कि इस गर्मी में बिजली न आने के चलते लोगो को घरों के बाहर व छत में मच्छरों के साथ सोना पढ़ रहा है। रिठारी गांव निवासी रामाजीवन, दिव्या, महिमा, रामकुमारी, राजू आदि ने बताया कि बिजली न आने से सप्लाई का पानी घरों में नही पहुच पा रहा है।

### कानपुर नम्बर के लोडर दे रहे चोरी की घटनाओं को अंजाम

**मौदहा।** दो दिन पहले कानपुर नम्बर के लोडर का नाम दाल चावल चोरी में आया था लेकिन अब बकरी चोरी में भी कानपुर के लोडर का नाम आने से कानपुर के लोडर संदेह के घेरे में आ गए हैं। बिंवार थाना क्षेत्र के गांव बिगहना निवासी अजय पाल कुशवाहा ने थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि, बीते नौ जून को वह बकरी चराने गया था और खेत में बकरी छोड़ कर छांव में बैठा था तभी लोडर यूपी 78बीएफ 6315 में तीन लोग आए और उसकी तीन बकरियों को लादने लगे। पीडित ने बताया कि, जब उसने शोर मचाया तो उक्त लोग तुम बकरियों को लादकर भाग गए। पीडित की तहरीर पर पुलिस ने तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मंदिर के बुजुर्ग पुजारी का शव मिलने से मचा हड़कंप

**हमीरपुर।** ललपुरा थाना क्षेत्र के ग्राम अछपुरा से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहाँ स्थित प्रसिद्ध गुनु बाबा मंदिर के 75 वर्षीय बुजुर्ग पुजारी लल्लू प्रजापति (पुत्र लुखरू प्रजापति) का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार रविवार को ग्राम प्रधान मोराकांदर द्वारा स्थानीय पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही थाना ललपुरा पुलिस प्रशासन में मुस्तैदी देखी गई और पुलिस बल तुरंत मौके पर पहुंच गया। कानून-व्यवस्था को बनाए रखने और वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए फील्ड यूनिट की टीम को भी तत्काल मौके पर बुलाया गया, जिसने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण कर साक्ष्य संकलन की कार्यवाही पूरी की। पुलिस के मुताबिक प्रथम दृष्टया मृतक पुजारी के शरीर पर किसी भी प्रकार के जाहिरा चोट के निशान नहीं पाए गए हैं। मौत के सही कारणों का पता लगाने के लिए थाना ललपुरा पुलिस द्वारा शव का पंचायतनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## कस्बे सहित क्षेत्र में निकला अलम का जुलूस

**मौदहा हमीरपुर।** पांचवी मोहर्रम पर कस्बे सहित क्षेत्र के गावों में अलम का जुलूस निकाला गया जिसमे जगह जगह भारी लंगर और डीजे पर मातमी धुनें बजती रहीं इस दौरान पुलिस प्रशासन मुस्तैदी से लगा रहा। रविवार दोपहर बाद कस्बे के कजियाना स्थित फकीर अली पहलवान उर्फ़ गंधीगर के इमाम बाडे से अलम का जुलूस निकाला गया जो कजियाना, गदाई, मांदा, छोटा अलाव, डा. यादव के पीछे से होकर पुरवा मुहल्ला, चौधराना, सिजवहिया, हुसैनिया, कमराहा, पीरबाबा, बडा कसौडा, भुईयांरानी, छोटा कसौडा, वापस भुईयांरानी, चिकवा मुहल्ला, उपरौस, मराठीपुरा, कोतवाली गेट, जीजीआईसी के सामने से होकर मथुरा मंदिर, नेशनल चौराहा, गुडाही बाजार, वापस नेशनल चौराहा होकर अपने गंतब्य स्थान पर देररात सम्पन्न हुआ।

# नेहरू कॉलेज में हुआ योग शिविर का आयोजन



- जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है योग

समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।

अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर नेहरू कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में योग शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि श्रीमती इंदिरा दुबे ने योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि योग व्यक्ति को स्वस्थ, निरोग और संतुलित जीवन प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि जीवन जीने की एक समग्र पद्धति है। राजीव सिंह ने नियमित योगाभ्यास को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक बताया। कार्यालय अधीक्षक मो. साबिर ने विद्यार्थियों से योग को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. आशीष कुमार गुप्ता के संयोजन में आयोजित योग शिविर में

शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर ताड़ासन, हलासन, शवासन, नौकासन, पद्मासन, सूर्य नमस्कार, शीतली प्राणायाम और भ्रामरी प्राणायाम सहित कई योग क्रियाएं कीं। अंत में सभी ने नियमित योगाभ्यास का संकल्प लिया।

## मन को सही मार्ग पर ले जाने के लिए सत्संग आवश्यक

### संत निरंकारी भवन में सत्संग से पहले हुआ सामूहिक योग



**समृद्धि न्यूज़, छिबरामऊ, कन्नौज।** पूर्वी बाईपास स्थित संत निरंकारी भवन में आयोजित सत्संग कार्यक्रम में परम पूज्य महात्मा हरिश्चंद्र जी ने कहा कि मन को सही रास्ते पर चलाने के लिए सत्संग का होना बेहद जरूरी है। इससे पहले साध संगत ने सेवादल संचालक मनीष कुमार के मार्गदर्शन में सामूहिक योग किया। महात्मा हरिश्चंद्र जी ने अपने प्रवचन में कहा जिसे निराकार प्रभु से प्रेम नहीं, वह साध संगत से भी प्रेम नहीं कर सकता और जो साध संगत से प्रेम नहीं करता, वह किसी भी मनुष्य से प्रेम नहीं कर सकता। प्रेम के बिना जीवन व्यर्थ हो जाता है और मन बुराई की ओर मुड़ जाता है। उन्होंने कहा कि आजकल लोग कर्मकांडों में उलझकर नफरत क बीज बो रहे हैं, जो अंततः अपने ही धर्म और समाज को नुकसान पहुंचा रहा है। सभी धर्म व संत केवल नम्रता, करुणा, दया और प्रेम का संदेश देते हैं। सदगुरु बाबा हरदेव सिंह जी महाराज ने प्यार के बंधनों से मानवता की मिसाल कायम की। वर्तमान समय के सदगुरु माता सुदीक्षा जी व राज पिता रमित जी की कृपा से हम सत्संग का आनंद ले रहे हैं। महात्मा प्रेमचंद्र जी के संचालन में हुए इस सत्संग में अन्य महात्माओं ने भी प्रवचनों व भजनों से साध संगत को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की।

# विश्व योग दिवस पर नगर पालिका ने कराया सामूहिक योग



समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।

विश्व योग दिवस के अवसर पर नगर पालिका द्वारा नगर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। योगाभ्यास नगर पालिका कार्यालय परिसर, सरस्वती शिशु मंदिर, अंबेडकर पार्क एवं बाईपास पार्क में एक साथ कराया गया।

**ईओ अनिल कुमार ने दिया संदेश**

अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार के निर्देशन में आयोजित सामूहिक योगाभ्यास में ईओ अनिल कुमार ने बताया कि 'योग दिवस हमारे शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन बनाने वाली प्राचीन भारतीय पद्धति का उत्सव है। यह केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ जीवन जीने की कला है। सभी लोगों को अपनी दिनचर्या में योग को शामिल करना चाहिए।

**सभासदों व कर्मचारियों ने किया योग**

कार्यक्रम में सभासद संतोष गुप्ता, परमजीत, शासकीय सभासद शिवम राज वर्मा, राकेश कुशवाहा, ज्ञानेंद्र गुप्ता एवं पालिका कर्मचारी आकाश कुमार, जनार्दन मिश्रा, अशोक कुमार, राजन बाबू, राजेश वर्मा, प्रसन्नजीत मिश्रा, मनोज कुमार, दीनानाथ, अजयबाबू आदि ने बढ़-चढ़कर योगाभ्यास किया। कार्यक्रम के माध्यम से नागरिकों को योग के महत्व और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया।

# सिकन्दरपुर के भारतीय शिक्षा सदन में योग शिक्षिका अंजना बाजपेयी के साथ शिक्षकों व कर्मचारियों ने किया योगाभ्यास

समृद्धि न्यूज़, गुरसहायगंज, कन्नौज।

भारतीय शिक्षा सदन इण्टर कालेज सिकन्दरपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। योग शिक्षिका सुश्री अंजना बाजपेयी* के निर्देशन में आयोजित योग सत्र में विद्यालय के शिक्षकों सुनील भदौरिया, के.के. झा, अनिल कुमार दिव्य दीपक दीक्षित, राहुल दुबे, श्यामू कुमार, संजीप यादव, ध्रुव जी सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में योगेन्द्र भदौरिया भी विद्यालय में उपस्थित होकर शिक्षकों व कर्मचारियों के साथ योगासन में शामिल हुए। सभी ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

**प्रधानाचार्य ने कही ये बात**

कार्यक्रम का आयोजन प्रधानाचार्य ने कहा कि योगेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। प्रधानाचार्य योगेन्द्र



कुमार ने कहा कि 'योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, यह मानसिक शांति और अनुशासन की कुंजी है। छात्रों को नियमित योग करने से एकाग्रता बढ़ती है और वे तनावमुक्त रहकर पढ़ाई कर पाते हैं। विद्यालय में हर वर्ष योग दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा।

# योग दिवस पर कन्नौज में गूंजा स्वस्थ जीवन का संदेश

**समृद्धि न्यूज़, कन्नौज।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को जिले भर में योग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यक्रम पुलिस लाइन स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित हुआ, जहां समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक बिनोद कुमार ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं पुलिसकर्मियों के साथ योगाभ्यास किया।

योग प्रशिक्षक के निर्देशन में प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम किए। इस दौरान योग के शारीरिक एवं मानसिक लाभों की जानकारी दी गई। प्रशिक्षक ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से शरीर



स्वस्थ रहता है और मानसिक तनाव से भी राहत मिलती है।

मंत्री असीम अरुण ने कहा कि योग भारत की प्राचीन संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने लोगों से योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने की अपील की। वहीं जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने योग को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन का आधार बताते हुए नियमित अभ्यास के लिए प्रेरित किया।

पुलिस लाइन के अलावा जिले के सभी थानों, चौकियों, सरकारी कार्यालयों तथा जिला अस्पताल में भी योग दिवस कार्यक्रम आयोजित किए गए। अधिकारियों, कर्मचारियों और स्वास्थ्य कर्मियों ने योगाभ्यास कर निरोगी जीवन और स्वस्थ समाज का संदेश दिया।

# सरस्वती विद्या मंदिर तिर्वा में योग दिवस पर हुआ सामूहिक योगाभ्यास

- 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर आयोजित हुआ कार्यक्रम
- छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने लिया निरोग जीवन का संकल्प

समृद्धि न्यूज़, तिर्वा/कन्नौज।



12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रविवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज तिर्वा में 'स्वस्थ आयु के लिए योग' थीम पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला प्रचारक धनंजय जी, विद्यालय प्रबंधक त्रिलोकी नाथ चतुर्वेदी और प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

योग सत्र में प्रधानाचार्य अनिल कुमार मिश्रा, शारीरिक प्रमुख राम कुमार और नीरज के निर्देशन में छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने विभिन्न योगासन और प्राणायाम का अभ्यास किया। कार्यक्रम की शुरुआत वार्मअप से हुई, जिसमें ग्रीवा चालन, कटि चालन, स्कंध संचालन और घुटना संचालन कराया गया। इसके बाद ताड़ासन, पादहस्तासन, भद्रासन, कपालभाति और सूर्य नमस्कार सहित कई योग क्रियाएं कराई गईं। प्रतिभागियों ने अनुलोम-विलोम, भ्रामरी प्राणायाम और ध्यान का भी अभ्यास किया।

प्रधानाचार्य ने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। नियमित योग व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक रूप से सशक्त बनाता है। अंत में सभी ने योग को दैनिक जीवन में अपनाने और स्वस्थ जीवन जीने का संकल्प लिया। शांति पाठ के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर उमड़ा जनसैलाब, हजारों लोगों ने किया सामूहिक योगाभ्यास

- योग केवल शरीर को स्वस्थ नहीं बनाता, बल्कि राष्ट्र निर्माण का भी सशक्त माध्यम है: मंत्री प्रतिभा शुक्ला



योगाभ्यास करती डीएम व अन्य

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा योग को जन-जन का अभियान बनाने के संकल्प तथा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के स्वस्थ, सशक्त एवं निरोग उत्तर प्रदेश के विजन को साकार करने की दिशा में 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर रविवार को जनपद के स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में भव्य सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हजारों छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स, स्वयंसेवी संगठनों के प्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर स्वस्थ यूपी, सशक्त भारत का संदेश दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रदेश की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री प्रतिभा शुक्ला, सांसद मुकेश राजपूत, विधायक कायमगंज, मंडलायुक्त कानपुर मंडल के विजयेंद्र पांडियन, जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर, पुलिस अधीक्षक, मुख्य विकास अधिकारी सहित अन्य जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया। मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से आज योग विश्व मंच पर भारत की विशिष्ट पहचान बन चुका है। योग भारत की लगभग 5000 वर्ष पुरानी सांस्कृतिक धरोहर है, जो केवल व्यायाम नहीं बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन, सकारात्मक सोच और संतुलित जीवन का वैज्ञानिक मार्ग है। उन्होंने कहा कि योग तनाव, अवसाद तथा आधुनिक जीवनशैली से उत्पन्न होने वाली अनेक बीमारियों से बचाव का सरल एवं प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार निरोगी काया के लक्ष्य के साथ योग को गांव-गांव तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि प्रत्येक नागरिक स्वस्थ और सशक्त जीवन जी सके। स्वस्थ युवा ही आत्मनिर्भर और विकसित भारत की मजबूत नींव हैं। यदि युवा पीढ़ी नियमित रूप से योग को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाएगी तो उसका लाभ केवल व्यक्तिगत स्वास्थ्य तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि राष्ट्र निर्माण में भी उनकी ऊर्जा और क्षमता का प्रभावी उपयोग होगा। उन्होंने सभी नागरिकों से प्रतिदिन कम से कम 30 मिनट योग करने की अपील की।

## विहिप नेता व उसके पुत्र पर मुकदमा दर्ज

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र नगर के विछिया मंडी स्थित रेडीमेड कपड़े की दुकान पर भतीजी के कपड़े बदलने गई दलित महिला से जातिसूचक और अभद्रता करने के आरोप में विश्व हिंदू परिषद के सह जिला गौरक्षा प्रमुख प्रदीप सक्सेना व उनके बेटे जय सक्सेना के खिलाफ एससी/एसटी एक्ट समेत गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने प्रदीप सक्सेना को शांतिभंग के आरोप में हिरासत में लिया है। भगौतीपुर गांव निवासी अर्चना गौतम पुत्री लज्जाराम ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 20 जून को दोपहर करीब 2 बजे वह अपनी 6 साल की भतीजी के लिए विछिया मंडी स्थित प्रदीप सक्सेना की दुकान से कपड़े खरीदकर ले गई थीं।

## राधा माधव कीर्तन महिला मण्डल ने किया योगाभ्यास



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर राधा संकीर्तन महिला मण्डल द्वारा योग कार्यक्रम का आयोजन हुआ। विनीता पाठक के साथ सभी मण्डल की बहनों ने मूकबधिर विद्यालय पहुंचकर योगाभ्यास किया। योग के विभिन्न आसन करवाए गए। जिसमें प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपाल भारती, सूर्य नमस्कार आदि किये गये। विनीता पाठक ने कहा कि प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृतिकृये पाँच प्रमुख चित्तवृत्तियाँ हैं, जिन पर नियन्त्रण करना ही योग है। योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है। स्थिर एवं सुखपूर्वक बैठने की क्रिया आसन, श्वासों को नियमित करने की क्रिया प्राणायाम, बाह्य विषयों से मन को हटाना प्रत्याहार, एक लक्ष्य पर ध्यान केन्द्रित करना धारणा, उसी लक्ष्य का निरन्तर चिन्तन ध्यान तथा ध्यान का चैतन्य में विलय होना समाधि कहलाता है। उन्होंने कहा कि अष्टांग योग के माध्यम से हम अपनी इन्द्रियों को संयमित कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ जीवन व्यतीत कर सकते हैं। इस मौके पर सोनिया गुप्ता, इंद्रजीत कौर, अल्का दीक्षित, कंचन अग्रवाल, सुभि सक्सेना, वंदना गुप्ता, आरती दीक्षित, गरिमा महेश्वरी, रीना बाथम, राखी अग्रवाल, शिखा सिंह आदि महिलायें मौजूद रही।

# युवक की हत्या कर शव पेड़ से लटकाया



नशे में आरोपी ने कबूला जुर्म, दो हिरासत में

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के चिलसरी गांव में शनिवार रात सनसनीखेज वारदात सामने आई। एक युवक की ईंट से वार कर हत्या करने के बाद शव को आम के पेड़ से लटका दिया गया। आरोपी ने नशे की हालत में खुद हत्या की बात कबूली, जिसके बाद पुलिस ने दो संदिग्धों को हिरासत में लिया है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चिलसरी निवासी 30 वर्षीय दीपचंद उर्फ पंखिया पुत्र कर्मवीर शनिवार शाम करीब 7 बजे घर से निकला था और वापस नहीं लौटा। देर रात गांव के पास सतीश के आम के बाग में उसका शव अंगौछे के फंदे से पेड़ पर लटका मिला। शव खून से लथपथ था और पैर जमीन से लगे हुए थे। ग्रामीणों ने बताया कि देर रात गांव के ही रोहित उर्फ भीमा ने नशे की हालत में गिहार बस्ती में दीपचंद की हत्या करने की बात कबूल की। इसके बाद ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस को आशंका है कि ईंट से वार कर हत्या करने के बाद शव को आत्महत्या का रूप देने के लिए पेड़ से लटकाया गया था। घटना में एक अन्य युवक की संलिप्तता की भी चर्चा है। सूचना मिलते ही डायल-112 पुलिस, सीओ राजेश कुमार द्विवेदी और प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला मौके पर पहुंचे। प्रभारी निरीक्षक ने दो संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। मृतक के परिजनों ने बताया कि कुछ साल पहले आरोपी रोहित उर्फ भीमा ने गांव के झम्मनलाल को कुएं में धक्का देकर हत्या कर दी थी। उस मामले मे दीप चन्द्र उर्फ पखियाँ गवाह था।

## नगर पालिका में मनाया गया विश्व योग दिवस



**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विश्व योग दिवस पर नगर पालिका परिषद कार्यालय परिसर में योग अभ्यास का आयोजन किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष डॉ0 शरद गंगवार मुख्य रूप से मौजूद रहे। योग गुरु नितिन गौड़ ने शरीर को निरोगी व स्वस्थ रखने के लिए विभिन्न योग आसन, प्राणायाम व मुद्राओं का अभ्यास कराया। उन्होंने रोजमर्रा की व्यस्त जिंदगी में होने वाले तनाव, अनिद्रा, उदर, घुटनों और आंखों की समस्याओं में योग से मिलने वाले लाभों की जानकारी दी।

# डीएम का आदेश बेअसर, पीड़िता का तीन दिन तक नहीं कराया गया मेडिकल परीक्षण

- ऑल इंडिया किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं ने थाने का किया घेराव
- दोषियों पर कार्यवाही न होने पर आंदोलन की दी चेतावनी

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद घायल महिला का तीन दिन तक दोबारा चिकित्सकीय परीक्षण नहीं कराए जाने पर रविवार को ऑल इंडिया किसान यूनियन के कार्यकर्ताओं का आक्रोश फूट पड़ा। जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत के नेतृत्व में किसानों ने कंपिल थाने का घेराव कर प्रदर्शन किया। विरोध के बाद थानाध्यक्ष ने दो पुलिसकर्मियों को पीड़िता के साथ मेडिकल बोर्ड के समक्ष भेजा, लेकिन रविवार होने के कारण चिकित्सकीय परीक्षण नहीं हो सका। मामला छह जून को थाना क्षेत्र के गांव आजमनगर (भौरूआ) में हुए गोलीकांड से जुड़ा है। जमीनी विवाद में दो पक्षों के बीच हुए संघर्ष में अनीता देवी गंभीर रूप से घायल हो गई थीं। पीड़ित पक्ष का दावा है कि उन्हें गोली लगी थी, जबकि प्रारंभिक चिकित्सकीय परीक्षण में इसकी पुष्टि नहीं हुई। इसके बाद पुलिस ने मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। जिससे परिवार संतुष्ट नहीं था। पीड़िता के पुत्र करन सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत कर आरोप लगाया कि लोहिया अस्पताल में प्रभाव के चलते निष्पक्ष परीक्षण नहीं हुआ। उन्होंने मेडिकल बोर्ड गठित कर दोबारा परीक्षण कराने की मांग की। इस पर जिलाधिकारी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 राममनोहर लोहिया संयुक्त चिकित्सालय ने तीन सदस्यीय मेडिकल बोर्ड का गठन करते हुए पीड़िता को निर्धारित तिथि पर परीक्षण के लिए प्रस्तुत कराने के आदेश जारी किए। आदेश की प्रति कंपिल थाना पुलिस को भी भेजी गई थी। पीड़ित परिवार का आरोप है कि आदेश मिलने के बाद भी पुलिस ने तीन दिन तक कोई कार्रवाई नहीं की। परिवार के सदस्य लगातार थाने के चक्कर लगाते रहे, लेकिन पुलिस उन्हें आदेश न आने की बात कहकर गुमराह करती रही। इस कारण मेडिकल बोर्ड के समक्ष पेश कराने की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ाई गई। इससे नाराज होकर रविवार को करीब चार दर्जन किसान थाने पहुंच गए और प्रदर्शन शुरू कर दिया। किसान नेताओं ने आरोप लगाया कि जब जिलाधिकारी के आदेश का ही पालन नहीं हो रहा है तो आम लोगों को न्याय कैसे मिलेगा। करीब एक घंटे तक चले विरोध और वार्ता के बाद थाना प्रभारी ने दो पुलिसकर्मियों को पीड़िता के साथ भेजने के निर्देश दिए। हालांकि अवकाश होने के कारण मेडिकल बोर्ड द्वारा रविवार को परीक्षण नहीं किया जा सका। अब पीड़िता का परीक्षण अगले कार्यदिवस में कराया जाएगा। किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष कमलेश राजपूत ने चेतावनी दी कि यदि मेडिकल परीक्षण और विवेचना निष्पक्ष नहीं हुई तथा दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई नहीं की गई तो संगठन बड़े स्तर पर आंदोलन करेगा। वहीं पीड़ित पक्ष ने उम्मीद जताई कि मेडिकल बोर्ड की रिपोर्ट से घटना की वास्तविकता सामने आएगी और उन्हें न्याय मिलेगा।

## खबरें एक नजर में

### रामलीला कमेटी ने उठाया पांचवीं मोहर्रम का ताजिया

गंगा जमुनी मिसाल की पेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मोहर्रम की पांचवी मोहर्रम का ताजिया रामलीला कमेटी फतेहगढ़ की ओर से उठाया गया। इस परम्परा की शुरुआत वर्ष 1980 में जब मुरादाबाद में माहोल विगड़ा हुआ था और इसकी लपट अन्य शहरों में बढ़ रही थी, लेकिन श्री राम लीला कमेटी के तत्कालीन अध्यक्ष पं0 रामकृपाल मिश्र ने कमेटी के अन्य सदस्यों के साथ ताजिया उठा कर पूरे देश प्रदेश में गंगा जमुनी मिसाल पेश की थी। इस परम्परा को 46 वर्ष पूर्ण होने पर श्री रामलीला कमेटी कायम किये हुये है और इसी के कारण हिन्दू मुस्लिम भाइयो में फतेहगढ़ में भाईचारा बना हुआ है। मुस्लिम भाई रामलीला कमेटी के पदाधिकारी हैं एवं राम बारात एवं रामलीला महोत्सव में शामिल होते हैं। यह ताजिया दरवाह सत्तारिया अशरफिया से उठाया जाता है। इस अवसर पर मुन्नालाल वार्ष्णेय-संरक्षक, रवीश द्विवेदी अध्यक्ष, पंकज अग्रवाल महामंत्री, चमन टण्डन-कोषाध्यक्ष, अबतुल मिश्रा, रविन्द्र वैश्य, मनीष अग्रवाल, पप्पू फोरमैन, श्रवण कुमार, अवधेश दीक्षित, ग्रीश बाथम, सचिन यादव, संजय वर्मा, राजीव बाजपेयी, रतिपाल श्रीवास्तव आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएन कालेज में मनाया गया योग दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दुर्गा नारायण महाविद्यालय फतेहगढ़ में 12वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्वावधान में योगाभ्यास का आयोजन हुआ। संचालन प्राचार्य डॉ0 आलोक कुमार सिंह के निर्देशन में कार्यक्रम अधिकारी डा0 मोहम्मद अमीन के संयोजन में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के सम्मानित शिक्षकगण, शिक्षणेत्तर कर्मचारी तथा छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। प्रतिभागियों ने ताड़ासन, हलासन, शवासन, नौकासन, पद्मासन, सूर्य नमस्कार, शीतली प्राणायाम एवं भ्रामरी प्राणायाम सहित अनेक योग क्रियाओं का अभ्यास किया। प्राचार्य ने योग के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि योग व्यक्ति को निरोग, स्वस्थ एवं संतुलित जीवन प्रदान करता है। कार्यक्रम में डॉ0 सत्येंद्र कुमार, डॉ0 राम नरेश, प्रियांशु सिन्हा, सरस पाठक, अनामिका मिश्रा आदि मौजूद रहे।

### आजाद समाज पार्टी से पूर्व जिलाध्यक्ष निष्कासित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** आजाद समाज पार्टी कांशीराम के पूर्व जिला अध्यक्ष संजीव कुमार को वर्तमान में सत्ताधारी पार्टी भाजपा की नजदीकियों के चलते एवं आजाद समाज पार्टी में कार्यकर्ताओं के साथ गुटवाजी करने के मामले में संजीव कुमार को 6 माह के लिए पार्टी से निष्कासित किया गया है। जिलाध्यक्ष पंकज कुमार ने निष्कासित करते हुए कहा कि इस तरह के गुटबाजी फैलाने वालों की पार्टी में कोई जरुरत नहीं है।

# तहसील में हुआ सामूहिक योगाभ्यास एसडीएम ने बताए योग के लाभ



योग करते लोग

**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर अमृतपुर तहसील परिसर में सामूहिक योगाभ्यास किया गया। उप जिलाधिकारी अमृतपुर रविंद्र सिंह के नेतृत्व में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं क्षेत्रीय लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और विभिन्न योगासन व प्राणायाम का अभ्यास किया। उपस्थित लोगों ने ताड़ासन, वृक्षासन, भुजंगासन, वज्रासन सहित विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। उप जिलाधिकारी रविंद्र सिंह ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जिसे आज पूरी दुनिया अपना रही है। उन्होंने सभी लोगों से योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने की अपील की। तहसीलदार शशांक सिंह ने ने भी योग के महत्व को बताया। अमृतपुर प्रधान सचिन देव तिवारी सहित तहसील के अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के दर्जनों गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार की मौत

- दवा लेने जाते समय घटी घटना



पलटा पड़ा ट्रैक्टर मौजूद लोग

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** अचरा मार्ग पर थाना क्षेत्र के ग्राम त्यौरी और फतनपुर के बीच रविवार दोपहर दवा लेने जा रहे बाइक सवार युवक को एक ट्रैक्टर चालक ने ओवरटेक करने के दौरान टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वारदात के बाद भागने के प्रयास में अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर-ट्रॉली भी रास्ते में पलट गई, जिसके बाद चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव फतनपुर निवासी सुशील चतुर्वेदी अपने परिवार के साथ दिल्ली में रहकर नौकरी करते थे। वह करीब चार-पांच दिन पहले ही दिल्ली से अपने पैतृक गांव फतनपुर आया था। शनिवार को उनकी पत्नी पूजा और बच्चे वापस दिल्ली चले गए थे, लेकिन सुशील किसी जरूरी काम की वजह से घर पर ही रुक गया था। रविवार दोपहर करीब 12:30 बजे वह अपनी बाइक से दवा लेने पास के गांव उम्मरपुर गया था। दवा लेकर जब वह वापस घर लौट रहा था, तभी त्यौरी और फतनपुर के बीच यह हादसा हो गया। सुशील आगे चल रहे एक ट्रैक्टर को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था, तभी ट्रैक्टर चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि सुशील सड़क पर गिर गए और मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक ट्रैक्टर लेकर भागने लगा, लेकिन घटनास्थल से करीब 300 मीटर दूर फतनपुर गांव से पहले एक चकमार्ग से नीचे उतारते समय ट्रैक्टर-ट्रॉली अनियंत्रित होकर पलट गई। इसके बाद चालक वाहन को वहीं छोड़कर मौके से फरार हो गया। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम और थाना प्रभारी निरीक्षण राजीव कुमार व उपनिरीक्षक गीतम सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भिजवा दिया है। मृतक सुशील चतुर्वेदी पांच भाइयों में सबसे बड़ा था।

मां सरला देवी, पिता चंद्र प्रकाश चतुर्वेदी, पत्नी पूजा, दो बेटियां मुस्कान, गुलशन, एक 12 वर्षीय बेटा अर्जुन, भाई आदेश चतुर्वेदी, सुदेश चतुर्वेदी, रत्नेश चतुर्वेदी, सूरज चतुर्वेदी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि क्षतिग्रस्त वाहनों को कब्जे में ले लिया गया है और मामले में आगे की वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

## मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज में मनाया गया योग दिवस



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम का आयोजन रविवार को स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम में किया गया। कार्यक्रम में महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, कानपुर मंडल के आयुक्त विजयेंद्र पांडियन, सांसद मुकेश राजपूत, विधायकगण, जिलाधिकारी डॉ0 अंकुर लाठर, पुलिस अधीक्षक आरती सिंह सहित अनेक जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में लगभग 1000 लोगों ने सहभागिता कर सामूहिक योगाभ्यास किया। मास्टर ट्रेनर एवं योग प्रशिक्षक अंकुर द्विवेदी ने प्रतिभागियों को कॉमन योग प्रोटोकॉल का अभ्यास कराया। क्षेत्रीय आयुर्वेद एवं यूनानी अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। मेजर एसडी सिंह पीजी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल की प्राचार्या डॉ0 एल मनोनमणि, उप-प्राचार्या डॉ0 नीतुश्री, अन्य शिक्षकों, इंटर्न्स तथा यूजी एवं पीजी छात्र-छात्राओं ने भी जनपद स्तरीय योग कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता की।

## ग्राम पंचायत कक्योली में रात्रि चौपाल का हुआ आयोजन

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** केंद्र सरकार के सफल एवं जनहितकारी 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर चलाए जा रहे जन जागरूकता अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत कक्योली में रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल राजपूत ने ग्रामीणों के साथ संवाद स्थापित करते हुए केंद्र सरकार द्वारा पिछले 12 वर्षों में किए गए विकास कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं तथा देशहित में लिए गए महत्वपूर्ण निर्णयों पर विस्तार से प्रकाश डाला। चौपाल के दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, हर घर जल योजना, स्वच्छ भारत मिशन, डिजिटल इंडिया, महिला सशक्तिकरण तथा युवाओं के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी ग्रामीणों को दी।

## गमगीन माहौल में निकला मोहर्रम का अलम जुलूस

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** मोहर्रम की चौथी तारीख पर देर रात खानसामा कमेटी के तत्वावधान में नगर में पारंपरिक अलम जुलूस निकाला गया।



अकीदतमंदों ने मातमी धुनों के बीच हजरत इमाम हुसैन और कर्बला के शहीदों को याद कर मातम मनाया। जुलूस का शुभारंभ नगर की ऐतिहासिक जामा मस्जिद से हुआ। देर रात शुरू हुए इस जुलूस में बज रही मातमी धुनों से पूरा माहौल गमगीन हो गया। अंजुमनों और अकीदतमंदों ने कर्बला के शहीदों की कुर्बानियों को याद कर मातम किया। जामा मस्जिद से शुरू होकर जुलूस काजम खां, बजरिया, श्याम गेट, मुख्य चौराहा, गल्ला मंडी होते हुए जटवारा पहुंचकर संपन्न हुआ। रास्ते भर लोगों ने अलम की जियारत की और मुल्क में अमन-चैन की दुआ मांगी। जगह.जगह सबील लगाकर शर्बत भी बांटा गया। खानसामा कमेटी के सदर आरिफखां खानसामा ने बताया कि जुलूस में शामिल अलम को अलीगंज के कुशल कारीगरों ने विशेष रूप से तैयार किया था। उन्होंने कहा मोहर्रम का महीना त्याग, बलिदान और इंसानियत का संदेश देता है। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार शुक्ला, कस्वा चौकी इन्चार्ज अंकुर भाटी, हेड कांस्टेबिल धरमेन्द्र तिवारी, कांस्टेबिल विजय गूर्जर, कांस्टेबिल सुरेश कुमार, कांस्टेबिल सचिन कुमार मौजूद रहे।

# गरीब व असहायों के दुख दर्द कम करना मेरा उद्देश्य: डा. राजीव पाठक



डा. राजीव पाठक

धरती के भगवान



मरीजों को परामर्श देते डा. राजीव पाठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** मरीजों को जीवनदान देने वाले चिकित्सक को धरती का भगवान कहा जाता है। 1 जुलाई को होने वाले डाक्टर्स-डे के उपलक्ष्य में विशेष साक्षात्कार के दौरान सूरज ग्रुप के चेयरमैन डा0 राजीव कुमार पाठक ने बताया कि बचपन से ही चिकित्सा क्षेत्र में जाने का मन था। मेरे पिता स्व0 सूरज प्रकाश पाठक जो डिप्टी एसपी पद से रिटायर हुए। जिनके प्रेरणा श्रोत से मैंने हर कार्य किया और मेरी मां गोपिका रानी पाठक धार्मिक प्रवृत्ति की थी। जिन्होंने हर समाजिक कार्यों के लिए मुझे प्रेरित किया। मैंने हाईस्कूल सन् 1979 राजकीय इंटर कालेज फतेहगढ़ से किया और इसी विद्यालय से 1981 में इंटर उत्तीर्ण किया। ग्रेजुएशन बी.ए.एम.एस की डिग्री प्राप्त की। नवदिया ठाकुर द्वारा मंदिर के पास गोपिका रानी हॉस्पिटल की सन् 1990 में स्थापना की और साथ ही जिले में प्रथम एंबुलेंस सेवा मैंने ही शुरु की थी। 1994 में दाल मण्डी फतेहगढ़ कानपुर रोड पर सूरज अल्ट्रासाउंड खोला। 2013 में एसपीजीआर इंटर कालेज भाऊपुर खुर्द बघार में नर्सरी से कक्षा 12 तक का सभी सुविधाओं के साथ इंग्लिश मीडियम इंटर कालेज खोला। 2015 में बरेली इटावा हाइवे जमापुर मोड़ पर सूरज हॉस्पिटल खोला। 2024 में सूरज डायग्नोस्टिक्स आवास विकास में खोला। मेरे तीन बच्चे है। बड़ा बेटा डा0 वैभव पाठक एमबीबीएस, एमडी, रेडियोलॉजिस्ट है। बेटी डा0 ऐश्वर्या पाठक एमबीबीएस स्त्री रोग विशेषज्ञ राजकीय संयुक्त चिकित्सालय गौतमबुद्ध नगर में ईएमओ पद पर तैनात है। छोटा बेटा डा0 आयुष पाठक एमबीबीएस है, जो सूरज हॉस्पिटल एवं समाजिक कार्यो में सहयोग करता है। माता-पिता के आशीर्वाद से पांचाल घाट स्थित दक्षिणी पश्चिम बंधा पर सूरज सेवाश्रम खोला है। जहां साधु-संत व आने वाले कल्पवासियों के रहने खाने की व्यवस्था निःशुल्क है। समय-समय पर निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर द्वारा मरीजों का परीक्षण करता हूं। कोरोना काल के दौरान जरुरतमंद व असहायों की मदद की। प्रतिदिन सूरज हॉस्पिटल में भण्डारे के साथ-साथ लंच पैकेट वितरित किये गये। राशन की किटे वितरित की गई। सैनेटाइजर व मॉस्क आदि को वितरित किया। गंगापार क्षेत्र बाढ़ पीड़ित होने के कारण हर वर्ष राहत सामग्री वितरित करता हूं और सर्दियों में कम्बल वितरण का कार्य कई वर्षो से कर रहा हूं। मेरा परिवार भाजपा से जुड़ा है और बचपन में ही आरएसएस की शाखा से जुड़ा रहा हूं और आजीवन सदस्य हूं। भारतीय जनता पार्टी में रहकर सभी कार्यक्रमों में भाग लेता हूं। नेतृत्व के आदेशानुसार अक्षमता से पालन करता हूं। पार्टी में रहकर संगठन को मजबूत करना मेरा उद्देश्य है। गोरखपुर पीठ से पिछले 30 वर्षो से जुड़ा हूं। समय-समय पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी करता रहता हूं। गरीब व असहाय लोगों के लिए अल्ट्रासाउंड में रियायत व दवाईयों में भी छूट प्रदान करता हूं। अस्पताल में मरीजों के अलावा उनके तीमारदार के लिए भी ठहरने की व्यवस्था है। पत्नी विनीता पाठक एसपीजीआर इंटर कालेज की प्रबंधिका के तौर पर कार्य देख रही है। पुत्रवधू शुभ्रा पाठक प्रधानाचार्य के पद पर है और बच्चों को उत्तम शिक्षा देकर निपुण बना रही है।

## नगर पंचायत कार्यालय सहित सभी सरकारी संस्थानों में मनाया गया योग दिवस



**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत कार्यालय पर नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत की अध्यक्षता में सुबह में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। पूर्व प्रधान अध्यापक जंग सिंह वर्मा ने सभी को योग करवाया। सभी को स्वस्थ रहने के योग टीचर जंग सिंह वर्मा ने टिप्स सिखाएं। लोगों को स्वस्थ रहने के लिए लगातार योग करने की सलाह दी। इस मौके पर योगा टीचर जंग सिंह वर्मा, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल कुमार राजपूत, अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार, वरिष्ठ लिपिक विकास गंगवार, हितांशु गंगवार, अंबुज भारद्वाज, विनोद कुमार शर्मा, रोहन सिंह, वहीं कमल भारद्वाज, योगेंद्र सिंह राठौर, स्वदेश आदि लोग मौजूद रहे। वहीं विकासखंड कार्यालय परिसर में विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर लोगों को सशक्त स्वस्थ रहने के लिए अलग-अलग तरीके से टिप्स सिखाएं। सभी कर्मचारियों से अपील की स्वस्थ रहना है तो हर हाल में योग करना जरूरी है, करो योग रहो निरोग। इस मौके पर एडीओ पंचायत कृष्णपाल सिंह, राज भारती, आलोक दीक्षित, अकाउंटेंट वीरेंद्र सिंह, एपीओ गौरव दिवाकर, पंचायत सचिव सुनील कुमार, बृजेश कुमार, प्रमोद शुक्ला, अनुपम बाजपेई, प्रवीण कुमार, वेद प्रकाश, कामता प्रसाद पटेल, मोतीलाल यादव, कुलदीप राजपूत, अरविंद कुमार, बिंद्रा प्रसाद, लवलेश कुमार, मनोज कुमार मौजूद रहे। वहीं प्राथमिक विद्यालय कस्बा नवाबगंज के केंद्र विद्यालय में प्रधानाध्यापक संजीव रंजन के नेतृत्व में समस्त विद्यालय के स्टाफ ने योग किया। मौके पर प्राथमिक विद्यालय जफ्फरपुर नगला, नगला जोधा, सिकंदरपुर नेहरूसा सहित अधिकांश विद्यालय में भी योग दिवस मनाया गया। इस मौके पर प्रधानाध्यापक संजीव रंजन, प्रशांत कटियार सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# आर्मी पब्लिक स्कूल में मनाया गया 12वां अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

आर्मी पब्लिक स्कूल फतेहगढ़ में बारहवाँ अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गायत्रीमन्त्र एवं योग शास्त्र के प्रणेता महर्षि पतञ्जलि की योग प्रार्थना के साथ हुआ।

शिक्षक सर्वेश कुमार मिश्र ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 27 सितम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 69वें सत्र को सम्बोधित करते हुए विश्व समुदाय से अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाने का आवाह्न किया था। उनके इस प्रस्ताव के समर्थन में 11 दिसम्बर 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा के 177 सदस्य देशों ने 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाने के प्रस्ताव को अनुमोदित किया, तभी से प्रतिवर्ष 21 जून को सम्पूर्ण विश्व में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। प्रथम अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2015 को विश्व के 192 से अधिक देशों में मनाया गया था। इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की आधिकारिक थीम स्वास्थ्य, ज्ञान और विश्व शान्ति के लिए योग रही। सर्वेश कुमार मिश्र ने सूर्य नमस्कार का अभ्यास कराया। सूक्ष्म व्यायाम, विभिन्न योगासन तथा प्रणव, भस्त्रिका एवं कपालभाति जैसे प्राणायामों का अभ्यास कराते हुए उनके लाभों के बारे में विस्तार से बताया। शिक्षक डॉ0 सुनील कुमार त्रिपाठी ने कहा कि प्रमाण, विपर्यय, विकल्प, निद्रा और स्मृतिकृये पाँच प्रमुख चित्तवृत्तियाँ हैं, जिन पर नियन्त्रण करना ही योग है। योग आत्मा को परमात्मा से जोड़ने का माध्यम है।

कार्यवाहक प्रधानाचार्या एकता साध ने कहा कि कर्मों में कुशलता ही योग है। चेयरमैन, ब्रिगेडियर मनीष कुमार जैन ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं विद्यालय परिवार को योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आवाह्न किया।


आर्मी स्कूल में योग करते शिक्षक

# योग दिवस पर गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में हुआ योगा


योगाभ्यास करते शिक्षक-शिक्षिकायें व बच्चे

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गुरुकुल वर्ल्ड स्कूल में विश्व योग दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। सामूहिक योग कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक प्रमोद कुमार अग्रवाल, प्रधानाचार्य, उप-प्रधानाचार्या, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। खेल शिक्षिका प्रतिज्ञा पांडे, खेल शिक्षक अजय द्विवेदी एवं शिक्षक अनुपम दुबे के कुशल मार्गदर्शन में सभी ने विभिन्न आसन जैसे-ताड़ासन, वज्रासन, भुजंगासन और सूर्य नमस्कार किया। इसके बाद अनुलोम-विलोम और कपालभाति जैसे प्राणायाम का अभ्यास किया गया। प्रधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने हुए कहा कि योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं है, बल्कि यह मानसिक शांति और एकाग्रता बढ़ाने का उत्तम साधन है, उन्होंने छात्रों को इसे अपने दैनिक दिनचर्या में शामिल करने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम का समापन शांति मंत्र के साथ हुआ। सभी का उत्साहवर्धन करते हुए मार्गदर्शन भी किया। प्राधानाचार्य डॉ0 लकी चावला ने सभी को योग के महत्व को बताते हुए प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया।

# अभिव्यंजना समेत विभिन्न संस्थाओं ने डॉ. रजनी सरीन को दी श्रद्धांजलि


कार्यक्रम में मौजूद लोग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** जनपद की प्रख्यात चिकित्सक, समाजसेवी, साहित्यकार, सांस्कृतिक चेतना की संवाहक एवं महिला सशक्तिकरण की प्रबल समर्थक रही स्वर्गीय डॉ0 रजनी सरीन को रविवार को विभिन्न सामाजिक, साहित्यिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और खेल संगठनों ने भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। वक्ताओं ने उनके बहुआयामी व्यक्तित्व और समाज के प्रति उनके अतुलनीय योगदान को याद करते हुए कहा कि डॉ0 सरीन का जीवन सेवा, समर्पण और सृजनशीलता का प्रेरणास्रोत रहा है। कार्यक्रम में अभिव्यंजना, समवेत, आकांक्षा समिति, पांचाल शोध एवं विकास समिति, क्षत्रिय महासभा, रिवेम्प इंडिया फाउंडेशन, हॉकी फर्रुखाबाद, जिला ओलम्पिक एसोसिएशन तथा रामलीला कमेटी फतेहगढ़ सहित अनेक संस्थाओं के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लिया। चिकित्सकों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, समाजसेवियों, राजनीतिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने भी श्रद्धासुमन अर्पित किए। वक्ताओं ने कहा कि डॉ0 सरीन ने साहित्य साधना के माध्यम से समाज को सकारात्मक दिशा देने का प्रयास किया। खेल संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि डॉ0 रजनी सरीन खेल गतिविधियों के प्रति भी विशेष रुचि रखती थीं। श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। इस अवसर पर चन्द्रभूषण सिंह,रवींद्र भदौरिया, डा0 श्रीकृष्ण, डा0 शिवओम अम्बर, सुरेन्द्र सिंह सोमवंशी, मनोज अग्रवाल, संजय गर्ग, महेश पाल सिंह, डॉ0 प्रदीप माथुर, डॉ0 उदय राज सिंह, गुंजा जैन, आस्तिकी मिश्रा, रुद्राक्ष पाठक, शरद चंदेल, रवीश दुबे, जवाहर सिंह गंगवार, अवनींद्र सक्सेना, वैभव राठौर, वैभव सोमवंशी, बीके सिंह, उमा मिश्रा, दीपिका त्रिपाठी उपस्थित रहे। संचालन भूपेन्द्र प्रताप सिंह ने किया।

# श्रीमद् भागवत में अमर कथा सुन श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

- डा. राजीव पाठक व विनीता पाठक ने कथाव्यास का किया माल्यार्पण

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीमद्भागवत कथा एवं मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा का आयोजन पिपरगांव ग्राम बडेली बाग में सम्पन्न हुआ। नैमिषारण्य से आये कथाव्यास बजरंगी जी महाराज ने अपने मुखार बिन्दु से रविवार को कथा सुनाई। समाजसेवी सूरज ग्रुप के चेयरमैन सपत्नी पहुंचे डा0 राजीव कुमार पाठक ने दुर्वाषा ऋषि आश्रम से पधारे बजरंगी जी महाराज का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कथाव्यास ने कथा सुनाते हुए कहा कि व्यासजी ने अपने पुत्र शुकदेवजी को यह अमर कथा सुनाई थी, जिसे सुनकर वे जन्म-मरण के बंधन से मुक्त हो गए। शुकदेवजी ने ही बाद में राजा परीक्षित को यह कथा सुनाई थी। यह वह अमर ज्ञान है जो भगवान शिव ने माता पार्वती को अमरनाथ की गुफा में सुनाया था। कथा सुनते समय माता पार्वती को नींद आ गई थी। शिवजी की अनुपस्थिति में, एक तोते का बच्चा (जो बाद में व्यासजी का पुत्र शुकदेव बना) उस गुफा में हुंकारा भर रहा था। पूरी कथा सुनने के बाद वह अमर हो गया।

जब शिवजी को पता चला कि तोते ने गुप्त ज्ञान सुन लिया है, तो वे उसे मारने दौड़े। तोते ने व्यासजी की पत्नी (वाटिका/आरुणी) के मुख में प्रवेश कर लिया और बाद में व्यासजी के महान अयोनिज पुत्र शुकदेव के रूप में प्रकट हुए। जो कोई भी इस कथा को पूरी श्रद्धा और ध्यान से सुनता है, उसके सारे पाप नष्ट हो जाते हैं और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती है। डा0 राजीव पाठक व विनीता पाठक ने कथा का श्रवण करते हुए प्रसाद ग्रहण किया। कथा परीक्षित पुनीत दीक्षित, ज्योति दीक्षित ने सभी भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया। कथा के आयोजक शैलेश दीक्षित ने व्यवस्था देखी। इस मौके पर बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।


कथा व्यास का स्वागत करते डा. राजीव पाठक

# बाल संस्कार शिविर का हुआ समापन

- बच्चों ने प्रस्तुत किए वैदिक मंत्र व प्रेरणादायी गीत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बच्चों में उत्तम चरित्र, नैतिक मूल्यों एवं वैदिक संस्कारों के विकास के उद्देश्य से आर्य समाज कमालगंज के तत्वावधान में आयोजित सप्त दिवसीय बाल संस्कार शिविर का समापन संपन्न हुआ। शुभारम्भ अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर सामूहिक योगाभ्यास हुआ। योग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को सम्मानित किया गया। बच्चों ने मंच से वैदिक मंत्रोच्चार, भजन एवं प्रेरणादायी गीत प्रस्तुत किये। संचालक आचार्य संदीप आर्य ने कहा कि आज के समय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्कारों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने अभिभावकों से बच्चों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं पर गंभीरता से विचार करने तथा उनके समाधान हेतु आर्य समाज की गतिविधियों से जुड़ने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि आचार्य चंद्रदेव शास्त्री ने कहा कि संस्कार मनुष्य के मन, आत्मा और शरीर को पवित्र बनाते हैं। संस्कारों से युक्त व्यक्ति ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष जैसे पुरुषार्थों को प्राप्त करने का अधिकारी बनता है। उर्मिला आर्या ने बच्चों को महर्षि दयानंद सरस्वती के जीवन आदर्शों से प्रेरणा ग्रहण करने का संदेश दिया। वहीं आचार्य रामप्रकाश आर्य एवं साहिल कुमार ने वर्तमान समय में बालकों की मनोदशा, बढ़ती चुनौतियों तथा संस्कारों की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर संतोष आर्य, बालिस्टर सिंह आर्य, हरिसिंह आर्य, विजेंद्र सिंह, नीतीश राठौर, उदयराज आर्य, राहुल वर्मा, मान देव, सुगाता राठौर, आकांक्षा, सलोनी, उन्नति आर्या, स्तुति दुबे, सुरभि दीक्षित आदि मौजूद रहे।


प्रशस्ति पत्र के साथ मौजूद बच्चे

# एनसीसी के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्सों ने दिखाया दमखम

- योग दिवस पर कराया गया योगाभ्यास

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** 12 यूपी बटालियन एनसीसी फतेहगढ़ के निर्देशन में कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड़ द्वारा 12वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया तथा विभिन्न विद्यालयों के एनसीसी कैडेट्स के मध्य ड्रिल कंपटीशन कराया गया। कैंप कमांडेंट के निर्देशन में फतेहगढ़ स्थित किला घाट पर लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स द्वारा 12वां मनाया गया। जिसमें कर्नल अमनदीप सिंह खारोड़ के साथ डिप्टी कैंप कमांडेंट संदीप माधव, कैंप एडजुटेंट कैप्टन गिरिजा शंकर, सीनियर कैंप जेसीओ सूबेदार मेजर नवीन कुमार, सभी एनसीसी अधिकारियों, पी स्टाफ, लगभग 500 एनसीसी कैडेट्स ने योग किया। योगाचार्य अमित सक्सेना ने योग के विभिन्न आसन करवाए। जिसमें प्राणायाम, अनुलोम विलोम, कपाल भारती, सूर्य नमस्कार आदि शामिल रहे। ड्रिल कंपटीशन में एमआईसी फतेहगढ़, जीआईसी फतेहगढ़, डीएनपीजी कॉलेज, आरपी डिग्री कॉलेज, आरपी इंटर कॉलेज, एसएनएम इंटर कॉलेज कायमगंज, हीरालाल कॉलेज छिबरामऊ, जेडीजेआईसी छिबरामऊ, एसपीएसआईसी राजेन्द्र नगर आदि स्कूलों की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। कैंप कमांडेंट कर्नल अमनदीप सिंह खारोड़ ने विजेता टीम को बधाई दी। ड्रिल इंस्ट्रक्टर कृष्ण कुमार, चीफ अफसर सतीश चंद्र यादव तथा ट्रेनिंग जेसीओ गिरिराज किशोर द्वारा किया गया। कैंप कमांडेंट द्वारा योगाचार्य अमित सक्सेना तथा ड्रिल इंस्ट्रक्टर कृष्ण कुमार को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कैप्टन गिरिजा शंकर ने एमआईसी की विजेता टीम को बधाई दी।


कार्यक्रम में मौजूद एनसीसी कैडेट्स

## खबरें एक नजर में

### प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में मनाया गया योग दिवस

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड कायमगंज के प्राथमिक विद्यालय



मदारपुर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने बताया कि योग केवल व्यायाम नहीं है स्वस्थ एवं दीर्घजीवी रहने की संपूर्ण जीवन पद्धति है। इसके सहारे हम अपने शरीर को ऊर्जावान, मन को शांति और जीवन के सभी पहलुओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा मिलती है। प्रधानाध्यापक राजकिशोर शुक्ल ने कहा कि योगगुरु स्वामी रामदेव ने विश्व के लोगों को स्वस्थ, खुशहाल एवं दीर्घजीवी रहने का मंत्र दिया है। करो योग रहो निरोग के सिद्धांत पर चलकर परिवार परिवार की समृद्धि में सहयोगी बनें। योगाचार्य आकाश पाल ने योग कराते हुए फायदे बताए। इस अवसर पर योगेन्द्र कुमार, सौम्या, मनु, सत्यवती, कमलेश राजपूत, मोहिनी, खेतल सिंह, पेशकार, जयवीर, प्रदीप, आशा, उमा आदि उपस्थित रहे।

### सब जूनियर बालिका मुक्केबाजी में दीपा शुक्ला ने जीता रजत पदक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राज्य स्तरीय सब जूनियर बालिका मुक्केबाजी प्रतियोगिता का आयोजन 15 जून से 18 जून तक डॉ बी0आर0 अंबेडकर स्टेडियम सहारनपुर में किया गया। जिसमें जनपद की दीपा शुक्ला ने रजत पदक प्राप्त कर जनपद का गौरव बढ़ाया। दीपा पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय फतेहगढ़ में कक्षा 7 की छात्रा हैं एवं स्वर्गीय ब्रह्मदत्त द्विवेदी स्टेडियम फतेहगढ़ में बॉक्सिंग प्रशिक्षक पूनम शर्मा के पास बॉक्सिंग के कौशल सीख रही हैं। दीपा की इस उपलब्धि पर जिला जिलाधिकारी संजीव कुमार सिंह, जिला मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष मोहन अग्रवाल, सचिव संजीव कटियार, प्रशिक्षक पूनम शर्मा, अंकित कटियार, सचिन सिंह, कुलदीप शर्मा, निशा परिहार, करण कुशवाहा आदि ने दीपा को बधाई दी।



### ब्रह्माकुमारी केंद्र अंगूरी बाग पर स्वस्थ्य रहने के योग दिवस पर दिये गये टिप्स

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय जटवारा



जदीद विपिन गार्डन बांसमंडी पुलिया अंगूरीबाग में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। बीके शोभा बहन ने कहा कि जितना हम शारीरिक एवं मानसिक योग करते हैं उतना ही हमारा मन तन सशक्त शीतल एवं खुशहाल प्रसन्न रहता है और हमारे शरीर की आयु भी बढ़ती है। देव कुमार शर्मा ने कहा कि जिस प्रकृति से हमें सुंदर मानव तन मिला है, जिस प्रकृति ने हमें पोषण दिया है, जिस प्रकृति ने हमें जीवन जीने के लिए इन पांच तत्वों को सुंदर हवा रूप में हमें प्रदान की। सुआलाल मिश्रा ने और शोभा दीदी, रवि शर्मा ने विधिपूर्वक आत्मा और परमात्मा की अनुभूति कराते हुए शरीर से डिटेच कर दिया। इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# कार्यशाला समापन समारोह में नन्हे मुन्ने बच्चों ने सभी का मन मोहा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती द्वारा एक माह से चलाई जा रही ग्रीष्मावकाश कला संस्कृति कार्यशाला का समापन समारोह एवं समाज सेवी रजनी सरीन को श्रद्धांजलि सभा नगर की भारतीय पाठशाला इंटर कॉलेज में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि प्रियंका चौहान, गौरी मिश्रा, पंकज सैनी, अनिल प्रताप, अनुराग अग्रवाल ने भारत माता एवं नटराज को माल्यार्पण कर किया। डा0 रजनी सरीन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। संस्कार भारती गीत सचिन गौरव मिश्रा बंटी ने किया। सरस्वती वंदना एवं कथा के की प्रस्तुति नेहा श्रीवास्तव ने की। अतिथि परिचय शिल्पी रस्तोगी ने दिया। अतिथियों का स्वागत अनुराग अग्रवाल ने किया। परिचय गौरव मिश्रा बंटी द्वारा दिया गया। संस्कारशाला सहयोगी नवल किशोर त्रिवेदी, राजेश शर्मा, अनिल त्रिपाठी, डॉ0 प्रदीप नारायण मिश्रा का सम्मान किया गया। गौरी मिश्रा ने कहा संस्कार भारती द्वारा चलाई गई कार्यशाला एक नीव का पत्थर साबित होगी। ढोलक विद्या में बच्चों ने अपनी किरण त्रिवेदी और गुंजन त्रिवेदी ने सिखाई गई ढोलक का प्रदर्शन किया। प्रियंका चौहान ने कहा कि संस्कृति हमारी पहचान कला हमारी शक्ति संस्कार हमारी आत्मा है इसी के विजन को लेते हुए कार्चशाला में बच्चों ने बड़ी मेहनत और कर्तव्य निष्ठा से सभी विधाओं को सीखा है। न्यायाधीश पारस यादव ने कहा जीवन में सिर्फ सफल बनाया बनाए जाने के लिए अपनी ईमानदारी सच्चाई समाज की गतिविधियों को बढ़ाना प्रयास किया जाना चाहिए और अभिभावकों को भी नैतिक जिम्मेदारियां का बच्चों को समय-समय पर मार्गदर्शन कराना चाहिए। अध्यक्ष अनिल प्रताप ने धन्यवाद ज्ञापित किया। संचालन समरेंद्र शुक्ला और फाल्गुनी भेरबानी ने किया। कार्यक्रम का समापन वंदे मातरम गीत के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रांतीय महामंत्री सुरेन्द्र पाण्डे, रविंद्र भदोरिया, अनुराग अग्रवाल, ऋषि दत्त शर्मा गुड्डू पंडित, सुबोध शुक्ला, अमन अवस्थी, अनुभव सारस्वत, कुलभूषण श्रीवास्तव, दीपक सक्सेना, मीना रस्तोगी, बीना जलान, आदेश अवस्थी, डॉ0 रविंद्र यादव, डॉ0 राकेश गंगवार, राजेंद्र दीक्षित, अशोक शुक्ला, नवीन मिश्रा नब्बू आदि लोग उपस्थित है।


फिल्म अभिनेत्री के साथ कार्यशाला की शिक्षिकायें

# सीपी इंटरनेशनल स्कूल में किया गया योगाभ्यास



**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर सीपी इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उत्साह एवं अनुशासन के साथ योगाभ्यास किया। शुभारंभ योग शिक्षक रामकृपाल मिश्र ने ओम् के उच्चारण से कराया। उन्होंने भुजंगासन, धनुरासन, पवनमुक्तासन, मंडूकासन आदि योगासनों का अभ्यास कराया। मैनेजिंग डायरेक्टर ज्योत्सना अग्रवाल ने कहा कि नियमित योगाभ्यास से अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच का विकास होता है। उपनिदेशक अंजू राजे ने कहा कि योग स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने की वैज्ञानिक पद्धति है, जिसे प्रत्येक व्यक्ति को अपनाना चाहिए। प्रधानाचार्य ने कहा कि योग तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन का आधार है। इस अवसर पर शिवानी दीक्षित, अतुल श्रीवास्तव, देवानंद राजपूत, श्रवण कुमार मिश्रा, प्रवीण मिश्रा, पूरन श्रीवास्त, विवेक राजपूत, दयानंद शर्मा, सुमित कुमार, पंकज श्रीवास्तव, सुरजीत कुमार, नेहा खानम, शिप्रा अवस्थी, काजल अग्रवाल, अर्पित मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# कलार्पण संस्था द्वारा संगीत गोष्ठी का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कला एवं साहित्य साधकों को समर्पित संस्था कलार्पण द्वारा विश्व संगीत दिवस पर संगीत गोष्ठी का आयोजन किया गया। जहां सुर सरगम की महफिल सजाई गई। जिसमें कलाकारों द्वारा शास्त्रीय रागों के साथ नए पुराने गीत प्रस्तुत किए गए। रविवार को शहर के जोगराज स्ट्रीट संगीतकार नीरज शुक्ला के आवास पर आयोजित संगीत गोष्ठी में कलाकारों ने शानदार प्रस्तुति देकर मन को मुग्ध कर दिया। शुभारंभ सरस्वती के समक्ष पुष्प अर्पण कर किया गया। संगीत विधा संयोजक ईशांत मिश्रा ने संस्था के ध्येय गीत का गान किया। वरिष्ठ संगीतकार नीरज शुक्ला ने तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार आदि भजनों पर शानदार प्रस्तुति दी। इशांत मिश्रा ने प्यार दीवाना होता है मस्ताना भी होता है गीत प्रस्तुत किया। गिटार वादक सूरज शाक्य ने खुद के द्वारा कंपोज की गई धुन पर गिटार के साथ प्रस्तुति दी। आयुष शुक्ला ने ढोलक और क्लब बॉक्स वादन किया। तबला वादक निशि यादव ने शानदार प्रस्तुति दी। नीरज शुक्ला और सूरज शाक्य ने संगत की। रुद्राक्ष शुक्ला ने ओरी सखी मंगल गाओ रे गीत की प्रस्तुति दी। वैभव सोमवंशी ने कैशियो बजाकर प्रस्तुति दी। निर्दोष शुक्ला द्वारा राम चरित मानस की चौपाई की संगीतमय प्रस्तुति दी। नीरज शुक्ला को संगीत शिरोमणि सम्मान देकर सम्मानित किया। संचालन संयोजक वैभव सोमवंशी ने किया।

व्यवस्था मनोज कश्यप, राम मोहन शुक्ल, राजगौरव पाण्डेय, दिलीप कश्यप आदि ने संभाली।


संगीत प्रस्तुत करते कलाकार

# अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर माय भारत द्वारा योगाभ्यास कार्यक्रम संपन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशानुसार तथा वित्त एवं लेखा सहायक सोनम सचान के मार्गदर्शन में, युवा क्लब विवेकानंद के संयोजन में माय भारत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानंद कॉलेज ऑफ नर्सिंग, सरैया, पोस्ट आवाजपुर में योगाभ्यास कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष अनुराग दुबे अन्नू, विशिष्ट अतिथि श्वेता दुबे, तथा पंकज पाल, डायरेक्टर सचिन दुबे की उपस्थिति में हुआ। योगाचार्य सुदेश दुबे ने सभी प्रतिभागियों को योगासन व प्राणायाम का अभ्यास कराया। माय भारत केंद्र के वरिष्ठ अधिकारी प्रेम शंकर श्रीवास्तव उपस्थित रहे। राहुल वर्मा ने आए हुए सभी अतिथियों को प्रतीक चिन्ह सम्मानित किया। छात्र-छात्राओं एवं स्थानीय युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। जगदीश प्रसाद वर्मा, रचना, अनुराधा आदि मौजूद रहे।


योग दिवस पर सम्मानित होते लोग

